ॐ सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरणये त्र्यम्बके गौरी नारायणि नमोऽस्तु ते ॥

दुर्गा नवमी आज

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ



सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2500~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. $T&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), सॉई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटिड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यश्लिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवटकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, **(देवास नाका)** 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **रतलाम:** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमच:** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौर:** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावरा:** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोसिएट डीलर: आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिताली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **इबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **वैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **वामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** काठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, **नीलवड़:** **महाकाल मोटर्स,** 9586778889, **तीन इमली:** **न्यू गीतांजलि मोटर्स,** 6267121700, **नेहरू नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावद:** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **बोरी बुजुर्ग:** **जिलानी मोटर्स,** 9399900143, **कढ़ी:** **श्री राम मोटर्स,** 9584997081, **पिपलिया बुजुर्ग:** **न्यू सिन्हा मोटर्स,** 9981562315, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26

चार दशक से पीरगेट के भवानी मंदिर में गूंज रहे जयकारे, इसी घटना से पड़ा 'कर्फ्यू वाली माता' नाम

कर्फ्यू के बीच भी नहीं रुके भोपालवासियों के कदम, आस्था के आगे झुका पुलिस प्रशासन, बदलना ही पड़ा अपना फैसला



पीरगेट-सोमवार क्षेत्र में स्थित क्फर्यू वाली माता मंदिर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के पुराने शहर में पीरगेट-सोमवारा क्षेत्र स्थित मां भवानी का दरबार आस्था और विश्वास का अनूठा केंद्र है। शारदीय नवरात्र में यहां सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां के दर्शन के लिए भोपाल ही नहीं, बल्कि प्रदेश के दूसरे शहरों और दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों से भी भक्त पहुंचते हैं। करीब चार दशक पहले बना यह मंदिर आज 'कर्फ्यू वाली माता' के नाम से देशभर में पहचान बना चुका है। मंदिर के नाम के पीछे भी एक दिलचस्प ऐतिहासिक घटना जुड़ी है, जब साम्प्रदायिक तनाव के दौरान मूर्ति हटाए जाने से लोगों में नाराजगी फैल गई थी। आखिरकार मां की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित करना पड़ा। तभी से यह दरबार कर्फ्यू वाली माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

1982 में तनाव के बीच हटाई थी प्रतिमा, विरोध के बाद हुई स्थापना

मंदिर के पुजारी सुरेश चौबे के अनुसार, वर्ष 1982 में जब मंदिर का निर्माण हो रहा था, उस समय पुराने भोपाल में साम्प्रदायिक तनाव के



हालात बन गए थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया। इसी दौरान प्रशासन ने मां की प्रतिमा हटवाकर शीतलदास की बगिया में रखवा दी थी। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई और तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा था। करीब एक महीने तक कर्फ्यू के हालात बने रहे। आखिरकार प्रशासन को मां की प्रतिमा मंदिर में स्थापित करनी पड़ी। इसके बाद से ही मंदिर को 'कर्फ्यू वाली माता' के नाम से जाना जाने लगा। यह नाम आज भी लोगों की जुबान पर है।



स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर विकसित हो रहा दरबार

पीरगेट-सोमवारा क्षेत्र में स्थित इस मंदिर को अब अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसी वजह से इसे भोपाल के स्वर्ण मंदिर के रूप में भी पहचान मिलने लगी है। नवरात्र के दौरान यहां विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान होते हैं। माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दिनभर आना-जाना लगा रहता है।

50 रुपए से अधिक के दान पर मिलती है रसीद

मंदिर की एक खास व्यवस्था दान की पारदर्शिता से जुड़ी है। यहां 50 रुपए से अधिक का दान रसीद के माध्यम से स्वीकार किया जाता है, जबकि दान पेटी में चढ़ाई जाने वाली राशि गुप्तदान के रूप में रहती है। इसी राशि से मंदिर का संचालन किया जाता है और वर्षभर होने वाले प्रमुख धार्मिक आयोजन संपन्न कराए जाते हैं।

नारियल पर अर्जी लिखकर मांगते हैं मन्नत

मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का एक विशेष तरीका भी देखने को मिलता है। भक्त नारियल पर अपनी अर्जी लिखकर मां के दरबार में लगाते हैं और मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। श्रद्धालु रामबाबू मेहरा बताते हैं कि वे कई वर्षों से मां के दरबार में आ रहे हैं। जब भी जीवन में कोई परेशानी आई, उन्होंने माता रानी के सामने अपनी प्रार्थना रखी। उनका मानना है कि मां के आशीर्वाद से उन्हें परेशानियों से उबरने का संबल मिला है।



मानसिक शांति और संबल मिलता है

श्रद्धालु अशोक लखेरा के अनुसार, मां भवानी के दरबार में उन्हें मानसिक शांति और संबल मिलता है। जब भी कोई परेशानी आती है, वे माता रानी के दर्शन करने पहुंचते हैं। उनके मुताबिक, मां के प्रति आस्था उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देती है।



इस बार होगी लेजर शो और 'डिजिटल' आतिशबाजी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

दशहरे के पांच बड़े मंच तैयार, कोलार में प्रदेश का सबसे ऊंचे 105 फीट रावण को होगा दहन

जंबूरी मैदान में 101 फीट का रावण, कलियासोत में रावण-कुंभकर्ण-मेघनाद के पुतलों का होगा दहन


शाहपुरा के पास दशहरे को लेकर रावण के पुतले ऑटो में ले जाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में दशहरे पर इस बार रावण दहन के साथ भव्य झांकियों, लेजर शो और आतिशबाजी का नजारा देखने को मिलेगा। शहर के पांच बड़े दशहरा मैदानों में तैयारियां की जा रही हैं। इनमें कोलार के बंजारी मैदान में प्रदेश का सबसे ऊंचा 105 फीट का रावण आकर्षण का केंद्र रहेगा। वहीं, जंबूरी मैदान में 101 फीट के रावण के साथ केदारनाथ धाम की भव्य झांकी सजाई जाएगी। कलियासोत में रावण के साथ कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। इसके अलावा टीटी नगर और बिट्टन मार्केट में भी बड़े आयोजन किए जाएंगे। 20 अक्टूबर को दशहरे के मुख्य आयोजन अलग-अलग मैदानों में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ राम-रावण युद्ध का मंचन और आतिशबाजी की तैयारी है।



25 बड़े आयोजन, कई जगह कार्यक्रम

पांच प्रमुख मैदानों के अलावा छोला, मेल, शाहपुरा, सलैया और विभिन्न कॉलोनियों में भी रावण दहन होगा। शहर में करीब 25 बड़े आयोजन और सौ से अधिक स्थानों पर छोटे कार्यक्रम होने की संभावना है। इस बार धार्मिक परंपराओं के साथ आधुनिक तकनीक का मेल भी देखने को मिलेगा।

प्रदेश का सबसे ऊंचा रावण कोलार में

कोलार हिंदू उत्सव समिति के सचिव एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने बताया कि यह आयोजन अपने 24वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस वर्ष लगातार 15वीं बार मप्र के सबसे ऊंचे 105 फीट के रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, प्रदेश शासन के मंत्री, सांसद आलोक शर्मा, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, सहित, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। महोत्सव में भजन गायक सुनील लोधी और मुंबई के बैंड की प्रस्तुतियां होंगी। भारतीय संस्कृति एवं नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जयपुर और शिवाकाशी की आतिशबाजी विशेष आकर्षण रहेगी।

इन मैदानों में दिखेगा अलग-अलग अंदाज

जंबूरी मैदान, अवधपुरी,भोजपाल महोत्सव मेला समिति की ओर से 101 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। यहां 85 फीट ऊंची केदारनाथ धाम की झांकी भी सजाई जा रही है। इसे तैयार करने में करीब 55 से 60 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। कलियासोत मैदान, यहां 21 अक्टूबर को 90 फीट ऊंचे रावण, 85 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और 80 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का दहन प्रस्तावित है। राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ लेजर शो भी होगा। दर्शकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की तैयारी है। टीटी नगर मैदान, यहां 55 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा। भोपाल और राघोगढ़ की आतिशबाजी टीमें मुकाबले के रूप में अपनी प्रस्तुति देंगी।

भोपाल में दशहरे पर रावण दहन की तैयारियां हुई पूरी...

इसके साथ ही रावण के पुतले बनाने वाले कारीगर भी इन्हें तैयारी का अंतिम रुप दे दिया हैं। भोपाल में 3 फीट से लेकर 50 फीट तक के रावण बनाए गए है बड़े दशहरा आयोजनों, जैसे दशहरा मैदान में होने वाले रावण दहन के लिए तैयार किए जाने वाले पुतलों की कीमत 2 से 3 लाख रुपये तक पहुंच रही है। रावण बनाने वाले कारीगर बीएल वल्चा के मुताबिक, पुतले तैयार करने का काम करीब एक महीने पहले से शुरू हो जाता है। इसकी प्रक्रिया में बांस को फाड़कर खपच्चियां तैयार करना, ढांचा बनाना, गोले और रिंग तैयार करना और फिर रंगीन कागज से सजावट करना शामिल है। रावण के हर हिस्से को तैयार करने में काफी मेहनत और समय लगता है।

एम्स भोपाल ने किया जागरूक

सिर्फ महिलाओं को नहीं, पुरुषों को भी होता है छाती का कैंसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल ने स्तन कैंसर जागरुकता माह के तहत पुरुषों को भी बीमारी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। छाती में गांठ, निप्पल का अंदर मुड़ना, त्वचा में बदलाव या असामान्य स्राव इसके संभावित संकेत हो सकते हैं। ये लक्षण हमेशा कैंसर नहीं होते, लेकिन इनमें बदलाव दिखने पर चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। स्तन कैंसर का नाम सुनते ही आमतौर पर महिलाओं की बीमारी का ख्याल आता है, लेकिन पुरुष भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। पुरुषों में स्तन कैंसर के मामले अपेक्षाकृत कम होते हैं, लेकिन यही वजह है कि कई बार इसके शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। छाती या निप्पल के आसपास गांठ, निप्पल का अंदर की ओर मुड़ना, त्वचा में बदलाव या निप्पल से असामान्य स्राव जैसे संकेत दिखें तो सावधान हो जाएं। इन्हें मामूली परेशानी मानकर टालने के बजाय चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है।



परिवार में कैंसर का इतिहास तो रहें सतर्क

एम्स के जागरुकता अभियान में बताया गया कि परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास और कुछ आनुवंशिक बदलाव किसी व्यक्ति में बीमारी का जोखिम प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना उपयोगी हो सकता है। पुरुषों में स्तन कैंसर के बारे में जानकारी कम होने के कारण लक्षणों को पहचानने और डॉक्टर तक पहुंचने में देरी हो सकती है। जागरुकता बढ़ाकर इस झिझक को कम करना जरूरी है, ताकि लोग बिना संकोच अपनी परेशानी बता सकें और समय पर चिकित्सा सहायता ले सकें।

जांच में न करें देरी

स्तन कैंसर को लेकर सामाजिक झिझक पुरुषों के लिए भी परेशानी बन सकती है। छाती में नई गांठ, निप्पल में बदलाव या असामान्य स्राव दिखने पर लापरवाही न करें। लक्षणों की जांच कराना जरूरी है, क्योंकि शुरुआती संकेतों को पहचानना आगे के उपचार की दिशा तय करने में मददगार हो सकता है।

अब लिस्टिंग के बाद तय होंगे केंद्र

शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 34 हजार आवेदन ही पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षक संगठनों के विरोध के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली है। विभाग अब आवेदकों के सत्यापन के बाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से लिस्टिंग करेगा, जिसके बाद परीक्षा केंद्रों का चयन होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सितंबर में शुरू हुई प्रक्रिया में अंतिम तिथि 11 अक्टूबर तक 34,200 आवेदन आए हैं। इनमें 20 हजार सरकारी और 14 हजार निजी स्कूलों के शिक्षक हैं। दो बार तिथि बढ़ाने के बावजूद संख्या में विशेष बढ़ोत्तरी नहीं हुई। दशहरे बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव बुद्धेश वैद्य और लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह की बैठक में परीक्षा की तारीख और व्यवस्थाओं पर फैसला होगा।

राष्ट्रीय वंदे मातरम् युवा कैंप का समापन, उच्च शिक्षा मंत्री परमार और सांसद शर्मा रहे मौजूद

साइकिल रैली, नशामुक्ति अभियान से युवाओं ने दिया स्वस्थ भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय वंदे मातरम् युवा कैंप का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद आलोक शर्मा और दर्शन सिंह चौधरी शामिल हुए। देशभर से आए युवाओं ने साइकिल रैली, स्वच्छता अभियान, योग और जुंबा के जरिए स्वस्थ भारत का संदेश दिया। अंतिम दिन एसएआई टीम के साथ फिटनेस



वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

गतिविधि और नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम हुआ। शिविर में नेतृत्व, नैतिक मूल्यों और मीडिया साक्षरता पर सत्र हुए। एडिशनल कलेक्टर राजेश गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव और शायना कुरैशी ने युवाओं को आत्मानुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्र निर्माण का मंत्र

शिविर में युवाओं को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और भ्रामक खबरों की पहचान जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरलता, संवेदनशीलता और ईमानदारी ही युवा नेतृत्व की पहचान है। स्वच्छता और फिटनेस को जीवनशैली में शामिल करने, नशे से दूर रहने और एकता में विविधता को बनाए रखने का आह्वान किया गया। समापन पर अतिथियों ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

जेपीएस अरोड़ा फिर बने गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर की 32वीं वार्षिक आम बैठक गुरुद्वारा टीटी नगर के परिसर में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष जेपीएस अरोड़ा ने सभी सदस्यों का स्वागत कर वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, साथ ही आगामी वर्ष की योजनाओं को भी साझा किया। वित्त सचिव पीएस भाटिया ने वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्ष 2026-27 के लिए बजट पेश किया। चूंकि केंद्र की कार्यकारिणी समिति का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने वाला था, इसलिए चुनाव



किया जाना था। एमपीसीजी गुरु सिंह सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सरदार बरजिंदर सिंह से आगामी तीन वर्ष 2026-29 के कार्यकाल के लिए चुनाव कराने का अनुरोध किया गया। जेपीएस अरोड़ा को सर्वसम्मति से एक बार फिर तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए कार्यकारिणी समिति का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। वार्षिक आम बैठक का संचालन सचिव उपकार प्रीत सिंह ने किया।

---

24 से 4 नवंबर तक एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजन

स्वदेशी मेला भोपाल-2026 के लिए भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच, डी-7, 74 बंगला, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला-2026 का भूमिपूजन रविवार को शाम 4 बजे एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में संपन्न हुआ। मेला 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना, स्थानीय उद्यमियों एवं कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भरता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में मध्य भारत प्रांत के सरसंघचालक अशोक पांडे, सोमकांत उमालकर, योगेश गौतम, क्षेत्रीय संगठन मंत्री केशव दुबौलिया, भोपाल की महापौर मालती राय, स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, मध्य भारत प्रांत के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुदोलिया, मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, दीपक वर्मा तथा सीमा भारद्वाज, विजय सोनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। विभाग की ओर से शोभराज तथा मेला संचालन समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता की। आयोजन में स्वदेशी जागरण मंच के लगभग 150 कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति की भागीदारी रही।




स्वदेशी जागरण मंच द्वारा एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में 24 अक्टूबर से आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला-2026 का भूमिपूजन रविवार को संपन्न हुआ।

स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को अवसर

मेले में स्थानीय उत्पादकों, कारीगरों, लघु उद्यमियों, महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय हुनर और पारंपरिक व्यवसायों को प्रोत्साहन देने के साथ उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

अपनों का उत्पाद, अपनों का बाजार का संदेश

अपनों का उत्पाद, अपनों का बाजार के संदेश के साथ आयोजित यह मेला नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित करेगा। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने, रोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर रहेगा। स्वदेशी जागरण मंच ने नागरिकों से 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाले मेले में सहभागिता करने तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को प्रोत्साहित करने की अपील की है।

आज पूर्णाहूति, कन्या भोज तथा भंडारे के साथ होगा समापन

अष्टमी पर हवन और भंडारे, कन्याओं के पैर पखारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि पर्व पर रविवार को अष्टमी पर जगह-जगह हवन, पूजन और भंडारे हुए। शहर के दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही भीड़ उमड़ गई थी। भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर माता रानी का अभिषेक और पूजन किया। अष्टमी पर जगह-जगह हवन पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार, हवन-पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ। शहर में विराजित झांकियों में अष्टमी की रात महाआरती में शंख, घंटा और जय माता दी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।


अष्टमी पर कन्या भोज का हुआ आयोजन।

आज होगी मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा

ज्योतिचार्य पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि सोमवार को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा की जाएगी। मां दुर्गा के इस रूप को शतावरी और नारायणी भी कहा जाता है।

'पूजा विद परपज' ने हर बेटी को माना भगवती का स्वरूप



भोपाल। ई-7 अरेरा कॉलोनी में हैशेल फाउंडेशन द्वारा दुर्गा पूजा बंगाली परंपरा अनुसार मनाई गई। महाष्टमी पर कन्या को देवी स्वरूप में पूजने की परंपरा है, जहां आमतौर पर उच्च जाति, गौरवर्ण और सुंदरता के आधार पर कन्या का चयन होता है। इस रूढ़ि को तोड़ते हुए फाउंडेशन ने परवरिश एनजीओ के स्कूल की वंचित वर्ग की एक सुकन्या को देवी स्वरूप में पूजा। कन्या को माता जैसा श्रृंगार पहनाकर विशेष भोग और आरती की गई। निर्देशक सब्यसाची रॉय और दीपांजन मुखर्जी ने कहा कि हर बेटी देवी मां जैसी पूजनीय है। इसका उद्देश्य पुराने ख्यालात को खत्म कर समाज में कन्या के महत्व का प्रचार और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष : 13, अंक : 199 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 32 न्यून. 22 haribhoomi.com

ॐ सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणि नमोऽस्तु ते ॥



दुर्गा नवमी आज

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

13 छत्तीसगढ़ के खिलाफ खामोश रहा गिल...



विचार
06 भारत-यूएस आर्थिक संबंधों का...

रात करीब 2 बजे बेकाबू ट्रक ने 45 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 की मौत

सीएम डॉ. यादव ने ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास हुए हादसे पर लिया सख्त एक्शन

सीएसपी को तत्काल हटाया.... तीन टीआई सहित 8 पुलिसकर्मी निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/ग्वालियर

- सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2-2 लाख और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा

ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे हुए भीषण सड़क हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हादसे में बेकाबू ट्रक ने 45 लोगों को कुचल दिया था, इनमें 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

चालक और ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना की विस्तृत जांच कर जिम्मेदारी तय करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने संबंधित सीएसपी को तत्काल हटाने तथा तीन थाना प्रभारियों, एक यातायात निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षकों ▶▶शेष पेज 4 पर

हादसे की विस्तृत जांच के निर्देश

- ▶▶ चेकपोस्ट तोड़कर मंदिर के गेट और दीवार से टकराया ट्रक
- ▶▶ ड्राइवर गूगल मैप से ट्रैक कर रहा था रास्ता



हादसे के बाद ट्रक के चारों ओर भीड़ जुटी

पीएम ने भी दुख जताया



भीषण सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी

तोमर ने जताई संवेदना



ग्वालियर हादसे पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। तोमर ने कहा है कि यह दुर्घटना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। इन परिवारों पर आई आपदा का कष्ट अकथनीय है। शोक की इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने हादसे ▶▶शेष पेज 4 पर

केंद्रीय मंत्री सिंधिया अस्पताल पहुंचे, पूछा-प्रवेश कैसे मिला



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी अस्पताल पहुंचकर मृतकों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सवाल उठाया कि रात के समय ट्रक को मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर प्रवेश कैसे मिला और वह ग्वालियर तक कैसे पहुंचा?

कोलकाता पंडाल हादसा: आयोजक समेत 7 गिरफ्तार

मृतकों के परिजन को 25 लाख और सरकारी नौकरी

- ▶▶ शाह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हाल
- ▶▶ सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए समिति गठित



कोलकाता। चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 श्रद्धालुओं की मौत और 25 लोगों के घायल होने के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अपोलो ▶▶शेष पेज 4 पर

फ्रांस में करीब 8 लाख लोग सड़कों पर



महंगाई और जीवनयापन के बढ़ते खर्च के खिलाफ गुस्सा

143 साल पुराना टाउन हॉल फूंक डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस में जीवनयापन के बढ़ते खर्च के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बीच लिमोगेस शहर में हिंसा भड़क उठी। 143 साल पुराने ऐतिहासिक टाउन हॉल को आग के हवाले कर दिया। फ्रांस में पेरिस समेत कई शहरों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। देशभर में करीब आठ लाख लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। लिमोगेस के टाउन हॉल का निर्माण 1873 में हुआ था और इसका ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 07 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

नवमी-मां सिद्धिदात्री



सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

टेस्ला रोडस्टर की बुकिंग शुरू जमा करने होंगे 2.50 करोड़

नई दिल्ली। टेस्ला ने भारत में अपनी इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार रोडस्टर के थ्रस्ट वेरिएंट की बुकिंग शुरू कर दी है। इसके लिए ग्राहकों को 2,50,25,000 रुपए जमा करने होंगे। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह बुकिंग राशि है, कार की अंतिम कीमत नहीं। फिलहाल भारत में इसकी एक्स-शोरूम कीमत और डिलीवरी की तारीख घोषित नहीं की गई है।



भोपाल में जयस कार्यकर्ताओं का हंगामा

महिला ने पुलिसकर्मी को जड़ दिया 'थप्पड़'

निलंबित टीआई रतन सिंह परिहार के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदर्शन के दौरान उग्र होती बेकाबू भीड़

राजधानी में जयस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच विवाद हो गया। मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकने की कोशिश की, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान एक महिला कार्यकर्ता पर प्रधान आरक्षक को थप्पड़ मारने का आरोप है। घटना रविवार दोपहर 2:30 बजे की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जयस कार्यकर्ता निलंबित टीआई रतन सिंह परिहार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और तनाव की स्थिति बन गई। इस दौरान एक महिला कार्यकर्ता ने भीड़ से निकलकर अचानक प्रधान आरक्षक को थप्पड़ मार दी। इस दौरान अन्य जवानों के साथ झूमाझटकी भी हुई। घटना के वीडियो सामने आने के बाद प्रकरण वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

उपचार के दौरान तोड़ा दम

कान्हा पार्क में एक और बाघ शावक की मौत



महिला को घायल करने के बाद आबादी से किया गया था रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। उपचार के दौरान एक और मादा बाघ शावक की मौत हो गई। इसके साथ ही वर्ष 2026 में मृत बाघों की संख्या एक दर्जन से अधिक हो गई है। वन विभाग के अनुसार कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की परिक्षेत्र स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र में भर्ती मादा बाघ शावक ने 18 अक्टूबर को दम तोड़ दिया। उसे 8 अक्टूबर को वन विकास निगम के मोहगांव प्रोजेक्ट क्षेत्र के अरौली गांव में ▶▶शेष पेज 4 पर

चार आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना

अब राम प्रकाश अहिरवार होंगे भोपाल नगर निगम के आयुक्त

संस्कृति जैन को वित्त विभाग भेजा, अग्रिम को जबलपुर नगर निगम की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राम प्रकाश अहिरवार



संस्कृति जैन

मध्यप्रदेश सरकार ने रविवार रात चार आईएएस अधिकारियों के तबादले किए। भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन को वित्त विभाग में उप सचिव बनाया गया है। उनकी जगह जबलपुर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार भोपाल नगर निगम की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड के अपर प्रबंध संचालक ▶▶शेष पेज 4 पर

पेंट-केमिकल फैक्ट्री में आग

दो अन्य इकाइयां भी चपेट में करोड़ों के नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ शॉर्ट सर्किट की आशंका पर जांच

कालिंदी गोल्ड सिटी के पास स्थित बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में रविवार सुबह करीब 7 बजे एक पेंट और केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पास की दो अन्य फैक्ट्रियों को भी चपेट में ले लिया। दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका है। ▶▶शेष पेज 4 पर

रिहाई में देरी का आरोप

जमानत सुनवाई करने वाले मजिस्ट्रेट को धमकी का दावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ अज्ञात पर केस चार जमानतदारों की गारंटी खारिज

दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की जमानत सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट को कथित धमकी दिए जाने के मामले में रविवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर-संज्ञेय रिपोर्ट (एनसीआर) दर्ज की। धमकी देने वालों की पहचान और संदेश के बारे में विस्तृत जानकारी ▶▶शेष पेज 4 पर

गलत खबर पर न्यूज पोर्टल ने मांगी माफी

गायिका नेहा बोलीं- माफी नहीं, मुझे तो न्याय चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ चैनल पर मानहानि का लगाया आरोप

लोक गायिका नेहा सिंह राठौर से जुड़ी गलत खबर प्रसारित करने के मामले में एक समाचार चैनल नेटवर्क ने माफी मांगी है। नेटवर्क ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्पष्टीकरण जारी कर स्वीकार किया कि उसके डिजिटल मंच पर प्रसारित खबर तथ्यात्मक रूप से गलत थी। नेहा ने आरोप लगाया था कि एक हॉस्टल में कथित सेक्स ▶▶शेष पेज 4 पर

फिर निशाने पर बॉलीवुड

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



टाइगर श्रॉफ

जुहू के पुष्पा पार्क के पास गोलीबारी की एक घटना सामने आई, जहां बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग हुई है। जब टाइगर फुटबॉल ग्राउंड से घर लौट रहे थे, उस दौरान बाइक पर आए तीन अज्ञात लोगों ने जुहू के जेवीपीडी ग्राउंड के पास गोलीबारी की। 5-7 राउंड फायरिंग होने की जानकारी है। इस घटना में टाइगर श्रॉफ के ड्राइवर और एक रिक्शा चालक के घायल होने की खबर है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मुंबई पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट हुई है।टाइगर श्रॉफ पर हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से गैंगस्टर अनिल पंडित का सोशल मीडिया ▶▶शेष पेज 4 पर



लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने किया पोस्ट

लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से गैंगस्टर अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा- जय महाकाल... जय श्रीराम.... सभी भाइयों को राम राम... आज ये टाइगर श्रॉफ का काम हुआ है। इसकी जिम्मेदारी अनिल पंडित और हरमन संधू लेते हैं। हमने इसको कॉल करके समझाया था, लेकिन इसे समझ नहीं आया।

109 साल पुराने कर्ज पर ब्रिटेन का पल्ला झाड़ने वाला जवाब!

ब्रिटिश सरकार के कथित 35 हजार के कर्ज पर सीहोर के रुठिया परिवार को यूके का जवाब-रिकॉर्ड नहीं मिला

1917 में ब्रिटिश सरकार को यह राशि कर्ज के रूप में दी थी

अब मामले की दिशा दस्तावेजों की प्रामाणिकता, कर्ज की शर्तों और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जांच से तय होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार को कथित तौर पर दिए गए 35 हजार रुपए के कर्ज का मामला 109 साल बाद फिर चर्चा में है। सीहोर के समाजसेवी विनय रुठिया के परिवार का दावा है कि उनके पूर्वज सेठ जुम्मा लाल रुठिया ने 1917 में ब्रिटिश सरकार को यह राशि कर्ज के रूप में दी थी। अब इस मामले में कानूनी नोटिस के जवाब में ब्रिटेन के यूके डेट मैनेजमेंट ऑफिस ने कहा है कि जांच के दौरान ऐसा कोई रिकॉर्ड या प्रमाण नहीं ▶▶शेष पेज 4 पर



ये आया जवाब



रूठिया दंपती

राजनीतिक एजेंट के हस्ताक्षर वाले रिकॉर्ड मौजूद

रुठिया का दावा है कि परिवार के पास कथित कर्ज से संबंधित लिखित दस्तावेज और राजनीतिक एजेंट के हस्ताक्षर वाले रिकॉर्ड मौजूद हैं। परिवार चाहता है कि इन दस्तावेजों की जांच कर कर्ज की वास्तविक स्थिति और भुगतान संबंधी दावे पर स्पष्ट जानकारी दी जाए।

क्या सुलझेगा 109 साल पुराना मामला?

अहम सवाल यह है कि परिवार के पास मौजूद बताए जा रहे दस्तावेजों की जांच किस तरह होगी और क्या उनके आधार पर ब्रिटिश सरकार की कोई कानूनी देनदारी साबित की जा सकती है। अब मामले की दिशा दस्तावेजों की प्रामाणिकता, कर्ज की शर्तों और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जांच से तय होगी।

मप्र में हिंदी में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए डॉक्टरी करना हुआ आसान

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने युवाओं के लिए कई मोर्चों पर एक साथ काम किया है। उनकी हायर एजूकेशन हो या रोजगार। दोनों ही बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने शिक्षा का स्तर सुधारने और युवाओं की पढ़ाई आसान बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए है। इसका सबसे सटीक और बेहतर उदाहरण राज्य में डॉक्टरी की हिंदी माध्यम से पढ़ाई भी है। मध्यप्रदेश ने देश में पहली बार हिन्दी माध्यम में एमबीबीएस (चिकित्सा शिक्षा) की पढ़ाई शुरू कर इतिहास रचा है। 16 अक्टूबर 2022 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा एमबीबीएस प्रथम वर्ष की हिन्दी पुस्तकों का विमोचन किया गया था। इसके बाद द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की पुस्तकों का कार्य भी आगे बढ़ाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण, गरीब और सामान्य परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए मेडिकल की पढ़ाई को सहज और सुलभ बनाना है, ताकि भाषा उनके डॉक्टर बनने के सपने में बाधा न बने। हिन्दी में एमबीबीएस का पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत 'मंदार' नामक पृथक हिन्दी पाठ्यक्रम प्रकोष्ठ का गठन किया गया। विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय टास्क फोर्स ने महीनों के अथक परिश्रम से चिकित्सा की कठिन अवधारणाओं को हिन्दी में सहज और वैज्ञानिक रूप से सटीक बनाकर प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश द्वारा शुरू की गई हिन्दी में एमबीबीएस की पहल अब एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है। मध्यप्रदेश की सफलता से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों ने भी अपने यहाँ हिन्दी में मेडिकल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में कदम उठाए हैं और इसके लिए मध्यप्रदेश से मार्गदर्शन ले रहे हैं।

मंदार प्रकोष्ठ के मंथन से साकार हुआ हिन्दी में एमबीबीएस का सपना

मध्यप्रदेश में मातृभाषा में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का परिणाम है। चिकित्सा विज्ञान की जटिल शब्दावली और तकनीकी विषयों को विद्यार्थियों के लिए सहज, स्वाभाविक और वैज्ञानिक रूप से सुलभ बनाना एक बड़ी चुनौती थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत एक पृथक हिन्दी पाठ्यक्रम प्रकोष्ठ का गठन किया इस प्रक्रिया को स्थाई और संस्थागत स्वरूप देने के लिए हिन्दी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदार की स्थापना की गई।

डॉ. मोहन यादव सरकार का विजन बना राष्ट्रीय मॉडल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने मातृभाषा को ज्ञान, विज्ञान और तकनीक से जोड़ने का जो पथ प्रदर्शक कार्य किया है, वह आज पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल बन चुका है। डॉ. मोहन यादव सरकार की इस ऐतिहासिक पहल के बाद अब छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों ने भी अपने यहाँ हिन्दी में एमबीबीएस की शिक्षा प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। आज देश के विभिन्न राज्य अपनी चिकित्सा शिक्षा प्रणाली को मातृभाषा में ढालने के लिए मध्यप्रदेश से मार्गदर्शन ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यह सोच केवल एक भाषाई बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारतीय भाषाओं को चिकित्सा, अनुसंधान और नवाचार की मुख्यधारा में स्थापित करने का एक सशक्त राष्ट्रीय आंदोलन बन गई है।



मध्यप्रदेश में शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें आसानी से हो रहीं पूरी

युवाओं को कॅरियर बनाना हुआ आसान, रोजगार के भी बढ़ रहे अवसर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार को गति दी जा रही है। इसके तहत नए जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने, एमबीबीएस और स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों की संख्या बढ़ाने तथा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। वर्ष 2026-28 तक प्रदेश में छह नए शासकीय और 13 सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य है। योजना पूरी होने पर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 33 से बढ़कर 52 हो जाएगी। इसके साथ एमबीबीएस की 1900 अतिरिक्त सीटें विकसित करने की योजना है।

मप्र में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 52 करने का लक्ष्य, 1900 नई सीटें

2026-28 तक छह सरकारी और 13 पीपीपी मॉडल के कॉलेज खोलने की योजना, विशेषज्ञ उपचार सेवाओं का भी होगा विस्तार

छह नए मेडिकल कॉलेजों से बढ़ा दायरा : वर्ष 2023 तक मध्यप्रदेश में 27 मेडिकल कॉलेज संचालित थे। वर्ष 2024-25 में पांच नए शासकीय और एक निजी मेडिकल कॉलेज शुरू होने से इनकी संख्या बढ़कर 33 हो गई। वर्तमान में प्रदेश में 19 शासकीय और 14 निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। सिवनी, नीमच, मंदसौर, श्योपुर और सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज शुरू होने से इन जिलों में चिकित्सा शिक्षा के अवसर बढ़े हैं। साथ ही, संबंधित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए संस्थागत आधार तैयार हुआ है।

छतरपुर, दमोह और बुधनी में मेडिकल कॉलेजों के भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि उज्जैन मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है। राजगढ़ और मंडला सहित अन्य जिलों में भी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में काम जारी है। नए संस्थानों की स्थापना से चिकित्सा शिक्षा को प्रदेश के अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पहुंचाने और भविष्य की स्वास्थ्य जरूरतों के अनुरूप चिकित्सकीय मानव संसाधन तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।

एमबीबीएस, पीजी और सुपर स्पेशलिटी सीटें बढ़ीं : प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सीटों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 तक मध्यप्रदेश में एमबीबीएस की 4875 सीटें थीं, जो वर्ष 2024-25 में 675 सीटें बढ़ने के बाद 5550 हो गईं। इसी अवधि में पीजी चिकित्सा शिक्षा की सीटें 2092 से बढ़कर 2862 हो गईं। वहीं, सुपर स्पेशलिटी सीटों की संख्या भी 76 से बढ़कर 93 हो गई है। सीटों में इस वृद्धि का उद्देश्य सामान्य चिकित्सकों के साथ विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने का आधार तैयार करना है। आगामी कार्ययोजना के तहत 1900 अतिरिक्त एमबीबीएस सीटें विकसित की जाएंगी। इनमें 600 सीटें शासकीय मेडिकल कॉलेजों और 1300 सीटें पीपीपी मॉडल के अंतर्गत स्थापित होने वाले संस्थानों से संबंधित होंगी। इससे चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के अवसर बढ़ने के साथ भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता मजबूत करने में मदद मिलेगी।

पीपीपी मॉडल से नए जिलों में खुलेंगे कॉलेज: मेडिकल कॉलेजों के विस्तार के लिए शासकीय संस्थानों के साथ पीपीपी मॉडल पर भी जोर दिया जा रहा है। बैतूल, धार, पन्ना और कटनी में इस मॉडल पर मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। इन चारों जिलों के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इसके अलावा अशोकनगर, मुरैना, सीधी, गुना, बालाघाट, भिंड, टीकमगढ़, खरगोन और शाजापुर में भी पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। इस मॉडल के तहत संबंधित जिला चिकित्सालयों को मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध करने का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के बीच समन्वय स्थापित करना है। इससे नए क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करने के साथ जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

2026-28 तक 19 नए मेडिकल कॉलेजों का लक्ष्य : प्रदेश सरकार की आगामी कार्ययोजना में छह नए शासकीय और 13 पीपीपी मॉडल के मेडिकल कॉलेज स्थापित करना शामिल है। इनके शुरू होने पर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 52 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके साथ 1900 अतिरिक्त एमबीबीएस सीटें विकसित करने की योजना है। इस विस्तार से चिकित्सा शिक्षा के अवसरों को व्यापक बनाने और भविष्य में बढ़ने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरतों के लिए चिकित्सकीय मानव संसाधन तैयार करने का आधार मजबूत होगा।

सुपर स्पेशलिटी उपचार सेवाओं का होगा विस्तार : चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के साथ गंभीर और जटिल बीमारियों के उपचार के लिए उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। सीएम केयर-2026 के अंतर्गत प्रमुख शासकीय एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में कैंसर उपचार (ऑन्कोलॉजी), हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), हृदय शल्य चिकित्सा और अंग प्रत्यारोपण जैसी सुपर स्पेशलिटी सेवाओं का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। इन सेवाओं के विकास के साथ जरूरी शैक्षणिक अधोसंरचना भी तैयार की जाएगी। इससे उच्च स्तरीय उपचार सुविधाओं और सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शिक्षा के बीच समन्वय मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य प्रदेश में ही गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधाएं बढ़ाने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों के प्रशिक्षण के अवसरों का विस्तार करना है।

युवाओं के सुनहरे भविष्य को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजन

युवाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का बेहतर जरिया बन रहे मध्यप्रदेश सरकार के फैसले

अग्निवीरों के लिए 20% आरक्षण: युवाओं के प्रति डॉ. मोहन यादव का ऐतिहासिक आभार

मध्यप्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने और राज्य को सर्वांगीण विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है। उनकी अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित मंत्रि-परिषद की बैठक में करीब 24,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं को मंजूरी दी गई। यह बैठक मुख्य रूप से मध्यप्रदेश के युवाओं, छात्र-छात्राओं और रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। देश सेवा का जज्बा रखने वाले युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

प्रदेश की वर्दीधारी सेवाओं पुलिस आरक्षक, विशेष सशस्त्र बल, जेल प्रहरी, वन रक्षक और आबकारी आरक्षक के पदों पर अब अग्निवीरों को 20 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा। यह निर्णय न केवल अग्निवीरों के समर्पण का सम्मान करता है, बल्कि मध्य प्रदेश के युवाओं को सेना के बाद राज्य सेवा में रोजगार का सुनिश्चित अवसर भी प्रदान करता है।

युवा शक्ति ही मध्यप्रदेश की असली ताकत: मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्णयों से स्पष्ट है कि राज्य सरकार का मुख्य ध्यान युवा सशक्तीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार सृजन पर है। सुरक्षा बलों में अग्निवीरों के लिए अवसर सुनिश्चित करने से लेकर, अतिथि शिक्षकों के मानदेय की गारंटी और विद्यार्थियों को सीधी आर्थिक मदद तक डॉ. यादव की सरकार



मध्यप्रदेश के युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम कर रही है।

युवाओं और विद्यार्थियों पर विशेष फोकस: मध्यप्रदेश में अभियान के दौरान युवाओं और विद्यार्थियों को विशेष रूप से जागरूक करने पर जोर दिया गया है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर नशामुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। नशामुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं और विद्यार्थियों को अभियान से जोड़ा गया। नतीजा ये रहा है कि कई युवाओं ने नशा न करने का संकल्प लेते हुए कहा कि राज्य में जितने भी युवा हैं उन्हे नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

मप्र के युवाओं के लिए एक लाख सरकारी पदों पर होंगी होंगी भर्तियां

मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। इस साल प्रदेश के एक लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। सरकारी विभागों में ये भर्तियां की जाएंगी। खुद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इसका ऐलान किया है। उनका कहना है कि युवाओं को रोजगार देने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए राज्य में इस साल एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में आ रहे निवेशों से भी राज्य के युवाओं को रोजगार मिलना शुरु हो गया है। देश में सबसे सस्ती बिजली, उद्योगों के अनुकूल नीतियों, एक लाख एकड़ के विशाल भूमि बैंक और शांत औद्योगिक वातावरण जैसी खूबियां निवेशकों से राज्य में इकाइयां लगाने का आह्वान किया। पिछले ढाई साल में वैश्विक निवेशक सम्मेलन और अन्य आयोजनों के दौरान राज्य सरकार ने उद्योगपतियों के साथ करीब 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश के करार (एमओयू) किए हैं जिनमें से 33 प्रतिशत प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए जा चुके हैं। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

आईटीआई के 10 प्रशिक्षु राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल 56 संस्थानों की ग्रेडिंग 9 से ज्यादा

मध्य प्रदेश में कौशल विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। वर्ष 2025 की आईटीआई परीक्षाओं में प्रदेश के 10 प्रशिक्षणार्थियों ने 10 ट्रेड में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महिला आईटीआई, बैतूल की इलेक्ट्रीशियन ट्रेड की प्रशिक्षणार्थी शांता वाडे को एनसीवीटी की जुलाई 2025 की परीक्षा में सेंट्रल जोन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 4 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने सम्मानित किया। वहीं, वर्ष 2024 से अब तक प्रदेश के चार प्रशिक्षण अधिकारियों को उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिला है। आईटीआई की ग्रेडिंग 2025-26 में प्रदेश के 47 शासकीय संस्थानों ने 10 में से 9 या अधिक अंक हासिल किए। वर्ष 2026-27 में यह संख्या बढ़कर 56 हो गई, जबकि एनसीवीटी से



संबद्ध सभी 185 शासकीय आईटीआई ने पहली बार 10 में से 4 या अधिक अंक प्राप्त किए।

कौशल विकास के साथ रोजगार और महिला सशक्तीकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के तहत 3,688 अधिकारियों-कर्मचारियों का आईजीओटी पोर्टल पर पंजीयन हुआ और 1.27 लाख से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए गए। साधना सप्ताह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला तथा 12 ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित कर लाइव किए गए हैं। यूएन वीमेन के सहयोग से 12 आदिवासी बहुल जिलों की आईटीआई और पॉलीटेक्निक में पढ़ने वाली 2,127 महिलाओं को एसटीईएम और सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 220 को रोजगार मिला। पिछले दो वर्षों में 138 प्रशिक्षणार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरी मिली, जबकि इंदौर के शासकीय चालक प्रशिक्षण अनुसंधान एवं संस्थान ने 146 महिलाओं को निःशुल्क हल्के मोटर वाहन का प्रशिक्षण दिया। परम फाउंडेशन के अंतर्गत प्रदेश में 10 आईटीआई संचालित हैं। धार के सरदारपुर आईटीआई में चार बैचों में 445 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं। इसके अलावा, छह एएनएम कौशल कॉलेजों में इस वर्ष सत्र शुरू हुआ है और तीन अन्य कॉलेजों में अगस्त 2026 से सत्र शुरू करने का प्रस्ताव है।

23 साल में प्रदेश में 758 नए आईटीआई खुले, प्रशिक्षण सीटें 13 हजार से बढ़कर 1.17 लाख

भोपाल। मध्य प्रदेश में कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण का दायरा बीते 23 वर्षों में तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2003 में प्रदेश में 159 आईटीआई संचालित थे, जिनकी संख्या वर्ष 2026 में बढ़कर 917 हो गई है। इनमें 290 शासकीय और 627 निजी संस्थान शामिल हैं। इस अवधि में 758 नए आईटीआई जुड़े हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षण क्षमता में भी बड़ा विस्तार हुआ है। वर्ष 2003 में प्रदेश के आईटीआई में 13,438 सीटें थीं, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 1,17,344 हो गई हैं। इनमें शासकीय संस्थानों की 56,144 और निजी संस्थानों की 61,200 सीटें शामिल हैं। इस तरह कुल 1,03,906 अतिरिक्त प्रशिक्षण सीटें बढ़ी हैं। शासकीय आईटीआई की संख्या 133 से बढ़कर 290 हो गई, जबकि उनकी प्रवेश क्षमता 11,158 से बढ़कर 56,144 सीटों तक पहुंच गई। इस दौरान 157 नए शासकीय आईटीआई खुले और 44,986 अतिरिक्त प्रशिक्षण सीटें बढ़ीं।

कौशल विकास संचालनालय के बजट में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2003-04 में 39.01 करोड़ रुपये का बजट वर्ष 2026-27 में बढ़कर 1,233.66 करोड़ रुपये हो गया है। इस प्रकार बजट में 1,194.65 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। अधोसंरचना के क्षेत्र में भी विस्तार हुआ है। वर्ष 2003 में 133 शासकीय आईटीआई में से 77 अपने भवनों में संचालित थे, जबकि 56 किराये अथवा अन्य शासकीय भवनों में चल रहे थे। वर्ष 2026 में सभी 290 शासकीय आईटीआई अपने भवनों में संचालित हैं अथवा उनके भवन स्वीकृत हैं।

सीखो-कमाओ योजना से 19,675 युवाओं का प्रशिक्षण पूरा, 290 आईटीआई हैं संचालित



मध्य प्रदेश में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना अगस्त 2023 में शुरू की गई। इसके तहत पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रतिमाह 8,000 से 10,000 रुपये तक स्टाइपेंड दिया जाता है, जिसमें 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन वहन करता है। योजना में 8,610 पंजीकृत प्रतिष्ठानों से 31,930 अभ्यर्थी जुड़े हैं, जिनमें से 19,675 का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। वहीं, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश में 5,353 प्रतिष्ठान पंजीकृत हैं। इस योजना में प्रतिष्ठानों से जुड़े प्रशिक्षुओं की संख्या वित्तीय वर्ष 2024-25 के 27,011 से बढ़कर 2025-26 में 35,217 हो गई। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रदेश में 2.20 लाख से अधिक लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया, जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 5,020 तकनीशियनों को प्रमाणित किया गया है।

प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए 3 जनवरी 2024 को मंत्रिपरिषद ने 12 जिलों के 22 विकासखंडों में 22 नए शासकीय आईटीआई खोलने की स्वीकृति दी। इससे शासकीय आईटीआई की संख्या बढ़कर 290 हो गई और 5,280 अतिरिक्त प्रशिक्षण सीटें बढ़ीं। साथ ही 660 नए शिक्षकीय एवं प्रशासकीय पद सृजित किए गए।

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत मिल रहा काम

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की रणनीति के आने लगे परिणाम, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य के युवाओं को रोजगार देने और स्व-रोजगार की व्यवस्था करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में युवाओं को विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण और अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करने के लिए मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत 559 ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग पद उपलब्ध कराए हैं।

डिग्री, डिप्लोमा अथवा अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद रोजगार के अवसर तलाश रहे युवाओं को इस योजना के माध्यम से कंपनी के विभिन्न कार्यालयों एवं विद्युत गृहों में एक वर्ष के व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया कराई गई। पात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 8 हजार से लेकर 10 हजार रुपए प्रतिमाह तक स्टाइपेंड भी दिया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत युवाओं को जबलपुर स्थित पावर कंपनी मुख्यालय के साथ प्रदेश में स्थित विभिन्न जल एवं ताप विद्युत गृहों में कार्य करते



पात्र युवाओं को 8 से 10 हजार का स्टाइपेंड भी दिया गया

हुए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी एवं सिस्टम मेंटेनेंस, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, स्टेनो (हिन्दी/अंग्रेजी), सिविल इंजीनियरिंग, मानव संसाधन, अकाउंट्स सहित विभिन्न कार्यश्रेणियों में प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए गए।

इससे युवाओं को अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप विद्युत उत्पादन एवं कंपनी के विभिन्न कार्यक्षेत्रों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्धारित पात्रता के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को उनके द्वारा चयनित कार्यश्रेणी व जिले के अनुरूप कंपनी के विभिन्न विद्युत गृहों एवं कार्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने के एक माह बाद प्रशिक्षणार्थियों को पात्रता के अनुसार 8 हजार से 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड का भुगतान किया गया। प्रशिक्षण की कुल अवधि एक वर्ष रखी गई।

D-19199/26

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

गल्ले से डेढ़ से दो हजार नगदी भी ले गए, पुलिस ने शिकायती आवेदन लेने के बाद जांच शुरू की

मानसरोवर की पार्किंग में तोड़फोड़, डेढ़ से दो हजार रुपए की लूटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर कांप्लेक्स की पार्किंग में देर रात ढाई से तीन बजे के बीच घुसे दो युवकों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान आरोपी पार्किंग के काउंटर में रखे गल्ले से डेढ़ से दो हजार रुपए की नगदी भी ले गए। घटना की शिकायत मानसरोवर काम्प्लेक्स व्यापारी कल्याण समिति के द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेने के बाद जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मानसरोवर कॉम्प्लेक्स व्यापारी कल्याण समिति द्वारा एमपी नगर पुलिस को शिकायती आवेदन दिया गया था।

देर रात ढाई से तीन बजे के बीच घुसे थे दो युवक



आरोपियों ने पार्किंग के सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े

आवेदन में बताया गया कि रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच दो युवक पार्किंग में घुसे थे। युवकों ने पार्किंग में खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की और सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। आरोप है कि युवकों ने गल्ले से डेढ़ से दो हजार रुपए भी निकाले हैं। समिति का कहना है कि इस घटना के बाद से हम सभी डरे हुए हैं। पार्किंग में तीन से चार सौ वाहन खड़े रहते हैं। हमें डर है कि उक्त युवक पार्किंग में आग भी लगा सकते हैं। पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि शिकायती आवेदन मिला है। रात में ही पुलिस एक संदेही के घर पहुंची थी। वह अत्यधिक नशे में था। पुलिस आवेदन की जांच के बाद कार्रवाई करेगी।



मारपीट में एक युवक गंभीर, दो थानों में केस दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

चाय की दुकान विवाद, बदला लेने की नीयत से गाड़ियां तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज के न्यू कबाड़खाना इलाके में पुरानी रंजिश के चलते रविवार तड़के बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। करीब 15 से 20 युवक घर के बाहर खड़ी चार गाड़ियों में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले जीपीओ चौराहे पर चाय की दुकान में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था।

एक युवक हुआ घायल

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, जीपीओ चौराहे पर स्थित चाय की दुकान पर उमर, समीर और आलिन के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद रविवार तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच 15 से 20 युवक न्यू कबाड़खाना पहुंचे। यहां उमर के घर के बाहर खड़ी चार गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। हमले में समीर उर्फ गब्बर (33) गंभीर रूप से घायल हो गया। हनुमानगंज पुलिस ने शहनाज पति शहजाद की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

खबर संक्षेप

पुलिस स्मृति दिवस परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आज

भोपाल। शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हर साल की तरह इस साल भी 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाएगा। यहाँ लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक स्थल पर सुबह साढ़े 8 बजे पुलिस परेड का आयोजन होगा। पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित होने वाली परेड की फुलड्रेस फायनल रिहर्सल 19 अक्टूबर को सुबह साढ़े 8 बजे लाल परेड मैदान पर होगी। मध्यप्रदेश में इस साल कर्तव्यवेदी पर प्रदेश के 9 पुलिस जवान शहीद हुए हैं। शहीद कर्मियों में आशीष शर्मा निरीक्षक (वि.स. बल) 25वीं वाहिनी वि.स. बल, भोपाल हाल पदस्थ हॉक फोर्स, बालाघाट, अशोक शर्मा उप निरीक्षक जिला पुलिस बल, उज्जैन, मदनलाल निनामा सहायक उप निरीक्षक जिला पुलिस बल, उज्जैन, परिमाल सिंह तोमर प्रधान आरक्षक 291 बीडीडीएस, जिला मुरैना, ओम प्रकाश भवेदी कार्यवाहक प्रधान आरक्षक-40 जिला पुलिस बल, उमरिया, सर्जन सिंह भील कार्यवाहक प्रधान आरक्षक-580 जिला पुलिस बल, राजगढ़, आरती पाल महिला आरक्षक-1480 जिला पुलिस बल, उज्जैन, महेश प्रसाद पाठक आरक्षक-98 जिला पुलिस बल, शहडोल एवं विकास चतुर्वेदी आरक्षक-987 जिला पुलिस बल, सतना शामिल हैं।

भूमि के नाम पर रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान से 20 लाख की धोखाधड़ी

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलर ने सीआरपीएफ से रिटायर्ड कर्मचारी को 20 लाख रुपए का चूना लगा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कौशल नगर निवासी ब्रजेंद्र तिवारी (48), पिता शंकरलाल तिवारी, सीआरपीएफ से रिटायर्ड हैं। प्रॉपर्टी डीलर राजेंद्र सिंह परमार ने उन्हें जमीन दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए लिए थे। जमीन की खरीदारी पूरी नहीं होने पर ब्रजेंद्र ने पुलिस से शिकायत की। जांच के बाद मिसरोद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

खटलापुरा घाट के कुंड की सफाई कर भरा पानी, बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन-पोकलेन तैनात

विसर्जन के लिए घाट तैयार, सुरक्षा की जिम्मेदारी नगर निगम और पुलिस पर

तीन पालियों में प्रशासन संभालेगा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नौ दिन तक पंडालों में गूंजे माता के जयकारे, गरबा और डांडिया की धूम के बाद अब मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विदाई देने की तैयारी है। विजयादशमी की शाम से राजधानी में प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू होगा। इसके लिए खटलापुरा, कमलापति घाट सहित शहर के प्रमुख विसर्जन स्थलों पर निगम और प्रशासन ने व्यवस्थाएं तैयार की हैं।

घाटों पर सफाई से लेकर बड़ी प्रतिमाओं को पानी में उतारने और लोगों की सुरक्षा तक की जिम्मेदारी तय की गई है।



कमलापति विसर्जन घाट पर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।



खटलापुरा घाट पर विसर्जन कुंड बनाए गए हैं।

हादसे रोकने के लिए सुरक्षा इंतजाम

विसर्जन के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना रोकने के लिए घाटों पर गोताखोरों की टीम मौजूद रहेगी। सुरक्षा दल के पास लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय ट्यूब और रस्सियों जैसे जरूरी सुरक्षा उपकरण रहेंगे। पुलिस की निगरानी में विसर्जन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। नगर निगम और प्रशासन ने विसर्जन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन और पोकलेन की व्यवस्था

प्रतिमा विसर्जन संबंधी निर्देश

- *प्रतिमाओं का विसर्जन केवल नगर निगम द्वारा चिन्हित घाटों- विसर्जन कुंडों पर ही करें।*
- *विसर्जन जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय-सीमा में ही निकालें।*
- *घाटों पर गहरे पानी में स्वयं न उतरें; निगम द्वारा तैनात दल एवं क्रेन की सहायता लें।*
- *पूजन सामग्री, फूल-मालाएं एवं प्लास्टिक घाट पर रखे निर्धारित पात्रों में ही डालें।*

यातायात प्रबंधन

- *यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित डायवर्जन एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करें।*
- *सड़क, फुटपाथ पर अतिक्रमण, अस्थाई दुकानें या वाहन खड़े न करें, ताकि एम्बुलेंस एवं फायर वाहनों का रास्ता अवरुद्ध न हो।*
- *जुलूस,झांकियों के मार्ग में आपातकालीन वाहनों के लिए लेन खुली रखें।*
- *भीड़ वाले बाजारों में अनावश्यक वाहन लेकर न जाएं।*



निरीक्षण करती निगम आयुक्त जैन।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने प्रेमपुरा, खटलापुरा, रानी कमलापति समेत कई घाटों का किया निरीक्षण

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और घाटों पर व्यवस्था बनाए रखना नगर निगम के लिए बड़ी जिम्मेदारी है। इसे देखते हुए निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने रविवार को शहर के प्रमुख विसर्जन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन के लिए रोशनी, सफाई, पेयजल और सुरक्षा के इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं। साथ ही विसर्जन का काम पूरा होने तक सभी व्यवस्थाएं लगातार सुचारू रखी जाएं। निगम आयुक्त ने संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) विसर्जन घाट के साथ प्रेमपुरा, रानी कमलापति, खटलापुरा, शाहपुरा, मालीखेड़ी और हथाईखेड़ा घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और जरूरी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

क्रेन, गोताखोर और दमकल की रहे व्यवस्था

आयुक्त ने चल समारोह के मार्गों और विसर्जन घाटों पर पर्याप्त रोशनी रखने को कहा, ताकि रात के समय श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। प्रतिमाओं को पानी में उतारने के लिए क्रेन और अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए। सुरक्षा के लिए घाटों पर बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव और जरूरी उपकरणों से लैस दमकल दल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

प्रतिमाओं के अवशेष तुरंत हटाने के निर्देश: *निगम आयुक्त ने घाटों पर साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन के बाद प्रतिमाओं के अवशेष तुरंत हटाए जाएं, ताकि घाटों पर गंदगी न फैले और अगले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।*

बारिश के बाद 100 मीटर तक उखड़ा डामर, कई जगह गड्ढे निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव पर उठ रहे सवाल

बारिश के बाद 100 मीटर तक उखड़ी 154 करोड़ रुपए से बने आंबेडकर फ्लाईओवर ब्रिज की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

154 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए आंबेडकर फ्लाईओवर (जीजी ब्रिज)के दो साल पूरे होने से पहले ही बदहाली सामने आने लगी है। बारिश के बाद करीब 100 मीटर तक सड़क का डामर उखड़ गया है। कहीं नीचे की सीमेंट की सतह दिखाई दे रही है, तो कहीं गड्ढे बन गए हैं।

फ्लाईओवर पर सड़क की यह हालत निर्माण की गुणवत्ता और रखरखाव के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। जिस फ्लाईओवर से लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात की उम्मीद थी, वहां सड़क की ऊपरी परत ही टिक नहीं पा रही है।



फ्लाईओवर ब्रिज पर सड़क पर बने गड्ढे

सड़क के कई हिस्सों में डामर की परत खराब

फ्लाईओवर पर सड़क के कई हिस्सों में डामर की परत खराब हो गई है। करीब 100 मीटर तक डामर उखड़ने से नीचे की सीमेंट की सतह नजर आने लगी है। कुछ जगह गड्ढे भी बन गए हैं। बारिश के बाद सामने आई इस स्थिति ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री और काम की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क की ऊपरी परत का इतनी जल्दी खराब होना सामान्य रखरखाव का मामला भर नहीं है। इसकी वजह जानने के लिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डामर बिछाने के तरीके और बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था की जांच जरूरी है। हालांकि, जांच के बिना सड़क खराब होने की वास्तविक वजह तय नहीं की जा सकती।

154 करोड़ रुपए खर्च किए, फिर सड़क की यह हालत क्यों?

जीजी फ्लाईओवर का निर्माण शहर में यातायात को बेहतर बनाने और लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा देने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन निर्माण के दो साल पूरे होने से पहले सड़क की हालत बिगड़ने से परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की ऊपरी परत का उखड़ना चिंता का विषय है।

रिपोर्ट नहीं होने से शुरू नहीं हो पाता इलाज

छुट्टी के दिन जांच की भी छुट्टी, नहीं होती अस्पताल में स्वाइन फ्लू और डेंगू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डेंगू और स्वाइन फ्लू को लेकर प्रदेश भर में अलर्ट है। स्वास्थ्य मंत्री और प्रमुख सचिव हर दिन समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी अवकाश के दिन जांच व लार्वा सर्वे की भी छुट्टी हो जाती है। जांच रिपोर्ट नहीं होने से मरीजों का अच्छी तरह से इलाज शुरू नहीं हो पाता है। यह हाल राजधानी का है।

शनिवार और रविवार को छुट्टी होने की वजह से दो दिन हमीदिया, जेपी और एम्स अस्पताल में स्वाइन फ्लू के नमूनों की जांच नहीं हो पाई।

वहीं शुक्रवार को लिए 13 नमूनों की जांच रिपोर्ट सोमवार को मिलेगी। इसी तरह से अन्य छुट्टियों के दिन भी जांच नहीं हो पा रही है। जांच रिपोर्ट नहीं आने तक मरीजों का अच्छी तरह से इलाज शुरू नहीं हो पाता। दूसरी बात यह कि मरीज की रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर उसके परिजनों की जांच भी की जाती है, लेकिन जब तक रिपोर्ट नहीं आती, जांच भी नहीं हो पाती।



एंटी लार्वा टीम में 80 कर्मचारियों पर 25 लाख आबादी जिम्मा

इसी तरह से डेंगू का केस मिलने पर मरीज व उसके घर व उसके आसपास के घरों में लार्वा सर्वे व दवाओं का छिड़काव किया जाता है। रविवार को छुट्टी के दिन रोकथाम की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके पीछे की बड़ी वजह कर्मचारियों की कमी है। भोपाल जिले की एंटी लार्वा टीम में करीब 80 कर्मचारी ही बचे हैं। हर दिन लार्वा सर्वे के लिए 20 टीमें बनाई जा रही हैं। इन कर्मचारियों को हफ्ते में एक दिन छुट्टी देने के मकसद से रविवार को डेंगू- मलेरिया रोकथाम की गतिविधि बंद रहती है।

यहां होती हैं जांच

स्वाइन फ्लू : एम्स भोपाल
डेंगू जांच : मलेरिया कार्यालय, जेपी अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, एम्स और बीएमएचआरसी

अस्पताल में इलाज ही नहीं, मरीज की थाली भी हुई महंगी, परिजनों की जेब पर भार बढ़ रहा

प्राइवेट अस्पताल में अब 'पेशेंट डाइट' 120 से बढ़कर हुई 140 रुपए

अस्पताल के भोजन पर 16.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी, महंगाई की गिरी गाज

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

महंगाई के इस दौर में अब बीमार पड़ना भी किसी बड़ी आर्थिक मुसीबत से कम नहीं रह गया है। राजधानी भोपाल में अस्पतालों का खर्च तेजी से बढ़ा है। इलाज और दवाओं के बढ़ते दामों के बीच अब मरीजों के दैनिक भोजन यानी 'पेशेंट डाइट' पर भी महंगाई की गाज गिरी है।

यूनाइटेड प्रावेट हॉस्पिटल डायरेक्टर्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. जीशान अहमद ने बताया कि नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त अस्पतालों में पेशेंट थाली की



कीमत, जो पहले 120 रुपए थी, अब बढ़कर 140 रुपए हो गई है।

यह सीधी तौर पर 16.7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी है। यह उन मरीजों के लिए बड़ा झटका है जो आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आते और प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज खुद के खर्च पर करा रहे है।

अस्पताल में मरीजों को मिलने वाला आहार चार्ट

सरकारी व निजी अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले आहार चार्ट के अनुसार नाश्ते में दलिया, पोहा, केला, उपमा और 250 मिलीलीटर दूध शामिल होना चाहिए। दोपहर के भोजन में सलाद, चार चपातियां, हरी सब्जियां, दाल और चावल होने चाहिए, जबकि रात के खाने में चपातियां, सब्जियां और दाल शामिल होनी चाहिए। मरीजों को शाम को चाय और बिस्कुट भी दिए जाने चाहिए।

वर्ष 2014 से ही नहीं बढ़ा बजट

जिला अस्पतालों एक दिन के भोजन के लिए 48 रुपए का बजटीय प्रावधान 2014 में शुरू किया गया था और तब से इसमें कोई संशोधन नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह दर पड़ोसी राज्यों जैसे राजस्थान 70 रुपए प्रतिदिन, छत्तीसगढ़ 150 रुपए, उत्तर प्रदेश 116 रुपए और ओडिशा 110 रुपए की तुलना में काफी कम है।

सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहे

हम स्वास्थ्य विभागों के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहे हैं। बजट एक ऐसी चीज है जिसकी निरंतर समीक्षा की आवश्यकता होती है। हम मरीजों को दिए जाने वाले भोजन के लिए बजटीय प्रावधान की समीक्षा करेंगे।

नरेंद्र शिवाजी पटेल, स्वास्थ्य राज्य मंत्री

सिर्फ रसोई गैस ही नहीं, बिजली और बैकअप पावर सिस्टम भी हुए महंगे

केवल रसोई गैस ही नहीं, बल्कि बिजली की दरें, बैकअप पावर सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाला ईंधन और परिवहन लागत बढ़ने से भी स्वास्थ्य सेवाएं महंगी हुई हैं।

डॉ. धीरज शुक्ला, डायरेक्टर, अनुपम अस्पताल

मध्यम और निम्न आय वर्ग पर दोहरी मार, बचत लगातार खत्म होती जा रही है

महंगाई का सबसे बुरा असर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जो पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं। बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने, दवाओं के बढ़ते खर्च ने कई परिवारों को कर्ज लेने या अपनी बचत खत्म करने पर मजबूर कर दिया है।

डॉ. आईके चुघ, पूर्व अधीक्षक, जेपी अस्पताल

मरीज ही नहीं तो सर्वे क्यों करेंगे?

लार्वा सर्वे व मच्छर मारने के लिए दवाओं का छिड़काव सिर्फ डेंगू का केस मिलने पर ही किया जाता है। जब मरीज ही नहीं मिलेगा तो सर्वे क्यों करेंगे। जांच भी रोज की जा रही है।

स्मृता नामदेव, जिला मलेरिया अधिकारी

पेज एक का शेष..

सीएसपी को तत्काल ....

सहित आठ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2-2 लाख और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही सभी घायलों का मुफ्त इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

ढलान पर बेकाबू हुआ धान से भरा ट्रक: हादसा रात करीब 2 बजे चीनौर रोड पर शीतला माता मंदिर के पास हुआ। नवरात्रि के दौरान मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। सड़क किनारे श्रद्धालु कतार में खड़े थे, तभी चीनौर की ओर से धान से भरा ट्रक ढलान पर अनियंत्रित हो गया। ट्रक ने रास्ते में लगी पुलिस चेकपोस्ट और बैरिकेड तोड़ दिए तथा श्रद्धालुओं को कुचलते हुए मंदिर के बाहरी गेट और दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि मंदिर की दीवार ढह गई और कुछ लोग मलबे में दब गए। ट्रक चालक ने पुलिस को ब्रेक फेल होने की बात बताई है। ट्रक की तकनीकी स्थिति की जांच के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम भी भेजी गई है, ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

तोमर ने जताई ...

में घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

मृतकों के परिजन ...

अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उनके साथ मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को समूह-डी की सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। पुलिस ने हादसे के मामले में पूजा समिति के सचिव राज कुमार सेवड़ा उर्फ राजा और उपाध्यक्ष शांतनु दुबे समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पंडाल का बांस का ढांचा बनाने, भीड़ नियंत्रण, वीआईपी पास की जांच और निजी सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े लोग शामिल हैं। हादसा शनिवार शाम महासप्तमी के दौरान हुआ। अचानक बारिश होने पर लोग बचने के लिए पंडाल के भीतर जाने लगे। इस दौरान निकास द्वार के पास भीड़ का दबाव बढ़ा और भगदड़ मच गई। मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रमुख पूजा पंडालों की सुरक्षा जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है।

143 साल पुराना...

उद्घाटन 1883 में किया गया था। फ्रांस समेत यूरोप के 8 देश इसी तरह के गुस्से की चपेट में हैं।

कान्हा पार्क में ...

आबादी के बीच आने और एक महिला को घायल करने की घटना के बाद रेस्क्यू किया गया था। पोस्टमार्टम के दौरान आवश्यक अंगों और जैविक नमूनों को फोरेंसिक एवं पैथोलॉजिकल जांच के लिए जबलपुर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही शावक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

अब रामप्रकाश अहिरवार...

का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

वर्ष 2015 बैच की अधिकारी संस्कृति जैन के पास मेट्रो रेल कंपनी के अपर प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार था। उनके कार्यकाल में नगर निगम परिषद और मेयर इन काउंसिल की बैठकों में जनप्रतिनिधियों की नाराजगी सामने आई थी। परिषद की पिछली बैठक में अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भी नाराजगी जताई थी। वहीं, वर्ष 2020 बैच के आईएएस अग्रिम कुमार को जबलपुर नगर निगम आयुक्त बनाया गया है। वे अब तक छिंदवाड़ा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी थे। इसके अलावा, भोपाल स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजू अरुण कुमार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है। उनके पास भोपाल नगर निगम के अपर आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी था। सामान्य प्रशासन विभाग ने 18 अक्टूबर को तबादला आदेश जारी किया।

दो अन्य इकाइयां ...

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, फैक्ट्री में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। सूचना मिलने पर दमकल दल मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आग आसपास की दो अन्य इकाइयों तक फैल चुकी थी। फैक्ट्रियों में पेंट और केमिकल से भरे ड्रम रखे होने के कारण आग तेजी से फैल गई। घटनास्थल से उठता धुआं दूर तक दिखाई दिया। आग की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। दमकलकर्मियों ने अलग-अलग दिशाओं से पानी और फोम का छिड़काव कर आग बुझाई। फायर ब्रिगेड के अनुसार, अब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। हादसे में फैक्ट्रियों की मशीनरी, कच्चे माल, तैयार उत्पाद और पेंट-केमिकल के स्टॉक को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

जमानत सुनवाई करने ...

सामने नहीं आई है। सीजेपी ने आरोप लगाया है कि दोनों नेताओं की रिहाई में देरी की जा रही है और जमानत से जुड़े चार जमानतदारों की गारंटी अस्पष्ट कारणों से खारिज कर दी गई। पार्टी की विधि प्रकोष्ठ प्रमुख रत्ना सिंह के मुताबिक, विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के दौरान बताया था कि उन्हें धमकी भरा संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वकीलों ने धमकी देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दास और रांका को 14 अक्टूबर को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। दोनों पर जंतर-मंतर के बंद फाटक फांदकर प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

गायिका नेहा बोलीं-...

रैकेट से संबंधित खबर में उनका नाम जोड़कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई। नेहा ने इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी टैग कर मीडिया की जवाबदेही और महिलाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दे उठाए थे।उन्होंने कहा कि उन्हें केवल माफी नहीं, बल्कि न्याय चाहिए। नेहा ने मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है।

टाइगर श्रॉफ पर ...

पर आया पोस्ट है। पोस्ट पर अनिल पंडित ने टाइगर पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। जुहू में टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर गोली चलाने वाले आरोपी को ट्रैक करने और पकड़ने के लिए 12 टीमें गठित की गई हैं। बताया जा रहा है कि टाइगर श्रॉफ पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें गोली नहीं लगी है। मुंबई पुलिस ने पुष्टि की है कि जैकी श्रॉफ के बेटे को कोई चोट नहीं आई है और इस घटना की जांच चल रही है।

बाइक सवारों ने टाइगर को बनाया निशाना: बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार लोगों ने उन्हें निशाना बनाते हुए फायरिंग की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ फुटबॉल खेलने के लिए जुहू के पुष्पा पार्क इलाके के पास मौजूद थे। तभी एक बाइक पर सवाल तीन लोग वहां पहुंचे और एक्टर की गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में घटनास्थल पर मौजूद एक ऑटो वाले को भी गोली लगने की खबर सामने आई है। मौके पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचा गया।

ब्रिटिश सरकार के ...

मिला, जिससे संबंधित कर्ज के भुगतान की जिम्मेदारी ब्रिटिश सरकार पर स्थापित हो सके। यूके डेट मैनेजमेंट ऑफिस के कम्युनिकेशंस विभाग की ओर से 16 अक्टूबर को ईमेल भेजा गया। यह जवाब रुठिया परिवार के वकील श्रेयांश रानीवाला की ओर से की गई पूछताछ के बाद आया। रुठिया परिवार ने उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मामले में स्पष्ट जवाब मांगा है। विनय रुठिया के अनुसार उनके परिवार ने कथित कर्ज की राशि और उससे जुड़े दस्तावेजों के आधार पर ब्रिटिश सरकार के समक्ष अपना पक्ष रखा था। कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद संबंधित विभाग ने कर्ज से जुड़े दस्तावेज और अन्य जरूरी जानकारी मांगी। इसके बाद रुठिया ने अपने वकील के माध्यम से प्रमाणित दस्तावेज ईमेल से भेजे थे।

सात राज्यों के 150 युवाओं ने एक साथ लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





- साई, सीआरसी भोपाल और माय भारत का 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), मध्य क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी), भोपाल ने माय भारत के सहयोग से रविवार को भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु सहित सात राज्यों के 150 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष वार्म-अप एवं योग सत्र से हुई, जिसने प्रतिभागियों को शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम के विशेष अतिथि, पैरालिंपियन एवं एशियाई खेलों के पदक विजेता यश यादव का स्वागत एवं सम्मान साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक गौरव रावत ने किया। रावत ने नशामुक्त समाज के निर्माण में खेल और फिटनेस की भूमिका पर जोर देते हुए कहा, इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

रस्साकशी से गेम जोन की गतिविधियों का शुभारंभ

स्वस्थ जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करते हुए गौरव रावत एवं मंगल जाखड़ ने फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित विशेष 'संडे ऑन साइकिल' में युवा प्रतिभागियों के साथ साइकिल चलाई। प्रतिभागियों ने आईआईएफएम परिसर में साइकिल चलाकर फिट इंडिया-हिट इंडिया का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन



साई सीआरसी के क्षेत्रीय निदेशक गौरव रावत एवं माय भारत के राज्य निदेशक मंगल जाखड़ ने दो टीमों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता शुरू कराकर गेम जोन की गतिविधियों का शुभारंभ किया।

ओमिशा-अवनी दो अर्णव, अध्यांश, गुरमन फाइनल में



भोपाल। पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी विद्यालयीन खुली स्पर्धा में ओमिशा मेहता और अवनी वर्मा ने दो-दो वर्गों कै फाइनल में प्रवेश किया। तनिष्क राजपूत और अर्णव पवार 17 वर्ष बालक, गुरमन सिंह गांधी और अध्यांश जैन 15 वर्ष बालक, अर्णव गौर और समग्र जैन 13 वर्ष बालक, हर्षवर्धन सिंह राजपूत और जसराज सिंह छाबड़ा 11वर्ष बालक एवं एकाग्र सोनी और धार के लावांश पाटोदिया 9 वर्ष बालक फाइनल में हैं।

ओमिशा मेहता और दिव्या गुर्जर 17 वर्ष बालिका, मांडवी गांधी और अवनी वर्मा 15 वर्ष बालिका, ओमिशा मेहता और अवनी वर्मा 13 वर्ष बालिका, यार्निका चौरे और श्रीनिका जोशी ने 11वर्ष बालिका एवं स्वाति रावत और नयोनिका नरवाले ने 9 वर्ष बालिका फाइनल में प्रवेश किया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खजूरी कलां, विकासखंड फंदा, प.ह.नं. 31/19, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित एक किता अविकसित अव्यपवर्तित कृषि भूमि, जिसका खसरा क्रमांक 316(S), रकबा 0.5710 हेक्टेयर है, मेरी पक्षकारा इन्द्रपुरी आशा शिक्षा समिति द्वारा अध्यक्ष नीलिमा जौहरी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। उक्त भूमि की मेरी पक्षकारा ही एकमात्र स्वामी एवं आधिपत्यधारी है तथा वर्तमान में उक्त भूमि पर मेरी पक्षकारा का ही आधिपत्य है। मेरी पक्षकारा के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति का उक्त भूमि पर कोई स्वामित्व, अधिकार, हित या आधिपत्य नहीं है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि या उसके किसी भी हिस्से के संबंध में मेरी पक्षकारा के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से कोई संव्यवहार, सौदा या लेन–देन न करें, अन्यथा मेरी पक्षकारा इस बाबत् जिम्मेदार नहीं होगी और परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति के लिए संबंधित व्यक्ति, संस्था अथवा एजेंसी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा पूछताछ करना चाहता है, तो वह केवल मेरी पक्षकारा अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिवक्ता से संपर्क करें। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति, दावा, अधिकार या हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर दस्तावेजी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा यह माना जाएगा कि उक्त भूमि के संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

भवदीय **अंकुर पाण्डेय** अधिवक्ता
चेम्बर नं.-114, उत्तमचंद इसरानी लॉयर्स चेम्बर, अरेरा हिल्स, भोपाल
मो.नं. : 79994499714

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-रायसेन (म.प्र.)

Teliphone No. 07482-222053 Email id horti.raisen@mp.gov.in

क्रमांक/निविदा/उद्यान/भंडार/2026-27/1088-89 रायसेन, दिनांक 7/10/2026

// आंवला किस्म एन-7 की अल्प कालीन विज्ञप्ति //

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची जिला रायसेन के आंवला फलबहार किस्म एन-7 का विक्रय निविदा प्रक्रिया द्वारा किया जाना है, आंवला फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति / संस्था दिनांक 23.10.2026 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 2:00 बजे से समय 04:00 बजे तक उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची में उपस्थित होकर अपनी निविदा, निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा फार्म के साथ क्रेता को राशि रुपए 2000/- (दो हजार रुपए मात्र.) अग्रिम धरोहर नगद जमा करना होगा। निविदा उसी दिन समय 4:00 बजें निविदा कर्ताओं के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा डालने के पूर्व शासकीय उद्यान रोपणी सांची विकासखंड सांची में आंवला फलबहार का अवलोकन कर सकते है, एवं संतुष्टि के उपरांत ही निविदा, निविदा बाक्स में डालें। निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान सांची विकासखंड सांची से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

आंवला शा.उ.रोपणी सांची विकासखंड सांची के फलबहार का विवरण।

क्रं.	नाम किस्म	पूर्ण फलन की स्थिति	अर्द्ध फलन की स्थिति	आंशिक फलन	कुल संख्या	औसत उत्पादन अनुमानित क्विंटल में
1.	आंवला किस्म एन-7	10	0	01	11	8-10 क्विंटल

नीलम पाटिल
उप संचालक उद्यान
जिला-रायसेन म.प्र.

जी - 20249/26 स्वच्छता ही सेवा

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

शब्द पहेली - 6382



बाएँ से दाए-
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

ऊपर से नीचे
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

शब्द पहेली -6381 का हल

का		बु	आ		द		स	ख		मु
र	क्क		कु	क	र	मु	त्ता		जा	ला
तू		म	ल		मि		धी	र		य
स	क्रि	य	ता		या		श	ब	न	म
	या				न				या	
रा	शी	क	र	ण		भा	र	ही	न	ता
	ल				टी				वे	
री	ता	प	न		ना		न	ह	ला	ना
ई		स	जा		मु		का	म		का
ब	लि		क	हा	नी	का	र		छ	बि
सं		गी	त		म		ना	नी		ल

सूडोकु नवताल - 6392

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6391 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

पिछले साल की अपेक्षा कारोबार में 18 फीसदी तक हो सकती है वृध्दि

व्यापारिक संगठन कैट का दावा -नवरात्रि से दीवाली तक 7 लाख करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नवरात्रि के साथ शुरू हुए त्योहारी सीजन में बाजारों को बड़ी कारोबारी तेजी की उम्मीद है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने नवरात्रि से दीपावली तक देशभर में 7 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार का अनुमान जताया है। संगठन के मुताबिक, यह पिछले साल के करीब 6.05 लाख करोड़ रुपए के कारोबार से 15 से 18 प्रतिशत तक अधिक हो सकता है। हालांकि, यह व्यापार संगठन का अनुमान है, अंतिम आधिकारिक आंकड़ा नहीं। त्योहारी खरीदारी का असर कपड़े, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराना, मिठाई, गिफ्ट आइटम, होम डेकोर और परिवहन जैसी सेवाओं पर पड़ने की उम्मीद है। बाजारों की इस संभावित तेजी के बीच सरकारी आंकड़े भी अर्थव्यवस्था की अलग-अलग तस्वीर दिखा रहे हैं जहां जीएसटी संग्रह में वृद्धि व्यापारिक गतिविधियों का संकेत देती है, वहीं खाद्य महंगाई उपभोक्ताओं के बजट पर दबाव बनाए हुए है।

तेजी के बीच सरकारी आंकड़े भी अर्थव्यवस्था की अलग-अलग तस्वीर दिखा रहे



जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी, कारोबार पर नजर

दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह करीब 12.46 लाख करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक बताया गया है। यह आंकड़ा कर संग्रह में मजबूती का संकेत देता है, हालांकि अकेले इससे त्योहारी बिक्री में बढ़ोतरी की पुष्टि नहीं होती। कैट के अनुमान के मुताबिक, त्योहारी कारोबार में किराना और एफएमसीजी की हिस्सेदारी करीब 12 प्रतिशत, सोना-चांदी और आभूषण की 10 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रॉनिक्स की 8 प्रतिशत हो सकती है। रेडीमेड कपड़े, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और गिफ्ट आइटम जैसे क्षेत्रों में भी खरीदारी की अच्छी संभावनाएं जताई गई हैं। त्योहारी सीजन का फायदा केवल खुदरा दुकानदारों तक सीमित रहने की उम्मीद नहीं है। परिवहन, लॉजिस्टिक्स, होटल, कैटरिंग, टेंट-डेकोरेशन और इवेंट मैनेजमेंट जैसी सेवाओं में भी मांग बढ़ सकती है। कैट ने सेवा क्षेत्र में 20 से 25 प्रतिशत वृद्धि की संभावना जताई है। स्थानीय कारीगरों, छोटे कारोबारियों और भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल से पारंपरिक बाजारों को अतिरिक्त अवसर मिल सकते हैं।

महंगाई की चुनौती के बीच खरीदारी का मौसम

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सितंबर 2026 के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा महंगाई बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि खाद्य महंगाई 7.74 प्रतिशत दर्ज की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई 6.08 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 4.88 प्रतिशत रही।

अनुमान बड़ा, असली तस्वीर बिक्री के बाद साफ होगी

कैट का 7 लाख करोड़ रुपए से अधिक कारोबार का अनुमान त्योहारी बाजारों के लिए उम्मीद जगाता है। लेकिन महंगाई, उपभोक्ताओं के खर्च की क्षमता और अलग-अलग क्षेत्रों में वास्तविक बिक्री के आंकड़े ही बताएंगे कि यह उम्मीद कितनी हकीकत में बदलती है। फिलहाल कारोबारियों की निगाहें दीपावली तक बाजार में बने रहने वाले खरीदारी के रुझान पर टिकी हैं।

महंगाई का खतराः 15 दिनों में 36.5 लाख टन डीजल की खपत

त्योहारी सीजन खेती और ट्रांसपोर्टेशन में तेजी से बढ़ी डीजल की मांग



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में अक्टूबर के शुरुआती 15 दिनों में डीजल की खपत में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। सरकारी तेल कंपनियों की बिक्री बढ़कर 36.5 लाख मीट्रिक टन यानी करीब 2.7 करोड़ बैरल तक पहुंच गई। यह आंकड़ा सितंबर के पहले पखवाड़े के मुकाबले 26.4 फीसदी और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 25.4 फीसदी अधिक है। एक ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मांग में तेजी ने तेल कंपनियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसका असर आने वाले समय में महंगाई पर भी पड़ सकता है।

डीजल की मांग में इस तेजी के पीछे कई वजहें हैं। सबसे प्रमुख कारण त्योहारी सीजन में बढ़ी आर्थिक गतिविधियां हैं। त्योहारों के दौरान सामान की ढुलाई, ई-कॉमर्स डिलीवरी और परिवहन सेवाओं में तेजी आती है। इससे सड़कों पर ट्रकों और अन्य डीजल वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। ट्रकों की बिक्री में भी तेजी दर्ज की गई है। सितंबर में अगस्त के मुकाबले ट्रकों की बिक्री 33.57 फीसदी बढ़ने का दावा किया गया है।

प्रतिबंधित घी मिलने पर जब्ती और न्यायालय में चलेगा प्रकरणः मनोज पुष्य

मप्र में घी के 50 से अधिक नमूने असुरक्षित कई ब्रांड के बैच वापस लेने के आदेश जारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

त्योहारी मौसम में घी और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर मध्यप्रदेश में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। जांच में असुरक्षित पाए गए घी और मसालों के विभिन्न ब्रांड के चिन्हित बैच बाजार से वापस मंगाने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही आठ घी ब्रांडों की बिक्री रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का उद्देश्य मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।



मनोज पुष्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश और खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक मनोज पुष्य के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत असुरक्षित पाए गए खाद्य पदार्थों को प्रदेश सहित देशभर के खाद्य प्रतिष्ठानों से वापस मंगाने की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आदेश में शामिल बैच बाजार में मिलने पर तत्काल जब्त किए जाएंगे।

विभाग की सूची में इंदौर से संबंधित कई घी ब्रांड के अलग-अलग बैच शामिल हैं। इनमें गौसंत प्रीमियम काउ घी, गुमर प्योर काउ घी, श्रीमूल एगमार्क शुद्ध घी, श्रीमूल एगमार्क काउ घी और वास्तु एगमार्क घी के चिन्हित बैच दर्ज हैं। इसके अलावा पीवर इंदौरी लाल मिर्च पाउडर का एक बैच भी असुरक्षित खाद्य पदार्थों की सूची में शामिल है। छिंदवाड़ा में अनिक घी और पतंजलि काउ घी के संबंधित बैच, धार में सात्विक फ्रेश देसी घी, श्रीमूल एगमार्क शुद्ध घी, एसआरएमआई मिल्क क्रीम एगमार्क घी और अमृत शुद्ध घी के बैच सूची में शामिल हैं। नर्मदापुरम में नंद कृष्णा घी, मधुसूदन देसी घी, संगाथ काउ घी और ब्रजवासी काउ देसी घी के कुछ बैच दर्ज किए गए हैं। उज्जैन में डेयरी सरस घी, दमोह में जेबीएस ऑर्गी ब्रांड गाय का घी और दतिया में मधुसूदन देसी घी के संबंधित बैच भी सूची में शामिल हैं।

बैच क्रमांक, उत्पाद का नाम और पैकिंग की मात्रा जांचे

खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी डीके वर्मा ने बताया कि विभाग की सूची में छिंदवाड़ा से संबंधित पतंजलि काउ घी के 200 मिलीलीटर पैक का बैच क्रमांक एफएडब्ल्यूबी260017 भी शामिल है। इसके अलावा अनिक घी के बैच क्रमांक डीजीबी24बी26ए, संगाथ काउ घी के बैच क्रमांक 08 और पीवर इंदौरी लाल मिर्च पाउडर के बैच क्रमांक पी.एस.02 को भी वापस मंगाने के निर्देश दिए गए हैं।



डीके वर्मा

अभिहित अधिकारी डीके वर्मा के मुताबिक असुरक्षित घोषित किए गए खाद्य पदार्थों के संबंधित बैच बाजार से हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यदि आदेश में शामिल बैच का घी बाजार में पाया जाता है, तो उसे तत्काल जब्त किया जाएगा। नियंत्रक मनोज पुष्य और अभिहित अधिकारी डीके वर्मा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि खाद्य पदार्थ खरीदते समय उपभोक्ताओं को पैकेट पर दर्ज बैच क्रमांक, उत्पाद का नाम और पैकिंग की मात्रा ध्यान से जांचे ।

त्योहारी सीजन और विवाह समारोहों के बीच बढ़ेगा रसोई का बजट, मंडी में आवक बेहद कम

पांच महीने में गेहूं 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल महंगा

महंगाई की मारः भोपाल में गेहूं के दाम 200 रुपए क्विंटल तक बढ़े

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

त्योहारी सीजन के बीच गेहूं की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। भोपाल की करोंद अनाज मंडी में गेहूं के थोक भाव में अक्टूबर की शुरुआत से अब तक 150 से 200 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी दर्ज की गई है। मई-जून में 2300 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल बिकने वाला गेहूं अब गुणवत्ता के अनुसार 2800 से 3000 रुपए तक पहुंच गया है। ऐसे में आने वाले दिनों में आटा, मैदा, सूजी, ब्रेड और बिस्कुट की कीमतों पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता और गेहूं कारोबारी संजीव जैन के अनुसार, पिछले पांच महीनों में गेहूं के भाव में 400 से 500 रुपये प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी हुई है। अक्टूबर की शुरुआत से कीमतों में तेजी और तेज हुई है। उन्होंने आने वाले दिनों में गेहूं के दाम में 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की अतिरिक्त बढ़ोतरी की आशंका भी जताई है। करोंद अनाज मंडी में गेहूं की आवक इन दिनों बेहद कम है। कारोबारी के मुताबिक, मंडी में करीब 500 बोरे गेहूं ही पहुंच रहा है। कम आवक के बीच बढ़ती मांग और बाजार में उपलब्धता की स्थिति कीमतों को प्रभावित कर सकती है। मंडी में गेहूं के भाव उसकी किस्म और गुणवत्ता के अनुसार अलग-अलग हैं।



आटा, मैदा, सूजी और बेकरी उत्पादों पर पड़ सकता है असर

गेहूं की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल अनाज खरीदने वालों तक सीमित नहीं रहता। आटा चक्कियों, फ्लोर मिलों और बेकरी उद्योग की उत्पादन लागत भी गेहूं के भाव से जुड़ी होती है। यदि थोक बाजार में तेजी जारी रहती है, तो इसका असर धीरे-धीरे आटा, मैदा, सूजी, ब्रेड और बिस्कुट जैसे उत्पादों की खुदरा कीमतों पर दिखाई दे सकता है।

खुदरा बाजार में भी बढ़े गेहूं के दाम

आंकड़ों के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 को देश में गेहूं की औसत खुदरा कीमत 32.05 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई। एक महीने पहले यह 31.82 रुपये और एक साल पहले 31.57 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आंकड़े बताते हैं कि खुदरा बाजार में भी गेहूं की कीमतों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यदि थोक बाजार में तेजी बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं को गेहूं और इससे बनने वाले खाद्य उत्पादों के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

नवंबर के अंत तक नई फसल की तस्वीर करेगी रुख साफ

गेहूं की कीमतों का आगे का रुख आगामी रबी सीजन की बुआई, मौसम और उत्पादन की संभावनाओं पर निर्भर करेगा। नवंबर के अंत तक बुआई से जुड़े आंकड़े सामने आने पर नई फसल की संभावनाओं को लेकर बाजार को बेहतर संकेत मिल सकते हैं। यदि बुआई सामान्य रहती है और सरकारी भंडार से जरूरत के अनुसार गेहूं बाजार में उपलब्ध कराया जाता है, तो कीमतों में तेजी सीमित हो सकती है। वहीं, मौसम संबंधी चिंताओं के बढ़ने और मांग मजबूत बने रहने की स्थिति में गेहूं के भाव पर दबाव जारी रह सकता है। फिलहाल भोपाल के उपभोक्ताओं की नजर मंडी के भाव और आने वाले दिनों में खाद्य पदार्थों की खुदरा कीमतों पर रहेगी।

करोंद मंडी में गेहूं के भाव (रुपए प्रति क्विंटल)

- **मालवा शक्तिः** 2700 से 2800 रुपए
- **322 गेहूंः** 2750 से 2850 रुपए
- **1544 अन्नपूर्णाः** 2800 से 3000 रुपए
- **लोकवन गेहूंः** 3200 से 3300 रुपए
- **शरबती गेहूंः** 4300 से 5000 रुपए

बिजनेस न्यूज

एलएनसीटी में शोधकर्ताओं को बांटी गई 60 लाख की प्रोत्साहन राशि

भोपाल । रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी ग्रुप परिसर में रिसर्च एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025-26 समारोह आयोजित किया गया। इसमें उत्कृष्ट अनुसंधान कार्य करने वाले शिक्षकों और शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को करीब 60 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। समारोह के माध्यम से समूह ने शिक्षा के



साथ अनुसंधान, तकनीकी विकास और नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। एलएनसीटी ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर-रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. अभिनीत गोयल ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि समूह के विभिन्न संस्थानों ने लगभग 700 शोध-पत्र प्रकाशित किए। इसके अलावा 500 से अधिक बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) उपलब्धियां दर्ज की गईं और 250 से अधिक पुस्तकें तथा पुस्तक अध्याय प्रकाशित हुए। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में शोध प्रस्तुतियां देने के साथ 50 से अधिक शोध एवं विकास अनुदान भी प्राप्त किए गए, जिनकी कुल राशि 1.5 करोड़ रुपए रही। समारोह में शोध-पत्रों, पुस्तकों, पुस्तक अध्यायों, सम्मेलन प्रस्तुतियों, पेटेंट और शोध परियोजनाओं के आधार पर शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया। डॉ. गोयल ने कहा कि शोध की सफलता केवल प्रकाशनों की संख्या से नहीं, बल्कि उसके परिणामों को उपयोगी तकनीक, स्वास्थ्य समाधान, पेटेंट, स्टार्टअप और सामाजिक नवाचार में बदलने से तय होती है। समूह उच्च प्रभाव वाले शोध, पेटेंट के व्यावसायीकरण और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, स्वचालन, सेमीकंडक्टर और चिकित्सा तकनीक जैसे क्षेत्रों में भी अनुसंधान किया जा रहा है। कार्यक्रम में एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे, सचिव डॉ. अनुपम चौकसे सहित कुलपति, डीन, निदेशक, प्राचार्य और वरिष्ठ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026 विजेताओं की घोषणाः चार टीमों को मिले दो करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026 के विजेताओं की घोषणा की है। इस वर्ष



चार टीमों को कुल दो करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई है। इनमें रायबरेली की क्वांटहंट, रायपुर की मॉर्फिज्म, नई दिल्ली की इनोबॉटिक्स और हैदराबाद की सोमाट्रेस शामिल हैं। इन टीमों ने साइबर सुरक्षा, ऑटिज्म से प्रभावित लोगों की सहायता, वन्यजीवों का पता लगाने और खेल प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में नवाचार आधारित समाधान विकसित किए हैं। विजेता टीमों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के अंतर्गत प्रौद्योगिकी नवाचार एवं हस्तांतरण केंद्र में मार्गदर्शन और नए उद्यम विकसित करने के लिए सहायता भी मिलेगी।

सैमसंग का 'बिग, बिगर, बिगेस्ट' ऑफर : सैमसंग इंडिया ने अपने 'बिग, बिगर, बिगेस्ट' अभियान के तहत विजन एआई टीवी पर आकर्षक ऑफर्स पेश किए हैं। इसके तहत चुनिंदा टीवी खरीदने पर ग्राहकों को 1,59,990 रुपए तक का दूसरा सैमसंग टीवी या 1,10,990 रुपए तक का साउंडबार मुफ्त मिल सकता है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले कारोबार के उपाध्यक्ष विप्लेश डांग ने कहा कि ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट पर खरीदारी और तीन साल की व्यापक वारंटी का लाभ भी मिलेगा। इसके अलावा, नगर निगम सीमा में चुनिंदा टीवी की खरीद पर अनुरोध दर्ज कराने के चार घंटे के भीतर इंस्टॉलेशन की सुविधा उपलब्ध होगी।

केबीसी के सेट पर अमिताभ बच्चन से मिला ग्वालियर का जैन परिवार



ग्वालियर। केबीसी के सेट पर महानायक अमिताभ बच्चन से ग्वालियर के सौरभ जैन और उनके परिवार के लिए यादगार पल जुड़ गया जब भेंट की और शो में अमिताभ बच्चन ने सौरभ जैन को स्मृति-चिह्न प्रदान की। इस मुलाकात में सौरभ जैन और उनकी पत्नी मोनिका जैन के साथ विन्यास योग स्टूडियो के गौरव जैन, डॉ. ललिता, पूजा जैन तथा परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। परिवार के लिए यह खास अवसर रहा। इस मुलाकात को ग्वालियर के लिए भी गौरवपूर्ण बताते हुए सभी ने अमिताभ बच्चन के प्रति आभार व्यक्त किया।

दोनों बाइक्स में दमदार परफॉर्मेंस और आधुनिक तकनीक

हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की दो बाइक्स 'एक्सट्रीम 160आर 4वी और रिफ्रेश्ड एक्सट्रीम 250आर'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए बिल्कुल नई एक्सट्रीम 160आर 4वी और रिफ्रेश्ड एक्सट्रीम 250आर लॉन्च की हैं। दोनों बाइक्स में स्पोर्टी डिजाइन, दमदार परफॉर्मेंस और आधुनिक तकनीक पर जोर दिया गया है। कंपनी का लक्ष्य युवा राइडर्स को बेहतर फीचर्स और प्रीमियम राइडिंग अनुभव देना है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनुज दुआ के मुताबिक, एक्सट्रीम फैमिली कंपनी की प्रीमियम रणनीति का अहम हिस्सा है। नई एक्सट्रीम 160आर 4वी में 163 सीसी का 4-वाल्व, ऑयल-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 17.1 पीएस की पावर और 14.6 एनएम



का टॉर्क पैदा करता है। कंपनी के अनुसार, यह बाइक 0 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार 4.4 सेकंड में पकड़ सकती है। बाइक में राइड-बाय-वायर तकनीक, तीन राइडिंग मोड, क्रूज कंट्रोल और पैनिक ब्रेक अलर्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा डुअल-चैनल एबीएस, अपसाइड-डाउन फ्रंट फोर्क, टीएफटी कंसोल, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन भी मिलता है। इसका नया डिजाइन और एलईडी लाइटिंग इसे स्पोर्टी लुक देते हैं।

एक्सट्रीम 250आर में चार राइडिंग मोड

रिफ्रेश्ड एक्सट्रीम 250आर में 250 सीसी का लिक्विड-कूल्ड, 4-वाल्व डीओएचसी इंजन है, जो 30 पीएस की पावर और 25.3 एनएम का टॉर्क देता है। कंपनी के अनुसार, यह बाइक 0 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार 3.2 सेकंड में हासिल करती है। इसमें चार राइडिंग मोड रेन, रोड, स्पोर्ट और ट्रैक के साथ क्रूज कंट्रोल, बाय-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम दिया गया है। नया टीएफटी कंसोल, फ्रीक्वेंसी सिलेक्टिव डैंपिंग सस्पेंशन इसके प्रमुख आकर्षण हैं। नई एक्सट्रीम 160आर 4वी के स्टैंडर्ड वेरिएंट की शुरुआती कीमत 1.27 लाख रुपए, प्रो की 1.37 लाख रुपए और कार्बन वेरिएंट की 1.41 लाख रुपए रखी गई है। सभी कीमतें दिल्ली की एक्स-शोरूम कीमतें हैं।

बीएसएनएल कर्मचारियों ने दी 20 नवंबर 2026 को देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

देशभर के सांसदों को ज्ञापन देकर करेंगे केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भारत संचार निगम लिमिटेड कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित तीसरे वेतन संशोधन को लागू कराने के लिए संयुक्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के मंच ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस ऑफ बीएसएनएल (एयूएबी) ने आंदोलन तेज कर दिया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ तो 20 नवंबर 2026 को देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। एयूएबी के मुताबिक 7 अक्टूबर से 7 नवंबर तक देशभर के सांसदों को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करने का अभियान शुरू किया है। जिसके चलते भोपाल सांसद आलोक शर्मा और राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के अनुसार दोनों जनप्रतिनिधियों ने मांगों को केंद्रीय संचार मंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है। मध्य प्रदेश में रीवा, सागर, बालाघाट, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन दिए जा चुके हैं।

जबरन टैगिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

एफएआई ने की अपीलः गैर-सब्सिडी वाले उर्वरकों पर प्रतिबंध की समीक्षा करें राज्य सरकारें

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने राज्य सरकारों से गैर-सब्सिडी वाले उर्वरकों और विशेष फसल पोषण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा करने की अपील की है। एसोसिएशन का कहना है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार सहित कई राज्यों में लगाए गए प्रतिबंधों से किसानों की उन कृषि सामग्रियों तक पहुंच प्रभावित हो रही है, जिन्हें उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफसीओ), 1985 के तहत मंजूरी मिली हुई है।

एफएआई ने कहा कि रबी की बुवाई के मौसम से पहले इन उत्पादों की उपलब्धता सीमित होने से किसानों को परेशानी हो सकती है। कई किसान अपनी फसलों और मिट्टी की जरूरतों के अनुसार विशेष पोषक उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में एसोसिएशन ने राज्यों से संतुलित नीति अपनाने का आग्रह किया है, ताकि अनियमित बिक्री पर रोक लगाने के साथ स्वीकृत उत्पादों की उपलब्धता भी बनी रहे। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने कहा कि भारतीय कृषि में अब पारंपरिक उर्वरकों के साथ विज्ञान आधारित फसल पोषण समाधानों का इस्तेमाल भी बढ़ रहा है।

इनमें सूक्ष्म पोषक तत्व, पानी में घुलनशील उर्वरक, लाभकारी तत्वों से युक्त उर्वरक, तरल एवं जैविक कृषि उत्पाद, जैव उर्वरक, जैव उद्दीपक और नैनो उर्वरक शामिल हैं। एसोसिएशन का कहना है कि ये उत्पाद पारंपरिक उर्वरकों के पूरक हैं और मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी दूर करने, पोषक तत्वों के बेहतर उपयोग तथा फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। एफएआई के मुताबिक, फसल की जरूरत के अनुसार पोषण प्रबंधन से खेती की दक्षता और टिकाऊपन को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

कार्यालयः प्राचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)
Off. 07582-236283, Fax: 07582-236283, e-mail: nodalsagar@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण

महाविद्यालय के केन्टीन संचालन के लिए GST No. खाद्य विभाग का लाइसेंस, स्थापना पंजीयन प्रमाण-पत्र धारक से ही सीलबंद निविदा दिनांक 10/11/2026 के साय 5.00 तक आमंत्रित किये जाते है। अंतिम दिनांक तक प्राप्त निविदा दिनांक 11/11/2026 के सायः 3.30 बजे महाविद्यालय की क्रय समिति द्वारा खोले जायेगे। निविदा की शर्ते / निर्देश महाविद्यालय से प्राचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर के नाम से 200 रुपए का बैंक ड्राफ्ट जमा कर दिनांक 10/11/2026 के सायं 4.30 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

प्राचार्य
शास. कला एवं वाणिज्य (अग्रणी)
महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

चिंतन

धार्मिक उत्सवों में हादसों का जिम्मेदार कौन?

त्योहारों में आस्था और उल्लास के बीच मौत का तांडव आखिर कब थमेगा? कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल और ग्वालियर में मंदिर के पास हादसे में श्रद्धालुओं की जान जाना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हर त्रासदी के बाद जांच, गिरफ्तारी और निलंबन होते हैं, लेकिन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के ठोस उपाय कब होंगे? भारत में त्योहार आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता के प्रतीक माने जाते हैं। दुर्गा पूजा के पंडालों से लेकर मंदिरों और धार्मिक सभाओं तक, लाखों लोग श्रद्धा के साथ जुटते हैं। लेकिन जब उत्सव चीख-पुकार और मातम में बदल जाएं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन हादसों का जिम्मेदार कौन है? जवाबदेही किसकी है? कोलकाता और ग्वालियर की हालिया घटनाएं बताती हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अब भी गंभीर सवाल अनुत्तरित हैं। कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 लोगों की मौत और 25 के घायल होने की खबर बेहद दुःखद है। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ पंडाल में प्रवेश करना और संकरे रास्ते में भीड़ का फंस जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। दूसरी ओर, ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 26 के घायल होने की सूचना है। दोनों हादसों की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन साझा सवाल यही है कि संभावित खतरे को पहले क्यों नहीं पहचाना गया? कोलकाता में भीड़ की क्षमता, प्रवेश-निकास और बारिश के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी है। ग्वालियर में यह पता लगाना होगा कि भारी वाहन उस मार्ग पर कैसे पहुंचा, यातायात नियंत्रण कैसा था और श्रद्धालुओं की कतार सड़क के जोखिम वाले हिस्से में क्यों लगी थी। यह पहली बार नहीं है जब धार्मिक आयोजन मातम में बदले हैं। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पास भगदड़ में 115 लोगों की जान गई थी। हर साल कहीं न कहीं ऐसे हादसे लगातार होते रहते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस प्रावधान नहीं किए जाते। ऐसे में जरूरत है ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उत्सवों में लोगों की जान न जा पाए। इसके लिए आयोजनों से पहले स्थल की क्षमता निर्धारित होनी चाहिए। प्रवेश और निकास के रास्ते अलग तथा बाधारहित हों। सीसीटीवी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य हो। बारिश, आग, बिजली बाधित होने या अचानक भीड़ बढ़ने की स्थिति के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार रहनी चाहिए। प्रशासन और आयोजकों को आयोजन से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लेनी चाहिए। प्रॉपर बैरिकेडिंग हो, श्रद्धालुओं के लाइन में लगने की व्यवस्था हो। पुलिसबल और आयोजकों के वालिंटियर तैनात रहे। संकरे रास्तों में लाइनों की व्यवस्था की जाए। वहीं, आमजन को भी चाहिए कि वह बुजुर्गों और बच्चों को ऐसी भीड़भाड़ भरी जगहों पर ले जाने से बचें। आयोजकों, पुलिस, यातायात विभाग और जिला प्रशासन के बीच जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। श्रद्धालुओं को भी धक्का-मुक्की, अफवाह और जल्दबाजी से बचना चाहिए, लेकिन नागरिकों से अनुशासन की अपेक्षा करने से पहले प्रशासन को सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध करानी होगी।

भारत-यूएस आर्थिक संबंधों का संवेदनशील दौर



मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिका की ओर से 60 दिनों की टैरिफ राहत भारत के लिए अपने निर्यात हितों को सुरक्षित करने और व्यापार वार्ता को नई दिशा देने का अवसर है। वस्त्र, औषधि, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों से देश की अर्थव्यवस्था के साथ लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए भारत को टैरिफ दरें न्यूनतम कराने के उद्देश्य से प्रभावी कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। यह राहत भले ही अस्थायी हो, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व कम नहीं है। अगले 60 दिनों में भारत के सामने अपने आर्थिक हितों को मजबूती से रखने और बेहतर व्यापार समझौते की राह तलाशने की चुनौती होगी। उम्मीद है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूती देगा।

भारत और अमेरिका के संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीति के कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारत के समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजार में अपने मजबूत निर्यात को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ रूस से रियायती दरों पर अपनी ऊर्जा जरूरतों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का रणनीतिक संतुलन साधने का दबाव है। इस खींचतान के बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमों में अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित शुल्क और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य की एक नई पटकथा लिख रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद से लेकर 2016 तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों में एक प्रभावी दौर देखने को मिला। वर्ष 2000 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 6 गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाज़ार में भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारत की आर्थिक साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगति को 2008 के ऐतिहासिक 'असैन्य परमाणु समझौते' और 2016 में भारत को मिले 'मेजर डिफेंस पार्टनर' के दर्जे से गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा व्यापार और प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के नए द्वार खुलने के साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच-1बी वीजा नीति ने भारतीय कुशल पेशेवरों को अमेरिका में कार्य करने और वैश्विक पहचान बनाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां 2000 से 2016 के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने भारत के तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रों में भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही, भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिकी बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रंप काल में शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियों से ठीक पहले तक दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसे में अब अमेरिका से नई आर्थिक संभावनाओं की उम्मीद की जा रही है। हाल ही में 17 अक्टूबर को अमेरिकी प्रशासन द्वारा 'लींडसे ग्राहम अधिनियम' के तहत रूसी तेल खरीदारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कठोर फैसले को 60 दिनों के लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य पूर्व के तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की ऊर्जा जरूरतों और स्रोतों के विविधीकरण की सराहना की है। रूस से प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल खरीदने की इस छूट से भारत में ईंधन की लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजार में महंगाई का दबाव कम होगा। इसके साथ ही, इस फैसले ने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चितता से बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का प्रवाह बनाए रखने में मदद की है।



निसंदेह तेल टैरिफ पर 60 दिनों की राहत के बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमों में सख्ती के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कॉर्पोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञों पर संकट गहराता जा रहा है। एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के अतिरिक्त शुल्क को एक वर्ष के लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रिया को बेहद सख्त करने से बड़ी भारतीय आईटी कंपनियों के पंजीकरण में 92 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कुल मंजूर एच-1बी वीजा में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 71 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, नौकरी छूटने के बाद मिलने वाले 60 दिनों के वैधानिक ग्रेस पीरियड को खत्म करने का नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जाएगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुनः आवेदन करने की बाध्यता होगी। अब तकनीकी और श्रम बाजार के अलावा भारत का फार्मास्यूटिकल उद्योग भी अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों की सीधी जद में आ गया है। भारत को वैश्विक स्तर पर 'विश्व की फार्मेसी' कहा जाता है और इसकी सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली का एक प्रमुख आधार रही हैं। हालांकि, आयातित जेनेरिक दवाओं पर 1 अगस्त 2026 से लागू चरणबद्ध शुल्क नीति के तहत शुरुआती दो वर्षों में 0 प्रतिशत शुल्क के बाद इसे 2028 में 100 प्रतिशत और 2029 से बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने की योजना है। यदि यह नीति पूर्ण रूप से लागू होती है, तो अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाओं की कीमतें अत्यधिक बढ़ जाएंगी, जिससे भारत का फार्मा निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य देखभाल की लागत कई गुना बढ़ जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के तहत भारत को सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बीच एक संतुलित और दृढ़ रुख अपनाना होगा। भारत को कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रों से भारत की विशाल आबादी की आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही, औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी पर अमेरिकी टैरिफ दरों को शून्य या न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए भारत को कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंततः, अमेरिका द्वारा मिली 60 दिनों की यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारत के लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह 60 दिनों का समय भारत को अपनी वैश्विक निर्यात स्थिति, रणनीतिक विकल्पों और कूटनीतिक वार्ताओं को नए सिरे से संजोने का एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करता है। उम्मीद करें कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत दौरे से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और आर्थिक साझेदारी को गति देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दुर्गा अष्टमी
बाल मुकुन्द ओझा



कन्या पूजन : नारी शक्ति की आराधना का महापर्व

शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को महा अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा होती है। कहते हैं नवरात्रि के आठवें दिन जो भी भक्त मां की सच्चे मन से आराधना करता है उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं और उसके जीवन में सब मंगल ही मंगल होता है। देवी के इस स्वरूप का रंग अत्याधिक गोरा है इसलिए उन्हें महागौरी के नाम से जाना गया है। कन्या पूजन कोई अष्टमी को करता है तो कोई नवमी के दिन। इस बार कन्या पूजन 19 अक्टूबर को करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब महागौरी की उत्पत्ति हुई उस समय उनकी उम्र आठ साल थी इसलिए इनकी पूजा अष्टमी के दिन की जाती है। ये सुख और शान्ति की देवी भी कहलाती है। माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। देवी दुर्गा के नौ रूपों में महागौरी आठवीं शक्ति स्वरूपा हैं। महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं, वह पापमुक्त हो जाते हैं। महागौरी की चार भुजाएं होती हैं। जिसमें से दो भुजाओं में उनके शस्त्र होते हैं और दो भुजाएं आशीर्वाद देती हुई प्रतीत होती हैं। इनका वर्ण सफेद और देखने में अत्यंत सुन्दर है, इसीलिए इनका नाम महागौरी है। इनकी सवारी एक सफेद बैल है और इनके वस्त्र भी सफेद हैं। अष्टमी की तिथि के दिन महागौरी मां दुर्गा की पूजा से भक्तों के सभी तरह के पाप और कष्ट दूर हो जाते है। प्राचीन कथा के अनुसार जब देवी सती भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु तपस्या में लीन थीं, तो उनके सम्पूर्ण शरीर पर मिट्टी जम गयी थी। कठोर तपस्या के कारण माता का शरीर काला पड़ गया था। अंततरू देवी की तपस्या से प्रसन्न होने के पश्चात्क भगवान शिव उन्हें स्वीकार करते हैं। उस समय देवी सती ने जब गंगा जल में स्नान किया तब वह विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं। तब देवी के इस स्वरूप को भगवान शिव ने महागौरी का नाम दिया। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करने से सभी पाप धुल जाते है। जिससे मन और शरीर हर तरह से शुद्ध हो जाता है। देवी महागौरी भक्तों को सदमार्ग की ओर ले जाती है। इनकी पूजा से अपवित्र व अनैतिक विचार भी नष्ट हो जाते हैं। देवी दुर्गा के इस सौम्य रूप की पूजा करने से मन की पवित्रता बढ़ती है। जिससे सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ने लगती है। देवी महागौरी की पूजा करने से मन को एकाग्र करने में मदद मिलती है। इनकी उपासना से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हमारी धार्मिक परंपरा में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है और छोटी कन्याओं में भी देवी के स्वरूप की कल्पना की जाती है। इसी आस्था के कारण नवरात्रि के अंत में कन्या पूजन किया जाता है। नवरात्रि के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महाष्टमी मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना, आत्मशुद्धि और सुख-समृद्धि की कामना का पावन पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की पूजा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस दिन कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं में देवी शक्ति के स्वरूप का सम्मान किया जाता है। यह परंपरा नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सेवा का संदेश देती है। महाष्टमी का वास्तविक महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि मन की पवित्रता, सदाचार, करुणा और अच्छे कर्मों को जीवन में अपनाने में भी निहित है।



(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

सटाका



आज की पाती

कंजक पूजा ही नहीं उनका सम्मान भी करें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। आजकल हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। जो भी भक्त माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी रोग, कष्ट और अन्य सभी दुख मिट जाते हैं। लेकिन दुर्गा माता को प्रसन्न करने के लिए हमें लोभ, लालच, मोहमाया आदि विकारों से दूर रहना चाहिए। साथ ही हम कंजकों का पूजन जरूर करें, लेकिन उनका सम्मान करना भी हमें सीखना होगा। -*बबीता रानी, रोहतक*

ट्रेंड

पैरा-एथलीटों पर गर्व

एशियन पैरा गेम्स 2026 की शुरुआत आइची-नागोया में हो रही है। इस अवसर पर मैं भारतीय दल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत को पैरा-एथलीटों पर अपार गर्व है। उनका साहस, समर्पण और जज्बा 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करता है। -**नरेंद्र मोदी, पीएम**



खामियाजा भुगतना पड़ेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की 'रातों की नींद उड़ी हुई है'। उन्हें हर हाल में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और 'वोट चोरी' का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
-**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



अराजकता फैला रहा विपक्ष

'भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मुख्य विपक्षी दल का सड़क पर विरोध प्रदर्शन के जरिए सत्ता परिवर्तन की बात करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्हें पता होना चाहिए कि जहां भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, वहां विदेशी ताकतों ने उन्हें प्रायोजित किया है और उससे अराजकता फैली है।'
-**चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री



खतरनाक साजिश रची

भारत विरोधी गिरोहों और कुछ नेताओं ने युवाओं को भड़काने तथा सड़कों पर हिंसा फैलाने की यहां ठीक वैसी 'साजिश' रची, जैसी पहले फ्रांस एवं बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के लिए रची गयी थी। ऐसी "खतरनाक साजिश" रचने वाले लोग यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। -**किरेन रीजीजू,** केंद्रीय मंत्री



करंट अफेयर

अब तस्वीर से हृदय रोग का पता लगा सकता है एआई

चेहरे और जीभ की तस्वीरों के आधार पर तैयार एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली ने एक छोटे परीक्षण में कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित प्रत्येक मरीज की सटीक पहचान की। चीन में किये गए एक नये अध्ययन में यह बात सामने आई है। प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे और जीभ की तस्वीरें एक विशेष रूप से तैयार किए गए स्कैनिंग प्रणाली की मदद से ली गईं। तस्वीरों का विश्लेषण 'डीप लर्निंग' तकनीक के जरिए किया गया। यह एआई की एक तकनीक है, जो तस्वीरों में मौजूद विशेषताओं को पहचानना सीखती है। 'डीप लर्निंग' एआई और 'मशीन लर्निंग' का एक उन्नत हिस्सा है। यह तकनीक कंप्यूटर और मशीनों को मानव मस्तिष्क की तरह सोचने, समझने और डेटा से खुद सीखने योग्य बनाती है। इस प्रणाली ने पहले जीभ और चेहरे की तस्वीरों का अलग-अलग विश्लेषण किया। इसके बाद, दोनों से प्राप्त जानकारियों को मिलाकर यह अनुमान लगाया कि किन लोगों को सीएचडी है। दोनों तस्वीरों से मिली जानकारियों का संयुक्त रूप से इस्तेमाल करने पर परिणाम, किसी एक तस्वीर के आधार पर किए गए विश्लेषण की तुलना में बेहतर रहे। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्करण ने 104 लोगों पर किए गए परीक्षण में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की।



ऑफ बीट

महा अष्टमी पर काठमांडू के दुर्गा मंदिरों में भीड़ उमड़ी

नेपाल में 10-दिवसीय बड़ा दशईं त्योहार के आठवें दिन महा अष्टमी के मौके पर रविवार को काठमांडू घाटी में देवी दुर्गा को समर्पित मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नेपाल में हिंदू समुदाय के लिए महा अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन वे देवी के महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं, जो क्रमशः शक्ति, धन और ज्ञान से जुड़ी हुई हैं। बड़ा दशईं नेपाल का सबसे बड़ा हिंदू त्योहार है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'नवदुर्गा' कहा जाता है। यह उत्सव दसवें दिन यानी विजयादशमी के मौके पर संपन्न होता है। विजयादशमी के दिन घर के बड़े-बुजुर्ग परिवार के छोटे सदस्यों को सिंदूर, दही और चावल का टीका लगाते हैं तथा आशीर्वाद के रूप में उन्हें 'जमारा' (जौ के अंकुर) देते हैं। गुहेश्वरी, नक्सल भगवती, भद्रकाली, शोवा भगवती, बिजेश्वरी, इंद्रायणी, रक्तकाली, बज्रयोगिनी और तालेजू भवानी सहित काठमांडू के प्रमुख मंदिरों में रविवार को भारी भीड़ जमा हुई। त्योहार के लिए मंदिरों को रंगीन रोशनी और कागज के झंडों से सजाया गया था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत कई मंदिरों में पशु बलि दी गई। कई जगहों पर 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ भी किया गया, जो मार्कंडेय पुराण से जुड़ा एक पवित्र ग्रंथ है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

नशे के खिलाफ युवाओं की जंग: मध्य प्रदेश के 5 शहरों में सीबीएन ने चलाया जागरूकता अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मा कुमारीज़ के साथ मिलकर चलाया अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और करियर की दी जानकारी

मिशन युवा रक्षा के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), मध्य प्रदेश इकाई ने अक्टूबर 2026 में नीमच, जावरा, जावद, मंदसौर और गरोठ के शैक्षणिक संस्थानों में पांच ड्रग-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कई कार्यक्रम ब्रह्मा कुमारीज़ के सहयोग से हुए। कार्यक्रमों में नशे के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और करियर पर दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जागरूकता सत्र, प्रश्नोत्तरी, शैक्षिक वीडियो, प्रेजेंटेशन, ध्यान और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियां हुईं। प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और अपने स्कूल, परिवार व समुदाय में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। 5 अक्टूबर को नीमच के स्वामी विवेकानंद शासकीय पीजी कॉलेज में करीब 200 विद्यार्थी व शिक्षक शामिल हुए। 13 को जावरा के सरदार पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लगभग 200 विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के साथ 25 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। 15 अक्टूबर को जावद के सीएम राइज़ शासकीय विद्यालय में करीब 450, मंदसौर के सबाखेड़ा स्थित सीएम राइज़ स्कूल में लगभग 450 तथा गरोठ के संस्कार वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 230 विद्यार्थी शामिल हुए।

1500 से ज्यादा विद्यार्थियों तक पहुंचा सीबीएन

नशे से दूर रहने का लिया संकल्प



जावद के सीएम राइज गवर्नमेंट स्कूल में छात्रों को बताए गए नशे के दुष्परिणाम, कार्यक्रम में कई छात्र हुए शामिल


जावरा के सरदार पटेल कालेज ऑफ नर्सिंग, में सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया



मंदसौर के सीएम राइज स्कूल, सबाखेड़ा में जानकारों ने बताया नशे से कैसे सेहत को बड़ा नुकसान होता है


अवेयरनेस प्रोग्राम-स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, नीमच एक दिवसीय आयोजन किया गया

खबर संक्षेप

असम में 7.5 करोड़ की याबा गोलियां जब्त

गुवाहाटी। असम के कामरूप जिले में पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने 30 हजार



प्रतिबंधित याबा गोलियां जब्त की हैं। इनकी कीमत करीब 7.5 करोड़ रुपए बताई गई है। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर शनिवार रात अमीनगांव इलाके में अभियान चलाया गया। इस दौरान मादक पदार्थों की खेप ले जा रहे एक व्यक्ति को रोका गया। याबा गोलियों को थाई भाषा में 'क्रेजी मेडिसिन' भी कहा जाता है।

ओडिशा एसआई परीक्षा पेपर लीक, जांच तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2024 के प्रश्नपत्र लीक



मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच का दायरा बढ़ाएगा। एजेंसी अब ओडिशा पुलिस भर्ती बोर्ड (ओपीआरबी) के कुछ अधिकारियों और निजी संस्थाओं की भूमिका की भी जांच करेगी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ईडी अभ्यर्थियों से कथित तौर पर वसूली गई रकम के लेन-देन और उससे बनाई गई अवैध संपत्तियों का पता लगा रही है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क की जा सकती हैं।

जुबीन मौत मामला:कोर्ट में चुनौती देगी सीआईडी

गुवाहाटी। असम सीआईडी मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दो आरोपियों को जमानत



दिए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने जा रही है। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गुवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेशों का अध्ययन करने और कानूनी राय लेने के बाद यह फैसला किया गया है। जमानत पाने वालों में गर्ग के चचेरे भाई और एक अन्य गायिका अमृतप्रभा महंत तथा निलंबित पुलिस उपाधीक्षक संदीपन गर्ग शामिल भी हैं।

गोवा के मडगांव में कांग्रेस की गोय राखोन यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद

राहुल का दावा- सीईसी वोट चोरी को अंजाम देते हैं, किसी भी सूरत में नहीं बच पाएंगे!

एजेंसी ▶▶ गोवा

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय गोवा में हैं। उन्होंने दक्षिण गोवा के मडगांव में कांग्रेस की गोय राखोन यात्रा में हिस्सा लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ 2 किलोमीटर तक पैदल चले। राहुल गांधी ने गोवा के मडगांव में दावा करते हुए कहा, पूरा देश जानता है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार वोट चोरी को अंजाम देते हैं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका समर्थन करते हैं। राहुल ने कहा, कांग्रेस संविधान की रक्षक है,प्रधानमंत्री, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार जानते हैं कि वे हमसे बच नहीं सकते। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, पहले हमारे पास विश्व-स्तरीय शिक्षा प्रणाली हुआ करती थी, लेकिन अब छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। मडगांव में राहुल ने कहा, मैं आपको एक दिलचस्प बात बताता हूं, मेरे खिलाफ मानहानि के 45 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। फिर भी, मैं हर मंच से कहता हूं कि नरेंद्र मोदी वोट चुराते हैं, और ऐसा कहने के लिए मेरे खिलाफ कभी कोई मामला दर्ज नहीं किया जाता। क्या आप जानते हैं क्यों? क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे खास तौर पर वोट चोरी करने को लेकर कोई मामला दर्ज कराते हैं, तो यह एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन जाएगी, और वे खुद ही इसमें फंस जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज नहीं तो कल, कांग्रेस पार्टी न्याय जरूर दिलाएगी क्योंकि हम संविधान के संरक्षक हैं, हम इसकी रक्षा करने वाले हैं। जब इन लोगों ने वोट चुराए और संविधान पर हमला किया, तो इन्होंने हमारी आस्था पर भी प्रहार किया।

कार्यकर्ताओं के साथ 2 किमी तक पैदल चले राहुल गांधी

ज्ञानेश कुमार और पीएम मोदी पर जमकर साधा निशाना



जमीन और बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी उठाए

कांग्रेस ने इस अभियान के दौरान गोवा में जमीन के इस्तेमाल और भूमि परिवर्तन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सार्वजनिक सुरक्षा और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने जैसे मुद्दे उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि गोवा की जमीन, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति की रक्षा जरूरी है. यात्रा के जरिए कांग्रेस ने इन विषयों पर लोगों के बीच अपनी बात रखी और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने की कोशिश की।

क्या है गोय राखोन यात्रा

गोय राखोन यात्रा कांग्रेस का गोवा में चलाया गया जनसंपर्क अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य की जमीन, पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय पहचान से जुड़े मुद्दों को उठाना है। 22 सितंबर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य की सभी 40 विधानसभा सीटों तक पहुंचने के लिए आयोजित की गई है और आज मडगांव में राहुल गांधी की जनसभा के साथ इसका समापन होना है।

भारत न बांग्लादेश न फ्रांस: एसआईआर पर

रिजिजू का विपक्ष पर निशाना, लगाया हिंसा भड़काने की साजिश का आरोप

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ हो रहे



प्रदर्शनों को लेकर विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने दावा किया कि कुछ नेताओं और भारत विरोधी समूहों ने युवाओं को भड़काकर सड़कों पर हिंसा फैलाने की साजिश रची थी। रिजिजू ने बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं और फ्रांस में हुए दंगों, आगजनी व लूटपाट का हवाला देते हुए कहा कि भारत न बांग्लादेश है, न फ्रांस। उन्होंने कहा कि देश में सत्ता परिवर्तन संभव है, लेकिन केवल चुनाव के जरिए। अपने बयान में उन्होंने जॉर्ज सोरोस का भी जिक्र किया और एक वीडियो साझा किया, जिसमें आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण सत्ता परिवर्तन की बात करते दिख रहे हैं। यह विवाद दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के बीच उठा है।

सुरक्षा जांच के बाद एनओसी जारी

रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होगी कांग्रेस की रैली, दिल्ली पुलिस ने दी हरी झंडी

25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रामलीला मैदान खाली बताया गया


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का एलान किया गया है। हालांकि दिल्ली में लगातार चल रहे विरोध-प्रदर्शनों की वजह से व्यापारियों और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इस रैली का होना मुश्किल माना जा रहा था, लेकिन इसी बीच दिल्ली पुलिस ने रैली करने की अनुमति दे दी है। साथ ही एनओसी भी जारी कर दी गई है। दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगहों की लिस्ट से जंतर-मंतर को हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने रामलीला मैदान में रैली की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद लिए उन्हें अनुमति दे दी गई है और अगर यह रैली सफल तरीके से होती है तो यह इस तरह की कांग्रेस की पहली रैली होगी। कांग्रेस पार्टी की ओर से रामलीला मैदान में आयोजित रैली के बारे में सेंट्रल डीसीपी राजबीर सिंह ने भी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जैसा आप सबको मालूम है रामलीला मैदान, सीबीडी ग्राउंड और बुराड़ी ग्राउंड को प्रदर्शन स्थलों के रूप में तय किया गया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जगह की उपलब्धता की जानकारी के लिए एमसीडी से संपर्क किया गया था। एमसीडी की ओर से मैदान में 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक की उपलब्धता बताई गई। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी हमारे पास पहुंची। सुरक्षा के इंतजामों को देखते हुए हमने उन्हें एनओसी देने का फैसला लिया है। इसी प्रक्रिया के तहत कोई और पक्ष भी मैदान बुक करना चाहे तो कर सकता है।

दिल्ली में चल रहा विरोध-प्रदर्शन

कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित रैली ऐसे समय पर होने जा रही है, जब पहले से ही देश में एसआईआर पर विवाद चल रहा है। वहीं दूसरी ओर कॉकरोच जनता पार्टी और इंडिया गठबंधन द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सीजेपी लगातार मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रही है। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के कनॉट प्लेस और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की कोशिश की।

1 नवंबर से लागू होगा नया ढांचा

सीआईएसएफ में काम के आधार पर अब मिलेगी सुरक्षा की कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की प्रशासनिक और परिचालन व्यवस्था में बड़ा



बदलाव होने जा रहा है। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद नया ढांचा 1 नवंबर 2026 से देशभर में लागू होगा। इसके तहत सुरक्षा की कमान अब भौगोलिक क्षेत्र के बजाय प्रतिष्ठानों के कार्यक्षेत्र और उनकी सुरक्षा जरूरतों के आधार पर तय की जाएगी। पुनर्गठन का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञता बढ़ाना, निगरानी मजबूत करना और विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना है। इससे संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्रतिष्ठानों के प्रबंधन के साथ समन्वय भी बेहतर होगा। सीआईएसएफ हवाई अड्डों, बंदरगाहों, परमाणु एवं अंतरिक्ष केंद्रों, बिजली संयंत्रों, कोयला खदानों, इस्पात संयंत्रों, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, सरकारी इमारतों, ऐतिहासिक स्मारकों और मेट्रो की सुरक्षा करता है।

सांवलिया सेठ मंदिर में बरस रहा धन

31.17 करोड़ का चढ़ावा, 930 ग्राम सोना,92 किलो चांदी चढ़ी

एजेंसी ▶▶ चित्तौड़गढ़

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में श्रद्धालुओं ने जमकर चढ़ावा चढ़ाया है। मंदिर के



भंडार से कुल 31 करोड़ 17 लाख 92 हजार रुपये से अधिक की नकदी प्राप्त हुई है। इसके अलावा 930 ग्राम से अधिक सोना और 92 किलो से ज्यादा चांदी भी चढ़ावे में मिली है। मंदिर की दानपेटियां 9 अक्टूबर को खोली गई थीं। नकदी की गिनती पांच चरणों में पूरी हुई, जिसका अंतिम चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हुआ। दानपेटियों से कुल 23 करोड़ 58 लाख 44 हजार रुपये से अधिक की राशि निकली। वहीं, श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन भुगतान और मनीऑर्डर के जरिए 7 करोड़ 59 लाख 47 हजार रुपये से अधिक की राशि भेजी। चढ़ावे में 930 ग्राम 100 मिलीग्राम सोना और 92 किलो 242 ग्राम से अधिक चांदी शामिल है। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन सहित 19 देशों की विदेशी मुद्रा भी दानपेटियों से मिली है।

पीएम मोदी को दिया न्योता...



11 नंवबर को परिणय बंधन में बंधेंगे, अनिरुद्ध और काव्या

नई दिल्ली। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिक कंपोजर और रजनीकांत के भतीजे अनिरुद्ध रविचंदर और सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों 11 नवंबर को ग्रीस में शादी करने जा रहे हैं। इस बीच काव्या के पिता और सन टीवी ग्रुप के चेयरमैन कलानिधि मारन और उनकी पत्नी कावेरी मारन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से मुलाकात कर उन्हें वेडिंग रिसेप्शन का न्योता दिया है।

महाराष्ट्र के बीड में हुआ हादसा

ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

श्रद्धालुओं से भरी कार और बस की टक्कर से 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित माजलगांव तालुका के शिंडेवाड़ी फाटा के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तुलजापुर में देवी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी हुंडई कार और महाराष्ट्र राज्य परिवहन (एसटी) की बस के बीच सुबह करीब 11:00 बजे आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा माजलगांव-खामगांव-पंढरपुर नेशनल हाईवे पर माजलगांव-तेलगांव मार्ग के निकट हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी लोग माजलगांव शहर और उसके आसपास के इलाकों के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके



पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ गैर-इरादतन लापरवाही का मामला दर्ज करने की मांग की है।

लेह-करगिल को मिली हाई कोर्ट की बेंच

सीजेआई ने किया लद्दाख हाईकोर्ट बेंच का उद्घाटन

अब न दिल्ली की दूरी, न सफर की मजबूरी: लद्दाख में न्याय की नई सुबह

एजेंसी ▶▶ जम्मू

सालों बाद दूर हुई न्याय की दूरी, 21 से शुरू होगी सुनवाई

75 केस लिस्टेड, 21 से सुनवाई

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों के लिए न्याय अब दूर नहीं रहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने रविवार को लेह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट की नवनिर्मित लद्दाख बेंच का ऐतिहासिक उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस अरुण पल्ली, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार लद्दाख बेंच पर मामलों की सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू



होगी। इसके लिए कुल 75 मामलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन चीफ जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजय परिहार की खंडपीठ पांच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद जस्टिस परिहार गुरुवार और शुक्रवार को एकल पीठ में मामलों की सुनवाई करेंगे। केंद्र सरकार ने अगस्त में इस बेंच को मंजूरी दी थी और हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर को लेह को बेंच स्थल घोषित किया था। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने इसे पिछले 40 साल में न्यायपालिका के इतिहास की सबसे बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब लद्दाख के लोगों को रिट याचिका सहित अन्य मामलों के लिए श्रीनगर या जम्मू की लंबी और कठिन यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

लेह और करगिल, दोनों की बराबर की बेंच

जस्टिस कांत ने जोर देकर कहा कि यह बेंच लेह और करगिल दोनों जिलों की समान रूप से है। उन्होंने कहा कि इसका असली मकसद तभी पूरा होगा, जब लद्दाख के हर कोने के लोग इस संस्था को अपना मानने लगेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लद्दाख से जुड़े सभी मामलों को एक ही दिन सूचीबद्ध करेगा और वर्चुअल तरीके से उनकी लगातार सुनवाई करेगा। इससे लेह और करगिल बार एसोसिएशन के वकील लद्दाख छोड़े बिना ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की पैरवी कर सकेंगे।

अदालत की पहचान ऊंचाई से नहीं, पहुंच से : जस्टिस कांत ने कहा कि अदालत की असली पहचान उसकी भौगोलिक ऊंचाई से नहीं, बल्कि लोगों तक उसकी पहुंच से होती है। उन्होंने न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए तकनीक और कानूनी सहायता को दो अहम साधन बताया।

बहुपक्षीय सहयोग होगा मजबूत

एससीओ बैठक में शामिल होने आज ताजिकिस्तान जाएंगे रक्षामंत्री राजनाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन के



शासनाध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बैठक सदस्य देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, कनेक्टिविटी, और सांस्कृतिक-मानवीय आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को दुशांबे में एससीओ शासनाध्यक्षों की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यापार, कनेक्टिविटी और इनोवेशन सहयोग पर फोकस रहेगा...

वित्तीय, संस्थागत कामकाज के फैसले भी ले सकते हैं

चल रही पहलों की प्रगति की समीक्षा और संगठन के वित्तीय तथा संस्थागत कामकाज से जुड़े फैसले भी लिए जा सकते हैं। शंघाई सहयोग संगठन मध्य एशिया, दक्षिण एशिया और यूरेशिया के देशों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मंच है इसमें भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान सहित कई देश शामिल हैं। शासनाध्यक्षों की बैठक आमतौर पर आर्थिक और व्यावहारिक सहयोग पर फोकस करती है।

क्षेत्रीय सहयोग के लिए अवसर

यह बैठक उस समय हो रही है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताएं और भू-राजनीतिक चुनौतियां बनी हुई हैं। एससीओ सदस्य देशों के बीच आपसी निर्भरता बढ़ाने और बाहरी दबावों से निपटने का एक मंच उपलब्ध कराता है। भारत के लिए यह मौका है कि वह अपने डिजिटल अनुभव, स्टार्टअप इकोसिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञता को साझा करे। साथ ही मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयासों को आगे बढ़ाए।समग्र रूप से राजनाथ सिंह का यह दौरा भारत की बहुपक्षीय कूटनीति और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैठक के नतीजे संगठन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

बैठक में सदस्य देशों से लाभकारी सहयोग बढ़ाने पर विमर्श करेगा भारत

क्षेत्रीय सहयोग बढ़ा रहा भारत

भारत एससीओ के विभिन्न तंत्रों में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप और इनोवेशन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसी पहलों के जरिए भारत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। बैठक में भारत अन्य सदस्य देशों के साथ व्यावहारिक और पारस्परिक लाभकारी सहयोग बढ़ाने पर विचार विमर्श करेगा। कनेक्टिविटी परियोजनाएं, आर्थिक एकीकरण और सांस्कृतिक संबंध मजबूत करने के लिए भारत के सुझाव महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।ताजिकिस्तान जैसी मध्य एशियाई देश के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध भी इस दौरे को अतिरिक्त महत्व देते हैं। एससीओ मंच पर भारत क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सतत विकास जैसे मुद्दों पर अपना पक्ष रखता रहा है। राजनाथ सिंह की उपस्थिति सुरक्षा आयाम को भी बल देगी, भले ही बैठक मुख्य रूप से आर्थिक एजेंडे पर हो।

परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे

इस बार दुशांबे में होने वाली बैठक में सदस्य देश आपसी व्यापार बढ़ाने, निवेश के नए अवसर तलाशने और कनेक्टिविटी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। इनोवेशन और डिजिटल क्षेत्र भी एजेंडे में प्रमुख रहेंगे। भारत इन क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।पिछली बैठक नवंबर 2025 में मॉस्को में हुई थी, जिसमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था. इस बार रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जाना संगठन में भारत की व्यापक भागीदारी को दर्शाता है। सुरक्षा और आर्थिक सहयोग दोनों मोर्चों पर भारत की रुचि स्पष्ट है।

खबर संक्षेप

भारत के कड़े विरोध के बाद बैकफुट पर जेडी वेंस

वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वीकार किया है कि एच-1बी वीजा पर काम करने



वाले विदेशी पेशेवरों को बंधुआ मजदूर कहना उनके शब्दों का एक गलत चुनाव था। भारत सरकार और विदेश मंत्रालय द्वारा इस टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक और औपनिवेशिक विरासत की याद दिलाने वाले बताए जाने के बाद वेंस का यह स्पष्टीकरण सामने आया है। टाउन हॉल एक भारतीय-अमेरिकी नागरिक द्वारा पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए वेंस ने अपने शब्दों की जिम्मेदारी खुद ली।

अमेरिकी, यूएई नेताओं से आज जयशंकर की वार्ता

नई दिल्ली। कूटनीति के लिहाज से भारत के लिए ये सप्ताह भी संभावनाओं और उम्मीदों से भरा



रहने वाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर मुंबई में यूएई के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ बातचीत करेंगे। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, रक्षा और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर 19 और 20 अक्टूबर को यूएई के विदेश मंत्री की मेजबानी करेंगे।

लाखों लोग सड़कों पर उतरे

अलग-अलग मुद्दों को लेकर फ्रांस, इटली से अमेरिका तक 8 देशों में फैली प्रदर्शन की 'आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई देशों में असंतोष और गुस्से का एक नया दौर देखने को मिल रहा है। भारत से लेकर यूरोप और अमेरिका तक जगह-जगह बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई है।

फ्रांस, इटली,और अल्बानिया से लेकर अर्जेंटीना और तुर्किये तक, लोग महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फ्रांस और अल्बानिया में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की वजह से बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले जनता का गुस्सा फूट पड़ा है।

दुनिया के कई देशों में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट और सरकारी नीतियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव से पहले जनता का गुस्सा फूट पड़ा है, जहां लाखों लोग सड़कों पर उतरे हैं। बेल्जियम, पुर्तगाल, इटली, अल्बानिया, तुर्किए, अर्जेंटीना और अमेरिका में भी अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन जारी हैं...



उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ अर्जेंटीना में पुलिस से झड़प करते प्रदर्शनकारी।



रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतरे अल्बानिया के छात्र।

फ्रांस- बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर प्रदर्शन

फ्रांस में इन प्रदर्शनों की दो मुख्य वजहें हैं- एक तरफ जहां बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर जनता में आक्रोश है,तो वहीं दूसरी तरफ छात्रों और टीचर स्कूल की बदहाल स्थिति और शिक्षा बजट में कटौती का विरोध कर रहे हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के लिए ये चुनाव उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले एक बड़ा इम्तिहान बन गया है।फ्रांस में ये छात्र आंदोलन पिछले महीने पेरिस में स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ था, जो धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गया। फ्रांसीसी आंतरिक मंत्री लॉरेंट नुनेज ने बताया कि घटती क्रय शक्ति के खिलाफ हुए इन प्रदर्शनों में करीब 5.5 लाख लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें पेरिस की सड़कों पर 1.10 लाख लोग उतरे थे। इस दौरान कई जगहों पर हिंसक झड़पें भी हुईं।

अर्जेंटीना और अमेरिका में भी विरोध की गूंज

लैटिन अमेरिकी देश अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में बजट में भारी कटौती करने वाले राष्ट्रपति जेवियर माइली की उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ इस हफ्ते की शुरुआत में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई। संसद के बाहर हजारों विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारियों और ट्रेड यूनियन के सदस्यों का प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया। माइली के सत्ता में आने के बाद से शिक्षा फंडिंग संकट को लेकर ये पांचवां बड़ा विरोध प्रदर्शन है। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 'नो किंग्स' नेटवर्क ने देश भर के शहरों में रैलियां कीं। इसका मकसद मध्यावधि चुनावों में लोगों को जल्दी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना था। हालांकि इन्हें गैर-पक्षपाती बताया गया, लेकिन ये ट्रंप की नीतियों से असंतुष्ट लोगों के दो साल के लंबे विरोध का ही एक हिस्सा था।

अल्बानिया और तुर्किये में सुलगता असंतोष

अल्बानिया में भी छात्र विश्वविद्यालयों की बढ़तर स्थिति, पढ़ाई में ज्यादा खर्च और रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तिराना में शिक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन तब हिंसक हो गया, जब छात्रों ने इमारत पर ईंटें और कंक्रीट के ब्लॉक फेंके। उधर, तुर्किये में पिछले महीने पेंशनभोगियों और मजदूर संगठनों ने लगातार बढ़ती महंगाई और अपर्याप्त पेंशन भुगतान के खिलाफ प्रदर्शन किए।

इटली में महंगाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

इसी तरह इटली में भी यूरोप के दूसरे हिस्सों जैसे ही हालात देखने को मिल रहे हैं। मिलान में स्थिर वेतन, महंगाई और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में आ रही दिक्कतों को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किए और झड़पों की खबरें भी सामने आईं।

पुर्तगाल- बढ़ती महंगाई और कम सैलरी के विरोध में मार्च

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हजारों लोगों ने बढ़ती महंगाई, कम सैलरी और सस्ते मकान मिलने में हो रही मुश्किलों के खिलाफ मार्च निकाला। लिस्बन और कई दूसरे शहरों में 2017 के बाद से संपत्ति की कीमतें दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं, जबकि किराए में भी भारी बढ़ोतरी हुई है।



तुर्किए के मजदूर संगठनों ने लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर आंदोलन किया।

बेल्जियम में फीस बढ़ाने का विरोध

पड़ोसी देश बेल्जियम में भी कुछ ऐसा ही हाल है। सार्वजनिक खर्चों में कटौती और बढ़ते घरेलू खर्चों के बीच छात्रों ने उच्च शिक्षा और यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का विरोध किया है। ब्रसेल्स और लिएज में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों के बाद पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

समुद्री अभ्यास कोंकण-2026 संपन्न



नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कोंकण-2026 15 अक्टूबर को ब्रिटेन के प्लायमाउथ के निकट संपन्न हुआ। यह अभ्यास 8 से 15 अक्टूबर, तक आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय नौसेना और ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने विभिन्न पेशेवर व परिचालन क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अभ्यास किया। इस अभ्यास के माध्यम से दोनों नौसेनाओं को आपसी तालमेल बढ़ाने, अनुभव साझा करने और समुद्री सहयोग को मजबूत करने का अवसर मिला।

वेबसाइट्स के कंटेंट को लेकर दी सफाई

मेटा का एआई ट्रेनिंग से जुड़ी विवादित शर्त पर यू-टर्न

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रेस में आगे निकलने की होड़ के बीच दिग्गज टेक कंपनी मेटा को एक बड़ा कदम पीछे खींचना पड़ा है। अपने एआई मॉडल्स को ट्रेन करने के लिए न्यूज वेबसाइट्स और बिजनेस पेजों का कंटेंट मुफ्त में इस्तेमाल करने के फैसले पर कंपनी ने आखिरकार यू-टर्न ले लिया है। भारी आलोचनाओं और पब्लिशर्स के दबाव के बाद, मेटा ने को अपने कमर्शियल टर्म्स से विवादित प्रावधान को हटा दिया है। हालांकि,



मेटा का कहना है कि शर्तों में किए गए बदलाव का मतलब वेब क्रॉलिंग के तरीके में बदलाव नहीं है और कंपनी ने वेबसाइट्स के कंटेंट इस्तेमाल करने के अधिकार नहीं बढ़ाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मेटा ने अपनी व्यावसायिक शर्तों से उस प्रावधान को हटा दिया।

तटीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

डीआरआई ने 137 किलो क्रिस्टल मेथ की बड़ी खेप जब्त की, चार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने संगठित मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, हाल के वर्षों में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्तियों के अंतर्गत तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले के एक तटीय गांव से प्रतिबंधित सिंथेटिक मादक पदार्थ क्रिस्टल मेथामफेटामाइन की कुल 137 किलो खेप जब्त की है। डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 16–17 अक्टूबर के दौरान व्यापक निगरानी और प्रवर्तन अभियान चलाया।

तलाशी में छह डफल बैग बरामद



यह अभियान विशेष खुफिया जानकारी के बाद चलाया गया। इसमें मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप को नागपट्टिनम जिले के एक तटीय स्थान पर भंडारण और वहां से श्रीलंका में तस्करी के लिए पहुंचाया जाना था। इसके बाद की गई तलाशी में छह डफेल बैग बरामद हुए। इसमें सिल्वर फॉयल 27 पैकेट थे। इनमें सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ था। उसके उच्च शुद्धता वाले मेथामफेटामाइन होने का संदेह है। जब्त प्रतिबंधित सामग्री को स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत जब्त किया गया।

10 लाख रुपए नकद भी जब्त

संदिग्ध आयोजक के परिसर में एक साथ की गई तलाशी के दौरान, डीआरआई अधिकारियों ने बिक्री से प्राप्त रकम होने के संदेह में 10 लाख रुपए नकद भी जब्त किए। मादक पदार्थों के परिवहन में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए। दो चारपहिया वाहन और एक दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए।

रूस पर यूक्रेन ने दागे 1,015 ड्रोन, सेंट पीटर्सबर्ग में तेल ठिकानों पर लगी आग

रूस यूक्रेन में जंग जारी, हूतियों का अदन पर मिसाइल अटैक

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में रविवार को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले हुए। यूक्रेन ने रूस के कई इलाकों में एक हजार से ज्यादा ड्रोन दागे। इस दौरान सेंट पीटर्सबर्ग में तेल निर्यात टर्मिनल और तेल डिपो में आग लग गई। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव के मुताबिक, हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग घायल हुए हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन के रूसी तेल ठिकानों पर हमलों की आलोचना की है और दोनों देशों के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की बात कही थी।



क्या रूस ने भी यूक्रेन पर हमला किया?

रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर दो हमले किए। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में एक महिला की मौत हो गई और कम से कम दो लोग घायल हुए। घायलों में 6 साल की एक बच्ची भी शामिल है। जापोरिज्जिया क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख मायखाइलो सेमिकिन ने बताया कि हमले में दो अपार्टमेंट इमारतों, 18 कारों और एक शैक्षणिक संस्थान को नुकसान पहुंचा।

रूस के किन ठिकानों को नुकसान पहुंचा?

रविवार को हुए हमलों में सेंट पीटर्सबर्ग के तेल निर्यात टर्मिनल और रुचि तेल डिपो में आग लग गई। इसके अलावा, रूसी रिटेल कंपनी ओजोन के लॉजिस्टिक्स सेंटर और टेक कंपनी वीके के डाटा सेंटर को भी निशाना बनाया गया। दोनों कंपनियों ने अपने ठिकानों पर हमले की पुष्टि की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी सेना ने रूस के 15 क्षेत्रों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप और काला सागर के ऊपर कुल 1,015 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। क्रीमिया यूक्रेन का हिस्सा है, जिस पर रूस ने कब्जा कर रखा है।

7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान सीमा पर शनिवार को भारी गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए है। वहीं, पाकिस्तान ने दावा किया है कि जवाबी हमले में कई अफगान तालिबानी लड़ाके मारे गए और उनका एक सैन्य ठिकाना तबाह कर दिया गया। दोनों देशों के बीच यह झड़प विवादित डूरंड लाइन पर हुई। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में अब तक अफगानिस्तान में सीमा पार से होने वाली हिंसा के कारण 1100 से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई है।



अदन के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइलों से हमला

अदन। हूती लड़ाकों ने शनिवार को यमन सरकार की राजधानी अदन के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइलों से हमला किया। अदन में राष्ट्रपति के महल पर हमले के बाद इस हफ्ते महत्वपूर्ण ठिकाने पर हूती का यह दूसरा हमला है। जबकि सऊदी अरब ने लाल सागर के किनारे बसे बड़े तेल ठिकानों वाले शहर यानबू पर हमले के लिए दागी हूती विद्रोहियोंकी बैलेस्टिक मिसाइल को आकाश में ही नष्ट कर दिया।

गोलीबारी में 1 की मौत, कई घायल

मणिपुर में फिर अशांति, फूंक दिए कुकी समुदाय के 15 घर

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के कामजोंग जिले के एक पहाड़ी गांव में कुकी समुदाय के कम से कम 15 घरों में आग लगा दी गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इसके चलते बड़ी संख्या में नागरिकों को घर छोड़कर जंगलों और पास के सेना शिविर में शरण लेनी पड़ी।

उन्होंने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों ने शनिवार देर रात चस्साद गांव पर हमला किया और घरों में आग लगा दी।इससे पहले दिन में संदिग्ध उग्रवादियों ने गांव पर हमला किया था, जिसमें एक कुकी



नागरिक की मौत हो गई और चार अन्य को गोली लगी। पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल और कामजोंग पुलिस की संयुक्त टुकड़ी प्रभावित इलाके में तैनात की गई है। उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन ने चस्साद में हुई हिंसा की निंदा की।

दुकान में पर्दे के पीछे बना रखा था जुए का अड्डा

दुकान में चल रही जुए की फड़ से 16 जुआरी गिरफ्तार, 93 हजार रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित संकल्प सिटी मॉल के पास दुकान में पर्दे के पीछे बैठकर जुआ खेल रहे 16 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से 93 हजार 450 रुपए नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए हैं। पकड़े गए जुआरियों में आठ ऐसे हैं, जिनके खिलाफ पहले भी जुआ एक्ट और मारपीट से संबंधित मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संकल्प सिटी मॉल के पास दुकान के अंदर कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही बैरसिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 16 लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी और कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे और जुआ फड़ से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए गए।

जुआ फड़ से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए गए



इनको किया गिरफ्तार

पकड़े गए आरोपियों में निकुल मेहर, हेमेंद्र शर्मा, अंतरिक्ष जैन, अंकित मेहर, अतुल राजपूत, अनुरुद्ध यादव, संयम जैन, भूरा साहू, मोहित साहू, नरेंद्र परमार, रोहित कुशवाह, अजय कुशवाह, अमर मालवीय, राजबहादुर सिंह राठौर, रविंद्र राठौर और विशाल सिंह राठौर शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। आरोपी रोहित कुशवाह, अजय कुशवाह, निकुल मेहर, हेमेंद्र शर्मा, भूरा साहू, अंकित मेहर, संयम जैन और अमर मालवीय के खिलाफ पहले से आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं।

निशातपुरा आरओबी निर्माण कंपनी की चोरी हुई बोलेरो जबलपुर से बरामद

निशातपुरा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्य में लगी कंपनी की बोलेरो कैंपर चोरी होने के मामले में जीआरपी भोपाल ने वाहन को जबलपुर जिले से बरामद कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और टोल प्लाजा के फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान की थी। पुलिस टीम जब आरोपी को पकड़ने पहुंची तो वह बोलेरो छोड़कर फरार हो गया। उसकी तलाश में टीम लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पुणे की एचएस इंजीनियर्स कंपनी निशातपुरा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कर रही है। कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ अजमेर सिंह राजपूत ने 10 अक्टूबर 2026 को जीआरपी भोपाल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे कंपनी की बोलेरो कैंपर को निर्माण स्थल के अंदर खड़ा किया था। अगले दिन सुबह करीब सात बजे वाहन मौके से गायब मिला। अज्ञात व्यक्ति वाहन चोरी कर ले गया था। शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

टोल प्लाजा के फुटेज से मिला अहम सुराग

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके बाद चोरी हुए वाहन के संभावित रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा के फुटेज भी चेक किए गए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जबलपुर जिले के बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम केवलारी भरदा निवासी अजय सिंह गौंड (29) को चिह्नित किया। टीम जबलपुर पहुंची।

आरोपी अजय पर पहले से दर्ज हैं आठ अपराध

पुलिस के अनुसार, आरोपी अजय गौंड के खिलाफ जबलपुर जिले के बेलखेड़ा थाने में हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, छेड़छाड़, मारपीट, आगजनी, तोड़फोड़ और आबकारी अधिनियम से संबंधित कुल आठ अपराध पहले से दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी बोलेरो कैंपर का इस्तेमाल अवैध शराब के कारोबार के लिए करना चाहता था।

खबर संक्षेप



सभी को एक समान समझें, सम्मान करें

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में जैन समाज द्वारा 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। रविवार को नगर में जैन समाज द्वारा 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में किया गया। रविवार को आठवे दिन सौ धर्म इंद्र बनने का सौभाग्य नीलम-मनोज जैन, निवासी औबेदुल्लागंज परिवार को प्राप्त हुआ। विधान आचार्य पंडित प्रकाश जैन भोपाल द्वारा संगीत के साथ पूजन करवाई। पंडित लक्ष्मी चंद मुकेश जैन इजारदार परिवार को शांति धारा का सौभाग्य मिला। आयोजन में जैन समाज अध्यक्ष सुनील तमोट तरुण जैन सुनील बर्धमान विनय जैन दिनेश गुड्डन जैन आकाश मयूरी जैन पवन रितेश जैन अंशुल जैन संभव जैन शिरोमणि बंटी जैन आदि ने शांति धारा कर विश्व शांति की कामना की। ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि सुख शांति चाहते हो तो प्रतिदिन पूजा-पाठ करो एवं प्रतिदिन भगवान का स्मरण करो। सभी को एक समान समझो, सभी का सम्मान करो। धर्म हमारे जीवन का एक ऐसा तत्व है, जिसके द्वारा हमारे अंशकरण में सुचिता पवित्रता का प्रादुभाव होता है।

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम दीपड़ी के खेत में हुई घटना

पास में काम कर रहे थे मां-बाप, पैर फिसलने से हौदी में गिरी बच्ची, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम दीपड़ी के एक खेत में शनिवार शाम मवेशियों की पानी पीने को हौदी में डूबने से पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची वहां खेल रही थी, जबकि कुछ दूरी ऊपर उसके माता-पिता काम कर रहे थे। माता पिता को जब बेटी नजर नहीं आई तो उसकी आसपास तलाश की थी। इस दौरान बेटी हौदी में पड़ी नजर आई। उसे हौदी से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि खेलते खेलते पैर फिसलने से बालिका हौदी में गिरी है। पुलिस के अनुसार ग्राम दीपड़ी मिसरोद निवासी रामकिशन आदिवासी यहां आशीष पाटीदार के खेत में काम करते हैं और परिवार के साथ खेत में रहते थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे रामकिशन और पत्नी खेत में काम कर रहे थे, जबकि उनकी पांच साल की बेटी थोड़ी दूरी पर खेल रही थी। एसआई अरविंद कौरव ने बताया कि खेलते खेलते मासूम हर्षिका हौद में गिर

किसान के खेत में ही रहकर काम करता है परिवार



कजलीखेड़ा में कट पाइंट पर स्कूटी और बाइक में टक्कर, युवक की मौत

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित होटल प्राइड के सामने शनिवार रात स्कूटी और बाइक की टक्कर में युवक की मौत हो गई। हादसा कट पाइंट पर एकाएक स्कूटी के चालक द्वारा स्कूटी मोड़ने के कारण हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक जयराम अहिरवार मूल रूप से रायसेन जिले के सुल्तानगंज का रहने वाला था। वह कोलार क्षेत्र में किराये का कमरा लेकर रहता था और मिस्त्री का काम कर अपना गुजारा करता था। शनिवार रात वह बाइक से कोलार रोड की तरफ जा रहा था। इस बीच टक्कर हो गई। हादसे में जयराम को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद कजलीखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

सूखी सेवनिया में हादसे की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

लापता युवक का घर से कुछ ही दूरी पर गड्ढे में मिला शव

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सुरभि होम्स के पास सड़क से कुछ दूरी पर बने गड्ढे में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि दो साल के मृतक का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। अनुमान है कि वह हादसे का शिकार हुआ है। पुलिस के अनुसार विशाल वंशकार पिता छोटेलाल वंशकार (25) सुरभि होम्स के पास झुग्गी, सूखीसेवनिया में रहता था। करीब चार दिन पहले वह घर से पुताई करने जाने का कहकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान शनिवार दोपहर करीब 12 बजे परिजन ने विशाल का शव झुग्गी से कुछ दूरी पर बने गड्ढे में पड़ा नजर आया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि विशाल का दो साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। अनुमान है कि वह गलती से गड्ढे में गिरा है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ललरिया चौकी के ग्राम डंगरोली में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि कुछ वर्षों से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। परिजन उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज भी करा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार इम्तियाज खान पिता रईश खान (25) गांव डंगरोली में रहता था। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह घर पर ही रहता था। परिजन ने बताया कि शुक्रवार रात इम्तियाज ने खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकला। उसे आवाज दी गई, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। अनहोनी की आशंका होने पर परिजन ने दरवाजे के पास से अंदर झांककर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाया।

कठिन तपस्या के साथ निभाएंगे धार्मिक परंपरा

औबेदुल्लागंज में दशहरे पर छह युवा धारण करेंगे महावीर जी का चोला



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में दशहरे पर्व को लेकर धार्मिक उत्साह का माहौल बनने लगा है। हर साल की तरह इस बार भी दशहरे पर निकलने वाला महावीर जी का चोला नगर में आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा। इस धार्मिक परंपरा के तहत छह युवा ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए कठिन तपस्या के बाद हनुमान जी का चोला धारण करेंगे। चोला धारण करने वाले युवाओं में नरेंद्र नंदवंशी, अनूप मालवीय, सागर वासवानी, शिवम राय, कपिल कालेन और हेमंत गुप्ता शामिल हैं। दशहरे पर महावीर जी का चोला निकलना ओबेदुल्लागंज की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में शामिल है। चोला धारण करने वाले युवा ब्रह्मचर्य के कठिन नियमों का पालन करते हुए साधना करते हैं।

आसपास के गांवों से उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

भक्तिमय वातावरण

दशहरे के अवसर पर हनुमान जी के स्वरूप में चोला धारण कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हैं। इस चोला कार्यक्रम को देखने के लिए नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। दशहरे के दिन श्रद्धालुओं की मौजूदगी से नगर में भक्तिमय वातावरण बन जाता है। महावीर जी के चोले के दर्शन करने, धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए लोग उत्सुक रहते हैं। दशहरे पर चोला कार्यक्रम के दौरान 'जय हो महावीर तेरी, जय हो रघुवीर' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो जाता है। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि औबेदुल्लागंज की स्थानीय परंपरा, सामूहिक धार्मिक सहभागिता की पहचान भी है। श्रद्धालुओं को दशहरे पर इस विशेष आयोजन का इंतजार है।

आधुनिक तकनीक, बेहतर जल प्रबंधन पर आयोजन

भाजपा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओबेदुल्लागंज

भोजपुर क्षेत्र के वरिष्ठ किसान एवं जिला भाजपा के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा का सम्मान हुआ।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा ने उनको बधाई दी। किसानों ने बताया कि भुवनेश्वर (ओडिशा) भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रगतिशील किसानों के लिए किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. अरविंद कुमार नायक ने किसानों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।



यह शैक्षणिक भ्रमण किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, जल प्रबंधन और खेती की उन्नत पद्धतियों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को कृषि क्षेत्र में नवाचारों और बेहतर जल प्रबंधन के महत्व से परिचित होने का अवसर मिला। किसानों के इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में दल को भुवनेश्वर भेजा गया।

इस पहल के लिए किसानों ने शिवराज का आभार व्यक्त किया। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया।

इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से किसानों को नई तकनीकों को समझने, कृषि संबंधी ज्ञान बढ़ाने और अपने खेतों में उन्नत पद्धतियों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

मास्टर प्लान : जांच कमेटी गठित करने की मांग

आवासीय जमीन शामिल करने के नाम पर करोड़ों की मांग?

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संगठन मंत्री (मध्य प्रांत) एवं भाजपा नेता चंद्रशेखर तिवारी (राधे महाराज) ने मास्टर प्लान में जमीनों के भू-उपयोग निर्धारण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों को आवासीय घोषित किया जाना चाहिए, वहां कुछ खसरों को जानबूझकर छोड़ दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जबकि आसपास का पूरा क्षेत्र आवासीय है। राधे महाराज के अनुसार, करोड़ों रुपए मूल्य की आवासीय जमीनों को मास्टर प्लान में शामिल कराने के नाम पर कथित तौर पर गुपचुप तरीके से मोटी रकम मांगी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन मालिकों को उनकी जमीन ग्रीन लैंड, वन क्षेत्र या डूब क्षेत्र में शामिल किए जाने का डर दिखाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतने गंभीर मामले पर न तो सार्वजनिक चर्चा हो रही है और न ही जिम्मेदार स्तर पर मंथन किया जा रहा है।

- जमीनों के भू-उपयोग निर्धारण को लेकर आरोप

उन्होंने आशंका जताई कि इस तरह की कथित गतिविधियों से भाजपा सरकार की छवि खराब करने की साजिश हो सकती है। राधे महाराज ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी गठित करने, संबंधित अधिकारियों को जांच से अलग करने तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पूरे मामले की गहन पड़ताल कराने की मांग की है।

सुंदरवन में सांस्कृतिक गरबा महोत्सव की धूम

सांस्कृतिक सिंधी गरबा महोत्सव में सिंधी-हिंदी गीतों पर खूब थिरके लोग, सिंधी व्यंजनों का लिया लुत्फ



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक गरबा महोत्सव की धूम मच रही है। अलग-अलग थीम और ड्रेस के साथ पार्टिसिपेंट्स गरबा करते नजर आए। पार्टिसिपेंट्स सर्कल के साथ ही जनरल सर्कल में भी हजारों दर्शक गरबा और डीजे के गानों पर थिरकते दिखे।

सुंदरवन गरबा मैदान खचाखच भरा हुआ था। देर रात तक युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतिभागी स्टेप्स और फ्री स्टाइल में मां की आराधना करते नजर आए। सर्कल में हजारों गरबा लवर्स पारंपरिक सिंधी हिंदी व गुजराती धुनों पर झूम रहे थे। समारोह में शामिल लोग सर्कल के बाहर भी जहां जगह मिली, वहां दोस्तों और परिवार के साथ गरबा खेलते दिखे। रात 12 बजे तक युवाओं की टोली और लोगों ने उत्साह के साथ इस सांस्कृतिक गरबा महोत्सव में नवरात्र का आनंद उठाया।

विधायक सबनानी ने किया प्रतिभागियों और जनता का अभिवादन



दही कोकी, सेला फुलका, मिट्टी भोरी, साईं भाजी पुलाव रहे खास

सांस्कृतिक सिंधी गरबे के 20वे वर्ष में सिंधी संस्कृति के साथ विभिन प्रकार के सिंधी व्यंजन भी आकर्षण बने। दही कोकी, सेला फुलका, मिट्टी भोरी, साईं भाजी पुलाव, फलारी मोमोस के साथ डेलिशस कैफ़ बाय दीपा एवं श्वेता की अवाकड़ो स्मूदी इस सिंधी मेले में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इसके अलावा इस फूड जोन में फलारी सैंडविच, फलारी कुल्फी जैसे अनेक व्यंजन लोगो को परोसे जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक भगवानदास सबनानी, घनश्याम पंजवानी, मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, मोहित शेवानी, राजेंद्र मनवानी, राम आसुदानी, महेश बजाज, सीमा सबनानी, माया पंजवानी, दिव्या दरयानी सहित समाज के गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस गरबा महोत्सव का मंच संचानल लखन परियानी द्वारा किया गया। महोत्सव की लोगों ने प्रशंसा की।

प्रतिभागी मां की आराधना करते नजर आए

पुलिस अधिकारी से कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मुलाकात की

फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाकर दुष्कर्मी को फांसी की सजा दी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में बच्ची के साथ दुष्कर्म एवं उसको मौत के घाट उतारने की घटना को लेकर जनता में आक्रोश है।

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण वरिष्ठ, कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, घनश्याम लालवानी, सोनु तोमर, विष्णु मारण, जगदीश सांवले, महेश गुरबानी, आत्माराम सूर्यवंशी, राजेश लीलानी, राम लेखवानी, सुजल कामले साहिल सहित कांग्रेसजनों ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

परिजनों ने कांग्रेस पदाधिकारियों को घटना की जानकारी दी

कांग्रेस को परिजनों ने घटना की जानकारी दी। पुलिस द्वारा बरती गई लापरवाही के बारे भी बताया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि यह प्रशासन की लापरवाही है। अगर समय रहते हुए पुलिस बच्ची को खोज लेती तो इस प्रकार की घटना नहीं होती। इस समय नवरात्रि भी चल रही है। पुलिस का दायित्व है कि शहर में सुरक्षा बनी रहे। यह घटना थाने से महज कुछ दूरी पर घटी है। इससे जाहिर होता है कि प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था चौपट है। साथ ही आदिवासी बच्ची के साथ बलात्कार होना और फिर उसकी हत्या कर देना यानी प्रदेश में अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। उनमें कानून का डर नहीं है। हम मोहन यादव सरकार से मांग करते हैं कि पीड़ित परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए



पुलिस कार्रवाई के संबंध में अफसर से चर्चा की

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि अपराधी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में कैसे चले, जिससे जल्द से जल्द उसे फांसी पर लटकाया जाए। उक्त नेताओं ने थाने में जाकर सहायक पुलिस आयुक्त रत्नेश तोमर से मुलाकात कर उनके द्वारा कानूनी रुप से की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की, साथ ही यह मांग की कि अपराधी के साथ नरमी न बरती जाए।

मां वैष्णोदेवी के पिंडी रूप के दर्शन एवं भैरोनाथ की झांकी की स्थापना

मां दुर्गा के नौ रूपों की आरती कर पारिवारिक कलह रोकने, खुशहाली लाने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

ब्रम्हकुमारी सीआरपी क्षेत्र द्वारा इस बार नवरात्रे के पावन पर्व पर ब्रम्हकुमारीज द्वारा चैतन्य दिव्यों के साथ मां वैष्णोदेवी के पिण्डी रुप के दर्शन एवं भैरोनाथ की झांकी के अलावा खाटूश्याम, भगवान झूलेलाल एवं 12 ज्योर्तिलिंग की झांकी नव युवक सभा स्कूल भवन में लगाई गई है, जिसमें रविवार को पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी के नेतृत्व में पंचायत पदाधिकारी झांकी में शामिल हुए। जहां मां दुर्गा के नौ रुपों की आरती की गई व आशीर्वाद प्राप्त किया।



सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर व कलयुग पर विचार रखे

इस अवसर पर कल्पना दीदी (कानपुर), वंदना दीदी ने झांकी की रुपरेखा व सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर व कलयुग पर विचार रखे। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने कहा कि पारिवारिक कलह को रोकना है व पश्चिमी संस्कृति का विरोध करना है। इस अवसर पर पंचायत महासचिव राजकुमार वाधवानी, ओमप्रकाश रीझवानी, गुलाब जेठानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, राकेश शेवानी, पुरुषोत्तम हरचंदानी, राम कुमार पारदासानी, इन्द्र भाई, मुरली भाई, नीलेश भारवानी, रमेश रामचंदानी आदि उपस्थित थे।

मान्यता, रावध का वध करने से पहले श्रीराम ने किया था शस्त्र-पूजन

विजयादशमी पर्व पर प्रदेश के सभी जिलों में शस्त्र-पूजन के कार्यक्रम होंगे आयोजित, राज्य शासन का आदेश, मुख्यमंत्री इंदौर में करेंगे पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के इन जिलों में आयोजित होने वाले शस्त्र पूजन कार्यक्रमों के लिए मंत्रियों को मुख्य अतिथि के रूप में नामांकित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विजयादशमी पर 20 अक्टूबर को इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे।

विजयादशमी (दशहरा) पर शस्त्र पूजन बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की विजय, शक्ति, साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा के रूप में किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध करने से पहले अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की थी, जिससे उन्हें विजय प्राप्त हुई थी। यह भारतीय परम्परा वर्तमान में भारतीय सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ वीरता और आत्मरक्षा के संकल्प के रूप में मनाई जाती है।

जिलों में आयोजित शस्त्र-पूजन कार्यक्रमों में मंत्रीगण होंगे शामिल



फाइल फोटो।

शस्त्र-पूजन की परम्परा भारतीय संस्कृति, शौर्य और राष्ट्र रक्षा के संकल्प से जुड़ी

भारतीय सेना में शस्त्र पूजन की परम्परा भारतीय संस्कृति, शौर्य और राष्ट्र रक्षा के संकल्प से जुड़ी है। यह भारतीय परम्परा में शस्त्रों को शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और धर्म की रक्षा का सदुपयोग करने और अन्याय के विरूद्ध संकल्प लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शस्त्र-पूजन देश की सैन्य शक्ति, सुरक्षा और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

जिन जिलों में मंत्री नहीं होंगे वहां कलेक्टर व एसपी करेंगे शस्त्र पूजन

राज्य शासन से जारी आदेश के अनुसार जिन जिलों में मंत्रीगण शस्त्र पूजन में शामिल नहीं होंगे वहां संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से शस्त्र पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा और साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने-अपने घरों में शस्त्र पूजन करें। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं संबंधित जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से सुनिश्चित की जाएंगी।

शस्त्रपूजन कार्यक्रम में जिलेवार मुख्य अतिथि यह मंत्री होंगे

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री— इंदौर
- नरेन्द्र तोमर, विधानसभा अध्यक्ष— ग्वालियर
- जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री— मंदसौर
- राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री— रीवा
- विजय शाह, मंत्री— खंडवा
- कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री —धार
- प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री—नरसिंहपुर
- राकेश सिंह, मंत्री— जबलपुर
- करण सिंह वर्मा, मंत्री— सीहोर
- उदय प्रताप सिंह, मंत्री— नर्मदापुरम
- संपतिया उईके, मंत्री— मंडला
- तुलसीराम सिलावट, मंत्री— देवास
- एदल सिंह कंषाना, मंत्री— मुरैना
- सुश्री निर्मला भूरिया, मंत्री— झाबुआ
- गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री— सागर
- विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री— भोपाल
- नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री— दतिया
- नागर सिंह चौहान, मंत्री— अलीराजपुर
- राकेश शुक्ला, मंत्री—भिंड
- इंदर सिंह परमार, मंत्री— शाजापुर
- कृष्णा गौर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) — — विदिशा
- धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) —— दमोह
- दिलीप जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)—— अनूपपुर व अन्य।

बड़नगर में बनेगा फूड प्रोसेसिंग पार्क, गीता भवन भी बनेगा, स्थानीय युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

मप्र में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास की नई परियोजना शुरू होगी, बड़नगर में होगा कवि प्रदीप सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में मोरों के संरक्षण और पुनर्वास की नई परियोजना शुरू की जाएगी। बड़नगर में कवि प्रदीप सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। बड़नगर में फूड प्रोसेसिंग पार्क बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों एवं युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। भाट पचलाना और इंगोरिया में नये सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे। बड़नगर में गीता भवन का निर्माण भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बड़नगर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन और आगर में आलू प्रसंस्करण की नई यूनिट शुरू हो रही है, जो प्रदेश के 35 जिलों के किसानों से आलू खरीदेगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ की तैयारी के लिए 25 हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्य प्रगतिरत हैं। मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा योजना पुनः प्रारंभ की गई है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है। दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मां चामुंडा धाम गजनीखेड़ी में 22.34 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



मुख्यमंत्री पूजा-अर्चना करते हुए।

एशिया से विलुप्त हो चुके चीतों को पुनः स्थापित करने का कार्य किया

प्रदेश सरकार ने एशिया से विलुप्त हो चुके चीतों को पुनः प्रदेश में स्थापित करने का कार्य किया है। सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है तथा आवश्यकता पर एयर एम्बुलेंस एवं हेली सेवा के माध्यम से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश से नक्सलवाद समाप्त हो गया है, मप्र लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला प्रदेश बन गया है।

लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यों का विवरण

मुख्यमंत्री ने लोकार्पण और भूमि-पूजन किए गए कार्यों में मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत ग्राम पंचायत गजनीखेड़ी में मां चामुंडा मंदिर परिसर में 16 कमरों की धर्मशाला, टीन शेड, सामुदायिक भवन, शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था हेतु पानी की टंकी, 3.00 किमी वाटर रिटेंशन कार्य, चारभुजा मंदिर से माताजी मंदिर तक सीसी रोड, गार्डन से शौचालय की ओर तथा मुख्य द्वार से श्मशान की ओर सीसी रोड, माताजी परिसर की बाउण्ड्रीवाल, विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने किया स्मारक निर्माण कार्य का निरीक्षण

इंदौर में 150 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक

ऐतिहासिक लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम ने रविवार को इंदौर के लालबाग पैलेस के समीप लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस स्मारक के प्रथम चरण में 40 करोड़ के कार्य होंगे। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्मारक का समग्र विकास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल किया जाए, ताकि पर्यटक इन सभी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का एक साथ अवलोकन कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि संरक्षण के दौरान भवन के मूल स्थापत्य स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए।

सेमीकंडक्टर समिट-26 इंदौर में 23-24 अक्टूबर को आयोजन

सेमीकंडक्टर उद्योग में निवेश और नवाचार का केंद्र बनेगा

उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र को सेमीकंडक्टर उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने, तकनीकी अधोसंरचना विकसित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में 23 एवं 24 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक औद्योगिक सेक्टर में काम हुए हैं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय समिट में देश-विदेश की सेमीकंडक्टर कंपनियों, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

प्रदर्शनी में 50 से अधिक कंपनियां दिखाएंगी तकनीकी क्षमताए

प्रदर्शनी में 50 से अधिक कंपनियाँ चिप डिजाइन, पैकेजिंग एवं टेस्टिंग, उपकरण, सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी। निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों को कंपनियों के साथ संवाद करने तथा संभावित व्यावसायिक सहयोग के अवसर तलाशने का मंच प्रदान करेगी। सीएम के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 'मप्र सेमीकंडक्टर नीति-2025' को स्वीकृति दी है। इस नीति में 25 प्रतिशत सब्सिडी तथा 10 वर्षों तक 2 प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

सेमीकंडक्टर तकनीक और विनिर्माण पर होगा मंथन

समिट के दूसरे दिन चिप प्रौद्योगिकी, एआई, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद निर्माण, डिजाइन सेवाओं, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रतिभा संवर्धन पर चर्चा होगी। फोटोनिक्स एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित बैठकें भी होंगी। 'मप्र सेमीकॉन स्टार्टअप प्रतियोगिता' के अंतिम चरण में चयनित विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 प्रदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास, निवेश आकर्षित करने, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने और कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

सियासतनामा



ऐसा कर शिवराज ने क्या हासिल किया?

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी क्षेत्र के कोसमी गांव में वन विभाग द्वारा अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई का जैसा आक्रामक विरोध किया, उसकी गूंज दिल्ली तक पहुंची। मसला आदिवासियों से जुड़ा था, इसलिए मामले ने ज्यादा तूल पकड़ा। केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद वे आदिवासियों के साथ धरने पर बैठ गए और दिल्ली गए तो बेटे कार्तिकेय को तैनात कर गए। कलेक्टर की जांच रिपोर्ट में अवैध कब्जे की बात सामने आई। मामला दिल्ली पहुंचा और उन्हें समझाइश मिली तो शिवराज फौरन भोपाल आए और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ एक प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री के महज जांच के आश्वासन पर आदिवासियों का पैदल मार्च रुक गया। ऐसा कर शिवराज ने क्या हासिल किया?

भाजपा कोर ग्रुप से होगी दिग्गज 'भेदिए' की छुट्टी

घर के जो भेदिए कांग्रेस में हुआ करते थे, भाजपा में भी उनकी भरमार हो गई है। इसे लेकर भाजपा का प्रदेश नेतृत्व परेशान है। सबसे चर्चित मसला तब का है जब पार्टी के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव भोपाल पहले दौरे पर आए और पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक ली। इस बैठक के अंदर की कुछ ऐसी खबरें बाहर आ गईं, जिससे संगठन और सरकार की खासी किरकिरी हुई। कोर ग्रुप में पार्टी के सभी दिग्गज नेता सदस्य हैं। इसलिए भेदिया भी कोई दिग्गज ही होगा। राजेंद्र शुक्ला ने कह भी दिया कि जो नेता ऐसा करता है वह भविष्य में कोर ग्रुप या अन्य बैठकों में शामिल होने लायक नहीं रहेगा।

भाजपा की रिपोर्ट पर बदले जाएंगे मंत्रियों के प्रभार

प्रदेश भाजपा ने मंत्रिमंडल सदस्यों की प्रदेश मुख्यालय में नियमित बैठने की व्यवस्था कर भोपाल आने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सरकार तक पहुंचाने की व्यवस्था करा दी है। लेकिन मंत्रियों की एक आदत संगठन नहीं सुधार पा रहा है। वह यह है उनका नियमित प्रभार वाले जिलों में जाना। इसे लेकर संगठन के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। कुछ मंत्री प्रभार वाले जिलों में न जाकर ऑनलाइन बैठक कर औपचारिता पूरी कर रहे हैं। इस संबंध में संगठन ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इसके आधार पर प्रभार वाले जिलों में जल्द बदलाव हो सकता है।

लाड़ली बहना योजना पर बयानबाजी के मायने?

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक कार्यक्रम में कह दिया कि लाड़ली बहना योजना इतनी असरदार हो चुकी है कि भविष्य में आने वाली हर सरकार को इसे जारी रखना ही पड़ेगा, क्योंकि अगर प्रदेश की बहनें गुस्सा हो गईं तो किसी की खैर नहीं है। जब योजना अच्छी तरह चल रही है तो शिवराज को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी? दूसरा, योजना से नई महिलाओं को जोड़ने को लेकर दो मंत्रियों ने विरोधाभासी बयान देकर मुसीबत खड़ी कर दी। पहले प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने दावा किया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर योजना के पोर्टल दोबारा खोले जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने इन दावों को खारिज कर दिया।

मालिनी ने बयान से समझें 5 विधायक क्यों नहीं आए?

इंदौर में इन दिनों जल संकट से ज़्यादा सियासी पारा चढ़ा हुआ है। यहां जलसंकट को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने समाधान पर चर्चा के लिए भाजपा के विधायकों की बैठक बुला ली। बैठक में 5 माननीय हाज़िरी लगाने ही नहीं पहुंचे, 4 चेहरों के भरोसे बैठक निबट गई। विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि नगर निगम को समस्याओं की पूरी लिस्ट थमा थमा कर थक चुके हैं, लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। कैलाश भी कहां चुप रहने वाले थे, उन्होंने कहा कि शायद जो विधायक बैठक में नहीं आए, उनके इलाक़ों में पानी की कोई किल्लत ही नहीं होगी!

दिनेश निगम 'त्यागी'

विकसित भारत-समृद्ध मप्र का दिया संदेश

प्रदेश के सेवा संकल्प अभियान में युवाओं का ऐतिहासिक कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करने की अभिनव पहल की।

अभियान में प्रदेश के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक लाख कार्ड निर्माण के प्रारंभिक लक्ष्य को पार करते हुए कुल 1 लाख 8 हजार 880 हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। 55 से अधिक जिलों के विद्यार्थियों ने सात संभागों के माध्यम से सहभागिता कर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए विकसित भारत <\@>2047 और समृद्ध मप्र का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

आठ प्रमुख विषयों पर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा-

अभियान के तहत विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं संसाधन संरक्षण, राष्ट्र निर्माण एवं शौर्य गाथा, सामाजिक चेतना एवं स्वास्थ्य, संस्कृति एवं विरासत, ज्ञान-तकनीक एवं नवाचार, कृषि एवं ग्रामीण विकास, काव्य एवं साहित्यिक अभिव्यक्ति तथा नारी शक्ति एवं समसामयिक विषयों पर ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। इन कार्डों में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल और सामाजिक सरोकारों की प्रभावी अभिव्यक्ति देखने को मिली।

जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी रहे मौजूद

मंत्री एदल सिंह और शुक्ला ने ग्वालियर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर ग्वालियर के समीप शीतला माता मंदिर पर हुए हादसे के बाद कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने ग्वालियर में अस्पताल पहुंचकर घायल श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का हाल जाना एवं चिकित्सकों से चर्चा कर सभी घायल श्रद्धालुओं का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उनके साथ क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री एवं सांसद ने जयारोग्य चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर में पहुँचकर उपचाररत सभी घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके परिजनों से चर्चा की। चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने घटना में मृत हुए लोगों के परिवारजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। ग्वालियर जिले के सातऊ स्थित शीतला माता मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के पास शनिवार देर रात लगभग 1:30 बजे हुए दुःखद सड़क हादसे में 14 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई, जबकि लगभग 42 श्रद्धालु घायल हुए हैं। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं का जयारोग्य चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर में विशेष उपचार किया जा रहा है। अप्राप्त जानकारी के अनुसार, आंतरी की ओर से आ रहा धान से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से टकरा गया। इस दौरान प्रवेश द्वार के पास मौजूद श्रद्धालु ट्रक की चपेट में आ गए। जिला प्रशासन एवं पुलिस की टीम द्वारा घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।



ग्वालियर हादसा अत्यंत दुःखद, प्रभावितों के प्रति गहरी संवेदनाएं: तोमर

भोपाल। मप्र के ग्वालियर में चीनोर से शीतला माता मंदिर मार्ग पर हुए हादसे पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। तोमर ने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। इन परिवारों पर आई आपदा का कष्ट अकथनीय है। शोक की इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। तोमर ने कहा कि शोकाकुल परिजनों को यह असहनीय आघात सहने का संबल प्रदान करें। मैं हादसे में घायल हुए सभी श्रद्धालुओं के शीघ्र और पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। इस दुःखद घटना के बाद विधानसभा अध्यक्ष तोमर के रविवार के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं।

इंदौर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात

इंदौर के एमवाय अस्पताल में पेट सीटी स्केन सेन्टर का शुभारंभ

प्रदेश में तेज गति से हो रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, मरीज हो रहे लाभांवित: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीपीपी मॉडल (पब्लिक,प्रायवेट,पार्टनशीप) योजना के तहत इंदौर में अरबिन्दो हॉस्पिटल के सहयोग से शासकीय एमवाय हॉस्पिटल के न्यू कैंसर हॉस्पिटल ब्लॉक में 5 पेट सीटी स्केन सेंटर का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में तेज गति से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में प्रदेश के चार अन्य मेडिकल कॉलेजों, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल, गजराराजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा में भी इसी तरह के अत्याधुनिक सेंटर स्थापित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत आम आदमी का उपचार सुलभ हुआ है।



बीमारियों के इलाज में मिलेगी बेहद मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के अत्याधुनिक मेडिकल सेंटर स्थापित होने से गंभीर बीमारियों के इलाज में बेहद मदद मिलेगी। मरीजों का त्वरित निदान और उपचार होगा, जिससे उनके जीवन की रक्षा की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर स्वच्छता, स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में प्रदेश और देश में अग्रणी है और अब सेवा और परमार्थ के क्षेत्र में भी इंदौर नए रिकॉर्ड बना रहा है। अब कैंसर के मरीजों को उपचार के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आने वाले दिनों में इस सेंटर का और विस्तार किया जाएगा। इस तरह की स्वास्थ सुविधा प्रदेश के अन्य जिलों में भी उपलब्ध होगी।

गंभीर बीमारियों का भी बेहतर तरीके से इलाज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नालॉजी से गंभीर बीमारियों का भी बेहतर तरीके से इलाज हो रहा है इसका प्रमाण शासकीय एमवाय. हॉस्पिटल, इंदौर है। मुख्यमंत्री ने पेट सीटी स्केन सेंटर का अवलोकन किया और अरबिन्दो अस्पताल के चिकित्सकों से आधुनिक मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अरबिंदो हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ. विनोद भंडारी ने कहा कि राज्य शासन की ओर से मरीजों के बेहतर उपचार के लिए निजी अस्पतालों को स्थापित करने में बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है। डॉ. भंडारी ने कहा कि एमजीएम कॉलेज का मैं पूर्व छात्र हूं और अरबिंदो अस्पताल मेरी कर्म भूमि है। अरबिन्दो अस्पताल के सहयोग से आगामी तीन महीनों में हॉस्पिटल में रोबोटिक सर्जरी केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

पारंपरिक लोक नृत्य के साथ डांडिया रास पर जमकर नाचे पर्यटक और दर्शक

संभावना गतिविधि में नृत्य और गायन की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन, वादन केंद्रित गतिविधि 'संभावना' में 17 एवं 18 अक्टूबर को गरबा और डांडिया रास का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से इस गतिविधि में संग्रहालय भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटक एवं दर्शकों ने भी सहभागिता की। गरबा एवं रास गायिकी के लिए गुजरात की मीनल उदय सेवक एवं साथी द्वारा वहीं 18 अक्टूबर को गतिविधि में अमित सिंह धुर्वे एवं साथी, इंदौर द्वारा भक्ति गायन किया गया। उन्होंने आओ आगना पधारो श्री गणेश जी..., गुरु तेरे चरणों में..., जैसे अन्य कई भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं जितेंद्र शर्मा श्योपुर ने सहरिया लहंगी नृत्य और प्रीति कनाड़े एवं साथी, खरगोन द्वारा गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



भजनों की प्रस्तुति देते इंदौर के अमित सिंह धुर्वे एवं साथी।

गणगौर : गणगौर निमाड़ी जन-जीवन का गीति काव्य है। चैत्र दशमी से चैत्र सुदी तृतीया तक पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस गणगौर उत्सव का ऐसा एक भी कार्य नहीं, जो बिना गीत के हो। गणगौर के रथ सजाये जाते हैं, रथ दौड़ाये जाते हैं। इसी अवसर पर गणगौर नृत्य भी किया जाता है। गणगौर निमाड़ के साथ राजस्थान, गुजरात, मालवा में भी उतना ही लोकप्रिय है।

लहंगी नृत्य : सहरिया जनजाति द्वारा श्रावण मास में किया जाने वाला लंहगी समूह नृत्य है। रक्षाबंधन पूर्णिमा के दूसरे दिन भुजरियों का त्यौहार मनाया जाता है। ग्राम में भुजरियों का चल समारोह निकाला जाता है। बांस की टोकनियों में ऊगे गेहूं के जवारों को महिलाएं सिर पर धारण करती हैं, यही भुजरियां हैं। भुजरियों में सभी जाति के लोग सम्मिलित होते हैं।



निमाड़ी जन-जीवन पर आधारित गणगौर नृत्य की प्रस्तुति देती खरगोन की कलाकार।

कागज की कश्ती बढ़ रही भंवर बीच मझधार में...



भोपाल। प्रभात साहित्य परिषद द्वारा कागज विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, गीतकार अशोक निर्मल के मुख्य आतिथ्य में एवं युवा कवि कमल सिंह कमल के विशेष आतिथ्य तथा आबिद काजमी के संचालन में किया गया। इस अवसर पर पिछली काव्य गोष्ठी की सर्वश्रेष्ठ रचना के लिये नीता सक्सेना को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। सरस्वती वंदना के बाद कवियों ने गोष्ठी के विषय पर अपनी कविनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें कमल सिंह कमल ने पढ़ा, टेबल पर कागज रखा, रखा न उस पर वेट. काम तुम्हारा हो नहीं, या फिर होगा लेट। हीरालाल पारस ने कविता तभी जन्मी, जब मन कागज पर उतर आया रचना पढ़ी। महेश प्रसाद सिंह ने, खालिस खुशबू से महक रहा हूं इस निष्ठुर संसार में, कागज की कश्ती बढ़ रही भंवर बीच मझधार में सुनाई। वहीं, रमेश नन्द ने पढ़ा-कागज कलम लो हाथ में चिट्ठी लिखा करो। एसएन शर्मा, उमेश तिवारी, आरके झा, अशोक धर्मेनिया, बीएल गोहिया, डॉ. राजेश तिवारी, हरिओम सोनी, संत कुमार संत, दिनेश भदोरिया, वृन्दावन राय सरल, विरोनिका पीटर, डॉ. सीमा अग्रवाल, सरोज लता सोनी, क्षमा निमोरे, मोखेरे, सुरेश पवरा, दिनेश मोहन श्रीवास्तव, चंद्रभान राही, कैलाश शर्मा, कमल सिंह मरकाम आदि ने भी काव्य पाठ किया।

संस्कृत की शास्त्रीय नाट्य परंपरा से लेकर भरतनाट्यम की भावपूर्ण अभिव्यक्ति तक

'रामत्रयी' नाट्य और रामायण नृत्य-नाटिका ने किया मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, मप्र द्वारा रवींद्र भवन में आयोजित सात दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का सातवें एवं अंतिम दिवस दो विशिष्ट प्रस्तुतियों के साथ भव्य समापन हुआ।

इस अवसर पर संस्कृत नाट्य परंपरा की समृद्धि को अभिव्यक्त करता नाटक 'रामत्रयी' एवं कलाक्षेत्र फाउंडेशन, चेन्नई की रामायण नृत्य-नाटिका के माध्यम से श्रीराम के जीवन, हनुमानजी की भक्ति, सीता की अटूट निष्ठा और रावण पर विजय के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। दोनों प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की विविध कलात्मक अभिव्यक्तियों और श्रीरामकथा की सार्वकालिक प्रासंगिकता को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, संस्कृति विभाग शिवशेखर शुक्ला एवं संचालक, संस्कृति तथा श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन.पी. नामदेव ने केंद्रीय संस्कृत संस्थान के निदेशक प्रो. हंस धर झा एवं कलाकारों का स्वागत-सम्मान किया।

'अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का समापन

विविध प्रसंगों ने जीवंत किए भक्ति, शौर्य और धर्म के आदर्श राघव के रंग चित्रकला शिविर में 80 प्रतिभागियों के चित्रों की लगी प्रदर्शनी



संस्कृत नाट्य परंपरा का सशक्त मंचन 'रामत्रयी'

पूर्वरंग में नाटक 'रामत्रयी' ने संस्कृत साहित्य की शास्त्रीय नाट्य परंपरा को समकालीन रंगदृष्टि के साथ प्रस्तुत किया। डॉ. संगीता गुंदेचा के निर्देशन में संस्कृत रंगमंडल, नाट्यशास्त्र अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में महाकवि भास के 'अभिषेकनाटकम्', महाकवि भवभूति के 'उत्तररामचरितम्' एवं भोजराज की 'चम्पूरामायण' से चयनित प्रसंगों को आधार बनाया गया। संस्कृत और हिंदी में तैयार इस प्रस्तुति में रामजन्म से लेकर रावणवध तक की कथा को मंच पर साकार किया गया।

मंच पर एवं मंच परे

नाटक में सनित स्वामी ने राम की भूमिका के साथ नाट्यपाठ एवं मंच सज्जा का दायित्व निभाया। विनोद शर्मा ने रावण की भूमिका, सह-निर्देशन एवं आहार्य संरचना का कार्य संभाला। डॉ. प्रियंवदा तिवारी ने सीता की भूमिका के साथ नृत्य संयोजन एवं वेशभूषा का दायित्व निभाया। राकेश सेन, संजना, करिश्मा गुप्ता, तरुण जलोटा, हरीश मिश्र, दीपक वर्मा, श्रेयस केबी, वीणा एस और सौरभ लोधी सहित अन्य कलाकारों ने विभिन्न भूमिकाओं एवं मंचीय व्यवस्थाओं में योगदान दिया।

'रावण कभी मरता नहीं'...अहंकार के विरुद्ध सतत संघर्ष का संदेश



'रामत्रयी' का समापन एक गहन चिंतनपरक संदेश के साथ हुआ। नाटक की निर्देशकीय अवधारणा के अनुसार, रावण का कभी न मरना मनुष्य के भीतर जीवित अहंकार का प्रतीक है। जब तक मनुष्य में ज्ञान का अहंकार अथवा किसी भी प्रकार का दंभ बना रहता है, तब तक उसके भीतर रावण के दस सिर जीवित रहते हैं। प्रस्तुति में उल्लेखित एक मलयालम लोकमान्यता के अनुसार, पवनपुत्र हनुमान को रावण की चिता में निरंतर लकड़ियां डालते रहना पड़ता है, अन्यथा रावण फिर लौट आता है।



साकार हुई हनुमानजी की भक्ति और रावण वध

कलाक्षेत्र फाउंडेशन, चेन्नई की रामायण नृत्य-नाटिका ने भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से शास्त्रीय नृत्य, संगीत और भावाभिनय के माध्यम से रामकथा के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत किया। प्रस्तुति में हनुमानजी की लंका यात्रा, अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट, श्रीराम का संदेश पहुंचाने एवं सीता द्वारा श्रीराम के लिए अपनी अमूल्य चूड़ामणि सौंपने के प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।



श्रीरामलीला उत्सव में शिल्पकारों ने भगवान की प्रतिमाएं बनाईं।



श्री रामलीला पर आधारित चित्रकारों के चित्रों को देखती बच्चियां।



चित्र प्रदर्शनी में चित्रकारों से संवाद करते मुख्य सचिव, संस्कृति शिवशेखर शुक्ला।

डॉ. निमिष ने सिखाईं एआई सत्यापन की बारीकियां



भोपाल। गूगल न्यूज़ इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एआई सत्यापन कार्यशाला में गूगल से जुड़े प्रख्यात एआई एवं फैक्ट-चेकिंग विशेषज्ञ डॉ. निमिष कपूर ने पत्रकारों को सिंध आईडी और बैक स्टोरी जैसे टूल्स के माध्यम से एआई-जनित तस्वीरों एवं डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता जांचने की जानकारी दी। कार्यशाला में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लेकर जनरेटिव एआई, डिजिटल हेरफेर और तथ्य-जांच की चुनौतियों पर चर्चा की।

सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर में प्री-प्राइमरी वार्षिक उत्सव

'टाइनी ट्रेजर्स' में भारतीय संस्कृति और जीवन के मूल्यों की मनमोहक अभिव्यक्ति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सागर पब्लिक स्कूल, साकेत नगर में प्री-प्राइमरी वार्षिक उत्सव का आयोजन टाइनी ट्रेजर्स से हुआ। नन्हे-मुन्ने सागराइट्स की प्रतिभा से सजे इस समारोह ने बचपन की मासूमियत और कल्पनाओं को भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों की अभिव्यक्ति ने दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ. महेंद्र जैन सिनियर बाल रोग एवं नवजात शिशु विज्ञान, सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण नाटक 'बीयांड द स्क्रीन' रहा, जिसने डिजिटल स्क्रीन के बढ़ते प्रभाव के बीच वास्तविक जीवन के अनुभवों, पारिवारिक संवाद और संतुलित दिनचर्या के महत्त्व को प्रस्तुत किया। नन्हें सागराइट्स के देशभक्ति गीतों एवं नृत्यों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों में राष्ट्रप्रेम और गौरव की भावना जागृत की, जबकि स्नो वाइट व्हाइट की अनूठी प्रस्तुति ने जीवन के सार्थक मूल्यों को रोचक अंदाज में अभिव्यक्त किया। विद्यालय की प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है।



बाइक राइडर पूजा सिंह की लेह-लद्दाख की 6 हजार किमी यात्रा के संस्मरणों पर विशेष संवाद सत्र

बुलेट सिर्फ लड़कों की सवारी नहीं, बेटियां भी राइडर बनकर सशक्त हो रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब एक लड़की रॉयल एनफील्ड बाइक से फर्राटा भरते नजर आती है तो समाज में बातें होती हैं, लेकिन वुमन बाइक राइडर के तौर पर हमें इस सोच से आगे निकलना पड़ता है। बुलेट सिर्फ लड़कों की सवारी नहीं, अब बेटियां भी वूमन राइडर बनकर सशक्त हो रहीं हैं। यह बात राजधानी की मशहूर बाइकर पूजा सिंह ने रविवार को दुष्यंत कुमार पांडुलिपि संग्रहालय में आयोजित एक संवाद में कही। वे पिछले दिनों लेह-लद्दाख तक 6 हजार किमी की साहसिक सोलो राइड पूरी कर भोपाल लौटी हैं।



यंग राइडर्स को दिए टिप्स

बाइकर पूजा ने राजधानी के यंग राइडर्स को टिप्स देते हुए बताया कि राइडिंग के दौरान हल्का भोजन लेना चाहिए, कुछ ड्राई फ्रूट्स साथ रखें और हमेशा हाइड्रेटेड रहें। नए राइडर सोलो राइडिंग में छोटी छोटी दूरी तय करें।

प्राइवेट नौकरी में लंबी यात्राएं मुश्किल

पूजा ने बताया कि एक मां और पत्नी की भूमिका में प्राइवेट नौकरी करते हुए लंबी यात्राएं मुश्किल होती हैं। वुमन राइडर के लिए रास्तों में सेफ्टी को लेकर भी चुनौतियां सामने आ जाती हैं। उन्होंने पीओके स्थित तुरतुक गांव में लोगों के साथ बिताए लम्हे, वहां के रहन-सहन और आंगनवाड़ी के बच्चों से साथ संवाद के अनुभव साझा किए। पूजा ने अपनी लेह-लद्दाख यात्रा के संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि लेह-लद्दाख यात्रा में उन्होंने ग्वालियर से चंडीगढ़ तक 600 किमी का सफर एक दिन में पूरा किया।

'गरबा रंगीलो रास सीजन' में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक







हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गरबा महोत्सव 'गरबा रंगीलो रास सीजन 8' का आयोजन डीडीएलजे गार्डन में हर्षोल्लास, उमंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। संजू डांस अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस गरबा उत्सव में तीन सौ से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं लगभग चार हजार दर्शकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की रौनक को और बढ़ा दिया। अकादमी के चेयरपर्सन संजू एवं निकिता के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य, आकर्षक परिधानों और मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। पूरे परिसर में संगीत, नृत्य और उत्साह का माहौल देखने को मिला। गरबा महोत्सव को सफल बनाने में अकादमी की पूरी टीम ने लगभग एक महीने तक कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास किया, जिसके परिणामस्वरूप दो दिवसीय गरबा महोत्सव यादगार बन सका। इस आयोजन ने लोगों को एक मंच पर जोड़ने के साथ-साथ भारतीय लोक संस्कृति एवं पारंपरिक नृत्य को प्रोत्साहित करने का सराहनीय कार्य किया।

रोज सोसाइटी की कार्यशाला में दी गई संतुलित खाद प्रबंधन की जानकारी

सही समय पर प्रूनिंग और सही खाद देने से खिलेगी गुलाब की बगिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश रोज सोसायटी एवं संचालनालय उद्यानिकी द्वारा गुलाब के पौधों की काट-छांट पर दो निःशुल्क कार्यशालाओं का आयोजन आज किया गया। पहली कार्यशाला प्रातः 9 बजे से नेहरू गुलाब उद्यान, बरखेड़ा एवं दूसरी कार्यशाला प्रातः 11 बजे शासकीय गुलाब उद्यान, लिंक रोड नम्बर-1 में आयोजित की गई। भारतीय रोज फेडरेशन द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित गुलाब विशेषज्ञ एस. सुधाकर एवं एसएस. गदे ने प्रूनिंग के सही समय, औजारों के उपयोग और कटाई के बाद देखभाल पर विशेष जोर दिया। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से सीधे सवाल-जवाब कर अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। कार्यशाला में शैलेष अग्रवाल ने गुलाब के पौधे की काटछांट एवं गमलों को कैसे बदलना है, इस बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी।



7 से 13 जनवरी तक वर्ल्ड रोज कन्वेंशन

रोज सोसायटी द्वारा वर्ष 7 से 13 जनवरी तक आयोजित किए जाने वाले वर्ल्ड रोज कन्वेंशन के बारे में भी जानकारी से लोगों को अवगत कराया गया। यह कन्वेंशन, भारत में पहली बार हो रहा है। इसमें विश्व के 40 देशों से लगभग 400 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने के संभावना है। जानकारी दी गई कि इस वर्ष गुलदाउदी प्रदर्शनी 28 एवं 29 नवम्बर को तथा 46वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी 8 जनवरी 2027 से शासकीय गुलाब उद्यान, लिंक रोड नंबर एक में आयोजित की जाएगी।

गुलाब की काट-छांट का सही समय 10 से 30 अक्टूबर तक

भोपाल की जलवायु के हिसाब से गुलाब की काट-छांट का सबसे उचित समय 10 अक्टूबर से 30 अक्टूबर है। अक्टूबर में प्रूनिंग करने से पौधे को 45-50 दिन का समय मिल जाता है और जनवरी तक भरपूर फूल आ जाते हैं।



अगले 3 माह रोज सुबह हल्का पानी दें

नवम्बर कोंपल और कलियों का महीना होता है, इसलिए रोज सुबह हल्का पानी, गमले में हो तो शाम को भी हल्का छिड़काव करें। 15 नवम्बर के आसपास 10 ग्राम डीएपी+ 10 ग्राम पोटाश प्रति पौधा। नई कोमल पत्तियों पर माहू रोकने के लिए रोगर इमिडेसीक्लोप्रिड का स्प्रे हर 10 दिन में करें। दिसंबर कलियों और फूल का महीना होता है। इसलिए 3 दिन में एक बार पानी दें। 10 दिसंबर तक 5 ग्राम यूरिया + 10 ग्राम पोटाश दें। फूल बड़े होंगे। फूलों की गुणवत्ता के लिए 0:52:34 का एक स्प्रे। जनवरी फूलों का पीक सीजन है इसलिए पानी नियमित रखें। इस दौरान कोई तेज खाद न दें, केवल लिक्विड खाद - सरसों खली का पानी 15 दिन में एक बार दें। पाउडरी मिल्ड्यू से बचाव के लिए सल्फर का स्प्रे करें।



प्रियदर्शन की 99वीं फिल्म में बाघ शिकारी बनेंगे अक्षय

नई दिल्ली। अक्षय कुमार एक नए कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए अनुभवी फिल्म निर्माता प्रियदर्शन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह निर्देशक की 99वीं फीचर फिल्म होगी। रमेश तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में वे 1970 के दशक की पृष्ठभूमि में एक अनोखे बाघ शिकारी का किरदार निभाएंगे। प्रोजेक्ट की शूटिंग नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि तीन महीने तक चलने वाली शूटिंग राजस्थान के वन्यजीव इलाकों और मुंबई के एक सेट पर होगी। इसके अलावा, प्रोडक्शन टीम भोपाल में भी शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही है। फिल्म की कास्ट में एक्टर अन्नू कपूर और राजपाल यादव शामिल हैं।

लाइफ Style

सारा

ऑफ शोल्डर लहंगे में बनीं मलिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'धुरंधर' में अपने अभिनय से सबको इंप्रेस करने वाली सारा अर्जुन अब अपनी रैंप वॉक से भी फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने लैक्मे फैशन वीक में अपना रनवे डेब्यू किया और अपने अंदाज के लिए फिर तारीफें हासिल कर रही हैं।

'धुरंधर' स्टार सारा अर्जुन पिछले दिनों इस ब्लॉकबस्टर पिल्म को लेकर चर्चा में रहीं, जिसमें उन्होंने एक बार फिर अपनी एक्टिंग स्किल्स साबित कर दीं। बड़े पर्दे पर धूम मचाने के बाद सारा अर्जुन रैंप को भी अपने नाम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में अपना रनवे डेब्यू किया और अपनी पहली ही रैंप वॉक से अब हर तरफ छाई हैं। सारा अर्जुन लैक्मे फैशन वीक में 'लैक्मे सैलून x अनुश्री रेड्डी' कोलैबोरेशन के लिए शोस्टॉपर बनीं और रैंप पर उतरते ही सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। उनकी वॉक में कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा था। सारा अर्जुन ने नई दिल्ली के ताज पैलेस में रनवे पर वॉक किया। इस दौरान उन्होंने डिजाइनर के फॉल ब्राइडल कलेक्शन 'माया' का पाउडर-ब्लू ब्राइडल गाउन पहना हुआ था। बारीक सफेद कढ़ाई, स्कल्पटेड पेपलम और मरमेड हेम वाले लहंगे में सारा रैंप पर उतरीं, जो ब्राइडल फैशन की एक ऐसी झलक पेश कर रहा था जो किसी रोमांटिक फेयरी टेल से प्रेरित लग रहा था। सारा अर्जुन ने अपने रनवे डेब्यू को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि उनका डेब्यू ठीक वैसा ही था जैसा उन्होंने सोचा था।



हॉलीवुड मसाला



एक दिन पहले रिलीज होगी एवेंजर्स: डूम्सडे

नई दिल्ली। 'एवेंजर्स': डूम्सडे' अमेरिका समेत कई देशों में 18 दिसंबर को रिलीज़ हो रही है। पर भारत में इसके लिए मेकर्स ने अलग ही प्लानिंग की है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में 'एवेंजर्स': डूम्सडे' ग्लोबल रिलीज़ से एक दिन पहले ही रिलीज़ कर दी जाएगी. यानी भारतीय दर्शक 'एवेंजर्स': डूम्सडे' को 17 दिसंबर से ही सिनेमाघरों में देख केंगे।'एवेंजर्स': डूम्सडे'भारतीय सिनेमाघरों में गुरुवार, 17 दिसंबर को रिलीज़ होगी. इससे फिल्म को चार दिनों का वीकेंड मिलेगा।



लाइव कॉन्सर्ट के स्टेज से गिरी सिंगर

नई दिल्ली। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान कभी कभी कुछ ऐसे हादसे हो जाते हैं जो कि कलाकारों के लिए बहुत ही चैलेंजिंग हो जाते हैं। चीनी सिंगर सिंगर जॉन झांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग उनकी विल पावर और डेडिकेशन की खूब तारीफ कर रहे हैं, क्योंकि अगर आम सिचुएशन कोई सात फुट की ऊंचाई से गिरे तो नॉर्मल होने में कम से कम 15 से 20 मिनट तो लेगा ही लेकिन जॉन महज 20 सेकेंड के अंदर अपने पैरों पर खड़ी थीं और स्टेज पर थीं। वीडियो में आप देखेंगे कि जॉन गा रही थीं कि अचानक उनका बैलेंस बिगड़ा और वह नीचे गिर गईं। उनके गिरते ही पूरी टीम उन्हें सम्भालने के लिए पहुंची। जॉन की हिम्मत देखिए कि गिरने के बाद भी उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। उनकी टीम ने उन्हें सम्भाला, देखा कि वह ठीक हैं या नहीं।



नवरात्रि पर्व के रंग में रंगीं शिल्पा

नई दिल्ली। पूरा देश नवरात्रि के जश्न में डूबी हुआ है। सोशल मीडिया पर गरबा डांस, रंग-बिरंगे पारंपरिक कपड़े और वायरल डांस ट्रेंड खूब छाए हुए हैं। लोग एक साथ मिलकर त्योहार मना रहे हैं, जिसकी खूबसूरत झलकियां देखने को मिल रही हैं। इसके अलावा, इंटरनेट पर त्योहार की खुशी दिखाने वाली कई क्रिएटिव रील्स भी वायरल हो रही हैं। वहीं एक ट्रेंड लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है, जिसमें मशहूर गुजराती गरबा गाने की धुन पर कपड़े बदलते हुए मजेदार ट्रांजिशन दिखाए जा रहे हैं। इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी शामिल हो गई हैं, जो ट्रेंड को फॉलो करने में हमेशा आगे रहती हैं। इस ट्रेंड में लोग एक ही गरबा स्टेप को दो बार करते हैं। पहले अपने रोजमर्रा के कपड़ों में और फिर म्यूजिक की बीट बदलते ही वे शानदार ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आते हैं।



दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आए रणबीर...

मुंबई। रणबीर कपूर इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बीच अभिनेता नवरात्रि के दौरान मुंबई के 'नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनीन दुर्गा पूजा' पंडाल पहुंचे। वहां उनकी मुलाकात अपने फिल्ममेकर दोस्त अयान मुखर्जी से हुई। यहां सबसे खास पल वह था जब रणबीर, हर्षदीप कौर के साथ मंच पर आए और अपनी 2013 की हिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का गाना 'कबीरा' गाया। पूजा पंडाल में रणबीर कपूर लाल और सुनहरे रंग के कुर्ते और सफेद पजामे में नजर आए। अभिनेता को देवी दुर्गा का आशीर्वाद लेते देखा गया। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़कर कुछ तस्वीरें खिंचवाईं। साथ ही उन्हें पूजा स्थल पर अयान और अन्य मेहमानों का अभिवादन करते हुए भी देखा गया।

टीवी मसाला



शादी के लिए सालभर विजय के पीछे पड़ी थीं रश्मिका

नई दिल्ली। 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मेहमान बन कर पहुंचने वाले हैं। शो के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में कपल ने निजी जिंदगी से जुड़े कई खुलासे किये। उन्होंने बताया कि दोनों में से शादी के लिए कौन किसके पीछे पहले पड़ा था। 'कॉफी विद करण' के नवीन सीजन के दूसरे एपिसोड में फैंस के दिलों पर राज करने वाला कपल गेस्ट के रूप में पहुंचा। रश्मिका और विजय से करण ने पूछा कि शादी के लिए किसने पहल की। इस पर विजय ने हंसते हुए कहा कि रश्मिका ने उनसे पूछा कि चलो शादी करते हैं। एक्ट्रेस ने 100 बार उनसे यह सवाल किया था। इस पर रश्मिका ने कहा वह लगभग एक साल तक शादी के लिए विजय के पीछे रहीं। वहीं, जब रश्मिका से पूछा गया कि उन्हें किसके साथ काम करके ज्यादा मजा आया? अल्लू अर्जुन या रणबीर कपूर.. तो अभिनेत्री ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का नाम लिया। वहीं, जब करण ने विजय से पूछा कि रश्मिका के अलावा आपकी जोड़ी किस अभिनेत्री के साथ अच्छी लगती है? तो रश्मिका ने जवाब दिया- कोई नहीं। इस पर विजय बोले- शादी का पहला नियम है कि अपनी पत्नी से सहमत रहें। बता दें कि यह एपिसोड इस बुधवार को प्रसारित होगा। मशहूर साउथ स्टार्स विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को शादी के बंधन में बंधे। दोनों का यह बेहद निजी विवाह समारोह राजस्थान के उदयपुर में में संपन्न हुआ। इस शादी में सुबह तेलुगु रीतिरिवाज से फेरे हुए, वहीं शाम को रश्मिका के गृहनगर की कोडवा परंपरा निभाई गई।

रामलीला में शिल्पा बनीं माता सीता

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिल्पा शिंदे माता सीता के किरदार में मंच पर डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। शिल्पा इस सीन में वनवास वाला सीन करती नजर आ रही हैं। भगवा साड़ी में शिल्पा इस किरदार में बेहद इम्प्रेसिव लग रही हैं। इस सीन में आप देखेंगे कि मां सीता यानी कि शिल्पा शिंदे लक्ष्मण से कह रही हैं कि वे जंगल में जाकर श्रीराम को ढूंढकर लाएं लेकिन लक्ष्मण जो भाभी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं वह जाने से इंकार कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर जानकारी दी गई है कि यह दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट शालीमार बाद वाली रामलीला है। यह रामलीला काफी ऐतिहासिक मानी जाती है और इसके आयोजन काफी बड़े स्तर पर किया जाता है। टीवी स्टार्स कई बार इस रामलीला का हिस्सा बनते नजर आते हैं। काम के मोर्चे पर अगर बात करें तो हाल में शिल्पा शिंदे ओटीटी पर आए रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में नजर आई थीं।



स्पिरिट की नई रिलीज डेट जारी रामायण 2 से टकराएगी

नई दिल्ली। प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। खासतौर पर दीपिका पादुकोण संग निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के विवाद के बाद इस फिल्म की काफी चर्चा में है। पहले इस फिल्म में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं, लेकिन कुछ विवादों के बाद अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट से अलग हो गईं और फिल्म में उनकी जगह तृप्ति डिमरी ने ले ली। इस साल की शुरुआत में एक पोस्ट साझा करते हुए मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया था, जिसके अनुसार फिल्म 27 मार्च 2027 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से इसकी रिलीज पोस्टपोन कर दी गई और अब मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जिसके अनुसार फिल्म 2027 में रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी। रविवार, 18 अक्टूबर को संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' के लिए एक नई रिलीज डेट की घोषणा की और फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया। नए पोस्टर में सिर पर हैट पहने प्रभास नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने 'स्पिरिट' की रिलीज डेट 29 अक्टूबर 2027 तय की है, यानी फिल्म दिवाली के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी दौरान रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' भी रिलीज होने वाली है। यानी बड़े पर्दे पर अब प्रभास / रणबीर कपूर देखने को मिल सकता है। इससे पहले यह फिल्म 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली थी। 'एनिमल' के डायरेक्टर ने रविवार को फैंस को एक हिंट दिया। उन्होंने बताया कि वे 'स्पिरिट' फिल्म से प्रभास का एक नया लुक और फिल्म की नई रिलीज डेट सामने लाने वाले हैं और उन्होंने ऐसा ही किया।





रेड कार्पेट पर कोचर गाउन से जीता का दिल

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने थोड़ा वक्त निकाल कर 'एनुअल एकेडमी म्यूजियम गाला' में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। रेड कार्पेट पर उन्होंने एक बेहतरीन कॉउचर गाउन पहना था, जिसमें उनका अंदाज बेहद ग्लैमरस और आकर्षक लग रहा था। जहां इस शाम कई बड़े सितारे शानदार परिधानों में नजर आए, वहीं प्रियंका का लुक सबसे अलग था। अभिनेत्री ने शैंपेन-गोल्ड रंग का साटन गाउन पहना था, जिसमें एक खास ऑफ-शोल्डर नेकलाइन थी। यह उनके कॉलरबोन को बहुत खूबसूरती से उभार रही थी। गाउन का मुलायम कपड़ा उनके शरीर पर बहुत ही नजाकत से लिपटा हुआ था। यह उनके फिगर को एक बेहतरीन आकार दे रहा था। गाउन नीचे की तरफ फर्श तक लंबा था और पीछे की ओर एक हल्की 'ट्रेल' भी थी। नेकलाइन पर लगे नाजुक सुनहरे काम और चेन जैसी डिटेलिंग ने गाउन की चमक को और निखार दिया। प्रियंका ने अपने लुक को पूरा करने के लिए गले से सटा हुआ एक चमकदार डायमंड नेकलेस पहना, जो इस सुनहरे रंग के साथ बहुत जंच रहा था। इसके साथ उन्होंने एक शानदार घड़ी और कुछ साधारण अंगूठियां पहनी थीं, ताकि पूरा ध्यान उनके गाउन के अनोखे डिजाइन पर ही रहे। मेकअप और स्टाइल की बात करें तो, प्रियंका ने एक ग्लैमरस और सधा हुआ लुक चुना। उनकी आंखों को हल्का और सुंदर रूप दिया गया था, होंठों पर न्यूड शेड की लिपस्टिक थी और उनका चेहरा एकदम दमक रहा था। उनके गहरे रंग के बाल खुले थे और एक तरफ से पार्ट किए गए थे, जो उनके कंधों पर गिरते हुए गाउन की खूबसूरत नेकलाइन के साथ बहुत अच्छे लग रहे थे। काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



गरबा स्पेशल गानेः 'नगाड़ा संग ढोल' से 'कमरिया' तक

नवरात्रि की असली रौनक हैं बॉलीवुड के ये सुपरहिट गाने

नई दिल्ली। नवरात्रि का त्योहार लगभग खत्म होने को है। हालांकि, इसके बावजूद भी देशभर में हर तरफ गरबा और डांडिया की धूम देखने को मिल रही है। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर, ढोल की थाप और बेहतरीन गानों के साथ इस त्योहार का जश्न मना रहे हैं। कोई खास त्योहार हो और उसमें बॉलीवुड के गाने न बजे ऐसा तो हो ही नहीं सकता। हिंदी सिनेमा ने हर मौके के लिए लोगों को शानदार गाने दिए हैं। अब आप गरबा को लेकर ही देख लीजिए। बॉलीवुड की अलग-अलग फिल्मों में ऐसे कई गाने हैं, जिनको गरबा नाइट पर बजाकर थिरका जा सकता है।

ढोली तारो ढोल बाजे

फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' का गाना 'ढोली तारो ढोल बाजे' बॉलीवुड के सबसे फेमस गरबा गीतों में गिना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और सलमान खान पर फिल्माए गए इस गाने में पारंपरिक गुजराती संगीत, ढोल की दमदार थाप और भव्य डांस का ऐसा मेल देखने को मिलता है, जो दर्शकों को सीधे गरबा के माहौल में पहुंचा देता है। इस गाने की खासियत सिर्फ इसकी तेज लय नहीं, बल्कि इसकी प्रस्तुति भी है। ट्रेडिशनल ड्रेस, ग्रुप डांस और एनर्जी इसे नवरात्रि के लिए खास बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के वर्षों बाद भी यह गाना गरबा और डांडिया आयोजनों में खूब सुनाई देता है।

घणी कूल छोरी

फिल्म 'रश्मि रॉकेट' का गाना 'घणी कूल छोरी' तापसी पन्नू पर फिल्माया गया है। इस गाने में पारंपरिक गुजराती रंग के साथ मॉडर्न म्यूजिक का भी अच्छा मेल देखने को मिलता है। इसकी धुन और बीट्स काफी जोशीली हैं, जो लोगों को डांस करने के लिए उत्साहित करती हैं। नवरात्रि के दौरान गरबा और डांडिया की प्लेलिस्ट में यह गाना एक अच्छा विकल्प है। पारंपरिक अंदाज और नए जमाने के संगीत का मेल इसे बाकी गानों से थोड़ा अलग बनाता है।



चोगाड़ा : फिल्म 'लवयात्री' का गाना 'चोगाड़ा' गरबा के सबसे पसंदीदा गानों में से एक है। आयुष शर्मा और वरीना हुसैन पर फिल्माया गया यह गाना अपनी धुन और बीट्स के लिए काफी मशहूर है। इसकी खास बात यह है कि इस पर गरबा करना आसान है और नए लोग भी इसके स्टेप्स जल्दी सीख सकते हैं। यही वजह है कि नवरात्रि में कॉलेज से लेकर सोसायटी और बड़े गरबा पंडालों तक, यह गाना खूब बजता है।

शुभारंभ

फिल्म 'काई पो चे!' का गाना 'शुभारंभ' नवरात्रि और त्योहारों के माहौल के लिए काफी पसंद किया जाता है। इसके नाम का मतलब ही है किसी अच्छे काम की शुरुआत। गाने की धुन में गुजराती संगीत का रंग है, जो इसे खास बनाता है। नवरात्रि में यह गाना बजते ही लोगों का उत्साह बढ़ जाता है। इसकी खास बात यह है कि यह सिर्फ डांस करने के लिए ही नहीं, बल्कि त्योहार की खुशी और अपनों के साथ जश्न मनाने का एहसास भी कराता है।

कमरिया

फिल्म 'मित्रों' का 'कमरिया' भी नवरात्रि की कई प्लेलिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। जैकी भगनानी और कृतिका कामरा पर फिल्माया गया यह गाना अपनी चुलबुली धुन और जोशीली प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। इस गाने में गरबा के पारंपरिक संगीत के साथ नए जमाने के म्यूजिक का भी मेल है। यह पूरी तरह पारंपरिक गरबा गीत नहीं है, लेकिन इसकी धुन और तेज बीट्स लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती हैं। यही वजह है कि नवरात्रि की गरबा नाइट में भी यह गाना खूब पसंद किया जाता है।

उड़ी उड़ी जाए : फिल्म 'रईस' का 'उड़ी उड़ी जाए' एक ऐसा गाना है, जो रोमांस और गुजराती उत्सव के रंगों को खूबसूरती से जोड़ता है। शाहरुख खान और माहिरा खान पर फिल्माया गया यह गाना अपनी मधुर धुन और पारंपरिक माहौल के कारण फेमस हुआ। इस गाने की धुन काफी मधुर है, जिस पर लोग आसानी से गरबा कर सकते हैं। तेज बीट्स वाले गानों के बीच यह गीत माहौल में मिठास और रंग भर देता है। यही वजह है कि नवरात्रि के दौरान लोग इसे सुनना और इस पर डांस करना पसंद करते हैं।

ढोलिडा : फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का गाना 'ढोलिडा' आजकल के मशहूर गरबा गानों में से एक है। आलिया भट्ट ने इस गाने में शानदार डांस किया है, जो लोगों को काफी पसंद आया। ढोल की तेज थाप और गरबा के पारंपरिक स्टेप्स इस गाने को खास बनाते हैं। नवरात्रि में इस गाने पर गरबा करने का अपना ही मजा है। इसकी धुन सुनते ही लोग झूमने लगते हैं और पूरा माहौल उत्साह से भर जाता है।

रणजी ट्रॉफी : स्पिनर अजय मंडल की फिरकी में फंसे टीम इंडिया के कप्तान

छत्तीसगढ़ के खिलाफ खामोश रहा गिल का बल्ला, सिर्फ 1 रन बनाकर लौटे पवेलियन



एजेंसी ▶▶ न्यू चंडीगढ़

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी निराशाजनक रही। रविवार को नए पीसीए स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के खिलाफ पंजाब के दूसरे दौर के एलीट ग्रुप बी मैच में बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल ने उन्हें सिर्फ एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया।

विहान मल्होत्रा के धर्मेंद्र सिंह जडेजा की ओर से एलबीडब्ल्यू आउट किए जाने के बाद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए गिल केवल 5 गेंदों तक टिक सके। 27वें ओवर की तीसरी गेंद पर अजय मंडल ने उन्हें छकाया, गेंद सीधी रही और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे मिडिल स्टंप पर जा लगी। 27 वर्षीय गिल ने असम के खिलाफ पंजाब का इस सीजन का पहला मैच नहीं खेला था, लेकिन न्यूजीलैंड दौरे से पहले लाल गेंद क्रिकेट की प्रैक्टिस के लिए वह छत्तीसगढ़ के खिलाफ मैच में खेलने उतरे। हालांकि, गिल टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन वह न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में शामिल हैं। इस दौरे में पांच टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जो वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियों के लिहाज से बहुत अहम हैं।

हालांकि, गिल केवल 3 वनडे मैच ही खेलेंगे और आखिरी 2 मैचों में नहीं खेलेंगे, ताकि वह क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अच्छी तरह तैयारी कर सकें।



रिंकू सिंह ने लगाया शतक, गोवा के खिलाफ यूपी ने बनाई बढ़त

रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के मुकाबले में यूपी के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह का बल्ला गोवा के खिलाफ मैच के पहले दिन पहली पारी में जमकर चला और उन्होंने अपनी टीम के लिए अहम शतकीय पारी खेली। रिंकू सिंह का ये इस सीजन में लगातार दूसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने रणजी के इस सीजन के पहले मैच में भी बिहार के खिलाफ शतक लगाया था और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। रिंकू की शतकीय पारी के दम पर गोवा के खिलाफ यूपी ने पहली पारी में 202 रन बनाए। गोवा के खिलाफ इस मैच में यूपी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और इस टीम का ये फैसला सही तो साबित नहीं हुआ।



सिपनर अजय मंडल



शंघाई मास्टर्स के चैंपियन बने फोकिना

एजेंसी ▶▶ शंघाई

एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने अपने ही देश के राफेल जोडार को हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।।27 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी फोकिना एक समय 1-6, 2-3 से पीछे चल रहे थे (एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे), लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 1-6, 7-6 (5), 6-4 से जीत दर्ज की।

किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरेना में मिली इस जीत के साथ ही उन्होंने अपनी पहली एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी हासिल की। फाइनल तक पहुंचने के सफर में फोकिना ने तीसरे राउंड में फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाया था। इसके अलावा, उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ह्यूबर्ट हर्काज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव दोनों को हराया था। दो घंटे 28 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत हासिल करके फोकिना ने अपनी तीसरी और अब तक की सबसे बड़ी एटीपी टूर ट्रॉफी जीती।

फोकिना ने जीते लगातार तीन खिताब

अपने करियर के शुरुआती पांच टूर-लेवल फाइनल हारने वाले फोकिना ने अब लगातार तीन खिताब जीत लिए हैं। इससे पहले इस साल उन्होंने मलोरका और चेंगदू में भी जीत हासिल की थी। 2022 में मोंटे कार्लो में वह अपने पिछले मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप फाइनल में हार गए थे। दोनों खिलाड़ी अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश कर रहे थे। जोडार मास्टर्स 1000 स्तर पर अपने पहले फाइनल मैच में खेल रहे थे, जबकि फोकिना का यह दूसरा मास्टर्स 1000 फाइनल था (इससे पहले वे 2022 में मोंटे-कार्लो मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे)।

मिली 1,151,380 डॉलर की इनामी राशि

मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने के बाद, फोकिना शंघाई से एक बड़ी इनामी राशि लेकर लौटेंगे। विजेता को 1,151,380 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली, जबकि उपविजेता को 612,340 अमेरिकी डॉलर मिली। अब वह लगातार 10 मैच जीतने के शानदार फॉर्म के साथ यूरोपीय इनडोर सीजन में उतरेंगे।

फाइनल में हमवतन जोडार को हराया

मिडलर और ओबरलीटनर ने जीता डबल्स का खिताब



ऑस्ट्रियाई जोड़ी लुकास मिडलर/नील ओबरलीट्नर ने रविवार को फ्रांसिस्को कैब्राल और जेजे ट्रेसी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए शंघाई मास्टर्स डबल्स का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रिया की इस जोड़ी ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बगैर कोई सेट गंवाए सभी पांच मैच अपने नाम किए। किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरीना में खेले गए इस मुकाबले में, मिडलर और ओबरलीट्नर ने 66 मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने हर सेट में एक-एक बार अपने विरोधियों की सर्विस ब्रेक की। इसके अलावा, मिडलर और ओबरलीट्नर मास्टर्स 1000 सीरीज (जो 1990 में शुरू हुई थी) में खिताब जीतने वाली पहली पूरी तरह से ऑस्ट्रियाई जोड़ी बन गई है। शंघाई में मिली यह सफलता उनके साथ खेले गए केवल दूसरे टूर्नामेंट में ही हासिल हुई। फाइनल मैच में ऑस्ट्रियाई खिलाड़ियों की सर्विस भी बहुत असरदार रही; उन्होंने कैब्राल और ट्रेसी को अपनी सर्विस तोड़ने का कोई मौका नहीं दिया। एटीपी के आंकड़ों के अनुसार, मिडलर और ओबरलीट्नर ने अपनी पहली सर्विस पर 96 प्रतिशत अंक जीते। पुर्तगाली-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ अपने पहले एटीपी हेड-टू-हेड मुकाबले में, उन्हें एक बार भी 'ब्रेक प्वाइंट' का सामना नहीं करना पड़ा।

खबर संक्षेप

मलेशिया जूनियर स्क्वाशः सुब्रमणि ने जीता अंडर-17 का खिताब



कुआलालंपुर। भारत के लोकेश सुब्रमणि ने फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी मुहम्मद इफ्वात जुल्किफ्ली को सीधे गेम में हराकर मलेशिया स्क्वाश जूनियर ओपन में लड़कों के अंडर-17 वर्ग का खिताब जीत लिया। दूसरे वरीय लोकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-2, 11-8 से शिकस्त दी। भारत की आद्या बुधिया ने लड़कियों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दिव्यांशी जैन (लड़कियों के अंडर-13 वर्ग), अविशा अग्रवाल (लड़कियों के अंडर-11 वर्ग) और श्रविन जैन (लड़कों के अंडर-19 वर्ग) ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

डीपी वर्ल्ड इंडिया के चैंपियन बने चाकारा



नई दिल्ली। स्पेन के गोल्फर यूजीनियो चाकारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को दो शॉट के अंतर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय खिलाड़ियों में अनिर्बान लाहिड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे। चाकारा के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में रविवार का दिन काफी व्यस्त रहा। खराब मौसम से प्रभावित इस टूर्नामेंट के अंतिम दिन उन्होंने 25 होल खेले। उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और इस सत्र का अपना तीसरा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीतकर रेस टू दुबई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने अंतिम राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर 21 अंडर 267 के साथ खिताब अपने नाम किया।

लामिन यमाल का दमदार प्रदर्शन बार्सिलोना का विजय अभियान जारी

बार्सिलोना। लामिन यमाल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियाल बेटिस को 5-2 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। इस जीत से बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले अपना आत्मविश्वास भी बढ़ाया। पीएसजी ने भी फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग में स्ट्रासबर्ग को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि इंग्लिश प्रीमियर लीग में दबाव का सामना कर रहे मैनचेस्टर सिटी ने अपना विजय अभियान जारी रखा।यमाल ने मुकाबले में सबसे शानदार गोलों में से एक दागा। हालांकि, बाद में विपक्षी खिलाड़ी से भिड़ंत के कारण उन्हें पीला कार्ड दिखाया गया।

मेस्सी का फिर चला जादू, दागे शानदार 2 गोल

एजेंसी ▶▶ अटलांटा

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दो गोल और एक असिस्ट की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मुकाबले में अटलांटा यूनाइटेड को 3-1 से हरा दिया।

■ मेजर लीग सॉकर : इंटर मियामी ने अटलांटा यूनाइटेड को हराया

मेस्सी ने दोनों गोल करने से पहले टीम के शुरुआती गोल का मौका भी बनाया। पहले हाफ के आखिरी क्षणों में जर्मन बेर्टेरामे ने मेस्सी और लुईस सुआरेज की मदद से गोल कर इंटर मियामी का खाता खोला। एमएलएस में अपने शुरुआती 26 मुकाबलों में बेर्टेरामे का यह नौवां गोल था। मेस्सी ने इसके बाद 56वें और 60वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त 3-0 कर दी। दोनों गोल में बेर्टेरामे ने मदद की अहम भूमिका रही, जबकि मेस्सी के दूसरे गोल में सुआरेज का भी योगदान रहा।



विश्व मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप

एकता ने रचा इतिहास जीते तीन स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की एकता बिश्नोई ने अमेरिका में आयोजित विश्व मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका है जब इस चैंपियनशिप के 'मास्टर्स-2' वर्ग में किसी भारतीय महिला पावरलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता है।

भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी एकता के लिए सरकारी जिम्मेदारियों के साथ खेल में सक्रिय रहना आसान नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल की। एकता के कोच सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने एकता को वैज्ञानिक और परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण दिया था। प्रतियोगिता के लिए सुनील कुमार को अमेरिका का वीजा नहीं मिल सका। इसके बावजूद एकता ने वीडियो कॉल और टीम अधिकारी बिनु इब्राहिम के माध्यम से उनके मार्गदर्शन में अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया और ऐतिहासिक सफलता हासिल की। एकता ने कुल 362.5 किलोग्राम वजन उठाकर जापान और कनाडा की खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया। नॉर्थ सिडनी ओवल के मैदान पर न्यूजीलैंड से मिले 163 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 18.5 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वोल बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। हालांकि, इसके बाद बेथ मूनी और एलिसा पेरी ने मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 86 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। मूनी ने 25 गेंदों में 6 चौके की मदद से 38 रन बनाए। वहीं, पेरी ने 30 गेंदों का सामना करते हुए 52 रनों की आतिशी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान पेरी ने 9 चौके लगाए। न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए, जबकि रोजमेरी और कप्तान अमेलिया केर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।



बांग्लादेश टी20 टीम की नई कप्तान बनीं नाहिदा

ढाका। बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर को बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की नई टी20 इंटरनेशनल कप्तान नियुक्त किया गया है। नाहिदा,विकेटकीपर-बल्लेबाज निगार सुल्ताना की जगह लेंगी, जिन्होंने एशियन गेम्स 2026 के बाद यह पद छोड़ दिया था। शोभना मोस्तरी को टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड महिला विंग के चेयरमैन रफीकुल इस्लाम ने कहा, हमने चयन पैनल के सदस्यों और अन्य लोगों के साथ चर्चा की और टी20 इंटरनेशनल कप्तानी नाहिदा को सौंपने का फैसला किया। शोभना मोस्तरी उनकी डिप्टी (उप-कप्तान) होंगी। उन्होंने कहा, नाहिदा काफी लंबे समय से उप-कप्तान रही हैं और अब हमें लगता है कि उन्हें हमारी टी20 इंटरनेशनल टीम की जिम्मेदारी सौंपने का सही समय आ गया है।





वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन : अलेमु बनीं महिला चैंपियन

मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में जीता खिताब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कीनिया के चार्ल्स मटाटा ने नया कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पुरुष एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु महिला वर्ग की चैंपियन बनीं। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर इस प्रतिष्ठित दौड़ में करीब 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया।

मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में दौड़ पूरी कर वर्ष 2020 में इथियोपिया के अमेदेवोर्के वालेलेग्न के बनाए 58 मिनट 53 सेकंड के रिकॉर्ड को एक सेकंड से पीछे छोड़ दिया। यह मटाटा का हाफ मैराथन में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। उन्होंने इसी साल मई में बनाए गए 59 मिनट 15 सेकंड के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ समय को पीछे छोड़ दिया।

नया रिकॉर्ड बनाने में मिली मदद

मटाटा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं पूरी तैयारी के साथ दिल्ली आया था और अपनी फिटनेस भी बरकरार रखी थी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि मैं 59 मिनट के अंदर दौड़ पूरी करूंगा, लेकिन मौसम अनुकूल रहने और 2023 में इस कोर्स पर दौड़ने के अनुभव से मुझे और बेहतर प्रदर्शन करने तथा नया कोर्स रिकॉर्ड बनाने में मदद मिली। मेरा मानना है कि इंसान के लिए कुछ भी असंभव नहीं है और मैं खुद को आगे भी बेहतर करने के लिए चुनौती देने को तैयार हूं।

विजेता को 27,000 डॉलर की पुरस्कार राशि

मटाटा का नया कोर्स रिकॉर्ड बनाना इसलिए भी खास रहा, क्योंकि दौड़ के दौरान करीब 90 प्रतिशत आर्द्रता और 21 डिग्री सेल्सियस तापमान लंबी दूरी की दौड़ के लिए अनुकूल नहीं था। वह इससे पहले 2023 के सत्र में एक घंटा पांच सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस उपलब्धि के लिए उन्हें विजेता की 27,000 डॉलर (करीब 25.64 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि के अलावा रिकॉर्ड तोड़ने पर 12,000 डॉलर (करीब 11.40 लाख रुपए) अतिरिक्त मिलेंगे।

अलेमु ने 1 घंटा 6 मिनट 35 सेकंड में दौड़ की पूरी



महिला एलीट वर्ग में इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु ने एक घंटा छह मिनट 35 सेकंड में दौड़ पूरी कर खिताब जीता। कीनिया की सेलाह बुसिनेई एक घंटा सात मिनट एक सेकंड के समय के साथ दूसरे और सिंथिया चेलंगाट चेपक्वोनी एक घंटा सात मिनट 32 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरे स्थान पर रहीं। अलेमु ने कहा, 'मैं अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। मैंने शुरुआत से ही मजबूत दौड़ लगाई और पूरी रेस के दौरान अपनी गति बनाए रखी। यह मेरी दूसरी अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन है और मैंने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में लगभग दो मिनट का सुधार किया है। इससे मुझे बहुत खुशी हुई है।'



नवरात्रि का पर्व देता है समाज में एकता और सद्भाव का संदेश: डॉ. मोहन

विशाल चुनरी यात्रा में शामिल हुए सीएम प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि के पावन पर्व पर इंदौर में रविवार को भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रसिद्ध बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल चुनरी यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई एरोड्रम स्थित बिजासन माता मंदिर पहुंची । यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता की। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और स्वागत के माध्यम से यात्रा का अभिनंदन किया।

डॉ. यादव ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, वैभव और आनंद लेकर आए। मां के आशीर्वाद से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों तथा प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली का वातावरण बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का महापर्व हमें मां दुर्गा की आराधना के साथ जीवन में शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की प्रेरणा देता है। मां की कृपा सभी पर बनी रहे और आने वाले दशहरे और दीपावली के पर्व सभी के जीवन में खुशियां लेकर आएं।

बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा



धार्मिक आयोजन की समाज एकजुट को करने में महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चुनरी यात्रा के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चुनरी यात्रा के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों,जातियों और पंथों के लोगों को एक साथ आने का अवसर मिलता है।

आदर्श विद्यालयों से ही नई पीढ़ी संस्कारित होगी: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदर्श विद्यालयों से ही नई पीढ़ी संस्कारित होगी। शिक्षा के नए प्रकल्पों की शुरुआत इस दिशा में एक शुभ संकेत है। विद्यालय व्यक्तिगत मान अपमान के लिए नहीं होते है। यहां पर सब लोग एक समान रुप में शिक्षा ग्रहण करते है। गुरु सांदीपनि की परंपरा का निर्वहन करते हुए उज्जैन से कृष्ण और सुदामा की नई पीढ़ी निकलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन के जियापुरा में विद्या भारती की मानव बाल कल्याण समिति (विद्याभारती) के की ओर से निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय महाकालपुरम प्रकल्प के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में महाअष्टमी के दिन शिक्षा के एक नए चरण की शुरुआत हो रही है।

मानव बाल कल्याण समिति के महाकालपुरम प्रकल्प का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदर्श विद्यालयों से ही नई पीढ़ी संस्कारित होगी। शिक्षा के नए प्रकल्पों की शुरुआत इस दिशा में एक शुभ संकेत है। गुरु सांदीपनि की परंपरा का निर्वहन करते हुए उज्जैन से कृष्ण और सुदामा की नई पीढ़ी निकलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन के जियापुरा में विद्या भारती की मानव बाल कल्याण समिति (विद्याभारती) के की ओर से निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय महाकालपुरम प्रकल्प के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 50 हजार की साइबर ठगी

भोपाल। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के चक्कर में एक दुकानदार साइबर ठगी का शिकार हो गया।

- इंडसइंड बैंक का एप बताकर भेजा लिंक

जालसाजों ने बैंक की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर उसे फर्जी लिंक भेजा। लिंक पर कार्ड की जानकारी भरते ही खाते से 50 हजार रुपए कट गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने अनुसार, मंगलवारा थाना क्षेत्र के इतवारा रोड निवासी इम्तियाज अंसारी (41) की छावनी रोड स्थित अंसारी मार्केट में दरवाजे बनाने और बेचने की दुकान है। उनके पास इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 13 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात लड़की का फोन आया। उसने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कही। इम्तियाज ने सहमति दी तो युवती ने उन्हें बैंक के एप के नाम पर एक लिंक भेजा। लिंक खोलकर कार्ड की जानकारी भरते ही 50 हजार रुपए के भुगतान का मैसेज आ गया। कुछ सेकंड बाद बैंक से फोन आया और भुगतान की पुष्टि की गई। इम्तियाज ने भुगतान करने से इनकार किया, जिसके बाद बैंक ने कार्ड ब्लॉक कर दिया। पीड़ित ने 1930 हेल्पलाइन और साइबर ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बावजूद उन्हें क्रेडिट कार्ड के आधिकारिक खाते से 50 हजार रुपए जमा करने के मैसेज मिल रहे हैं।

जब्त पौधों की अनुमानित कीमत 5 करोड़ 89 लाख रुपए

नीमच और धार में अवैध गांजे की खेती 34 क्विंटल से अधिक गांजे के पौधे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खेती, तस्करी एवं कारोबार के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में नीमच एवं धार जिलों में पुलिस ने आठ खेतों में की जा रही गांजे की अवैध खेती का पदार्फाश किया। कार्रवाई के दौरान 34 क्विंटल गांजे के 52 हजार से अधिक हरे पौधे जब्त किए है। जब्त मादक पदार्थों का अनुमानित मूल्य 5 करोड़ 89 लाख 49 हजार रुपए है। दोनों जिलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल आठ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

नीमचः चार खेतों से 2 करोड़ 79 लाख रुपए के गांजे के हरे पौधे जब्त

नीमच जिले में पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन में 16 अक्टूबर को थाना कुकड़ेश्वर, मनासा एवं रामपुरा के पुलिस बल की चार संयुक्त टीमों ने ड्रोन की सहायता से संदिग्ध क्षेत्रों की हवाई निगरानी की तथा मौके पर पहुंचकर भौतिक रूप से सघन सर्चिंग की। इस दौरान चार अलग-अलग खेतों में पत्थरों की ऊंची घेराबंदी एवं मक्का की फसल की आड़ में गांजे की अवैध खेती किए जाने का पता चला। पुलिस टीमों ने मौके पर कार्रवाई करते हुए 51 हजार हरे गांजे के पौधे, जिनका कुल वजन 27.95 क्विंटल है, जब्त किए। इनकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 79 लाख 50 हजार रुपए है।

धारः चार खेतों से 3 करोड़ रुपए से अधिक के गांजे के पौधे जब्त

जिले में पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के तहत मनावर पुलिस ने ग्राम बोहारला, चौकी उमरबन क्षेत्र में 16 अक्टूबर को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर तीन पुलिस टीमों ने एक साथ अलग-अलग खेतों में कार्रवाई कर कपास एवं तुअर की फसल के बीच उगाए जा रहे 1,223 हरे गांजे के पौधे, जिनका वजन 1,621.98 किलोग्राम हैं, जब्त किए। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ 43 लाख रुपए है। धार जिले में एक अन्य कार्रवाई में थाना बाग एवं पुलिस चौकी डेहरी की टीम ने ग्राम कनेरी के बैकल्यापुरा स्थित खेत में गांजे की अवैध खेती का पर्दाफाश किया।

पुलिस ने दे'र दो अन्य बदमाशों को भी भेजा जेल, एक पर आठ मामले दर्ज

मारपीट और ऑटो में तोड़फोड़ करने वाला बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने पुरानी रंजिश में घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट और बाहर खड़े ऑटो में तोड़फोड़ करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, देर रात क्षेत्र में हंगामा कर गदर करने वाले दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी विनोद के खिलाफ अलग-अलग थानों में पहले से आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, 28 सितंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे रामाधार मालवीय के घर पर पुरानी रंजिश को लेकर विनोद लोधी, चेतन लोधी, राहुल और उनके अन्य साथी पहुंचे थे। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े ऑटो में तोड़फोड़ की। इसके बाद घर में घुसकर रामाधर और उनके परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और घर में भी तोड़फोड़ की। इस मामले में फरार चल रहे विनोद लोधी (30), निवासी ग्रीन सिटी कॉलोनी, सूखी सेवनिया को गिरफ्तार किया गया। शनिवार देर रात हंगामा करने में बब्लू लोधी (22), निवासी शंकर खदान, अयोध्यानगर, अनिरुद्ध गौर (24), निवासी भवानी धाम फेस-1, नरेला शंकरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; K S Honda - 9074414163; Dhuadhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BHIND:** Bhagawati Moto Honda - 9238112718; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930